kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-75 ❒ बुधवार, 15 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



महिला आरक्षण विधेयक समय की आवश्यकता है। यह हमारी नारी शक्ति का उचित अधिकार है कि वे नीति निर्माण में योगदान दें और राष्ट्र को सशक्त बनाएं। मोदी सरकार इस विधेयक को लाने और लागू करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अमित शाह

कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में भी मजबूत क्लिनिकल आधार जरूरी 11
अंबेडकर समानता और सामाजिक न्याय के दृढ़ समर्थक रहे : विजेंद्र गुप्ता 12

## संक्षेप

### सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना अनिवार्य : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा है कि अगर सेवा नियमों में अनुभव, योग्यता या वरिष्ठता के आधार पर छूट का प्रावधान है, तो किसी कर्मचारी को केवल डिग्री न होने की वजह से प्रमोशन से वंचित नहीं किया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसमें एक सहकारी समिति के कर्मचारी को पदोन्नति देने से इनकार कर दिया गया था। न्यायालय ने माना कि जब अन्य कर्मचारियों को समान छूट दी गई, तो इस मामले में शैक्षिक योग्यता में रियायत न देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि 'भेदभाव अन्याय का ही दूसरा नाम है।

### वेदांता पावर प्लांट में 11 की मौत

**सक्ती।** सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जब प्लांट के भीतर बॉयलर फटने से जोरदार विस्फोट हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस घटना में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो, जबकि 11 लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि हादसा दोपहर करीब 2 बजे हुआ, जब प्लांट में नियमित कार्य चल रहा था। अचानक हुए विस्फोट से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। घटना के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है, जहां उनका इलाज जारी है। कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। हालांकि, प्रशासन की ओर से बयान आना बाकी है।

### मोदी और ट्रंप ने पश्चिम एशिया पर की स्थिति पर चर्चा की

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ फोन पर द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पश्चिम एशिया की स्थिति और विशेष रूप से हार्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री जहाज़ों के सुरक्षित आवागमन के बारे में चर्चा की। श्री ट्रंप के साथ बातचीत के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी बातचीत हुई। श्री मोदी ने कहा, मुझे मेरे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फ़ोन आया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की। हम सभी क्षेत्रों में अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और होर्मुज़ जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर दिया।

# सड़क, रेलवे, अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर देश की 'भाग्य रेखाएं' : मोदी

## दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे समृद्धि की गारंटी, उत्तराखंड के विकास को मिलेंगे नये आयाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करते हुए कहा कि सड़क, रेलवे और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर देश की 'भाग्य रेखाएं' होती हैं और बीते एक दशक में भारत इनका व्यापक निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड के विकास को नई गति देने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के कई शहरों के लिए भी लाभकारी साबित होगी।

प्रधानमंत्री ने देहरादून में उद्घघाटन समारोह में कहा कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस अवसर पर दिल्लीऽदेहरादून एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन राज्य की प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने अपने पूर्व कथन को दोहराते हुए कहा कि यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा और 'डबल इंजन' सरकार की नीतियों तथा राज्य के लोगों के परिश्रम से यह संभव होता दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि यह आर्थिक गलियारा उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, बागपत, बड़ौत, शामली और सहारनपुर जैसे शहरों से होकर गुजरता है, जिससे इन क्षेत्रों को भी व्यापक लाभ मिलेगा। पर्यटन के दृष्टिकोण से इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम यात्रा को नई गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर को राष्ट्र के भविष्य से जोड़ते हुए कहा कि जैसे लोग हाथ की रेखाओं से भविष्य देखते हैं, वैसे ही किसी राष्ट्र की भाग्य रेखाएं उसकी सड़कें, हाई-वे, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज होती हैं। उन्होंने कहा कि ये केवल वर्तमान की सुविधाएं नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की समृद्धि की गारंटी हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 तक देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर सालाना खर्च 2 लाख करोड़ रुपये से कम था, जो अब बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उत्तराखंड में ही सवा दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर काम जारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले जहां गांवों में सड़कों के लिए पीढ़ियों तक इंतजार करना पड़ता था, वहीं अब सड़कें गांव-गांव तक पहुंच रही हैं और पलायन से खाली हुए गांव फिर से आबाद हो रहे हैं। दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के लाभ गिनाते हुए उन्होंने कहा कि इससे यात्रा समय छह घंटे से घटकर लगभग ढाई घंटे रह जाएगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि ईंधन की खपत कम होगी और परिवहन लागत भी घटेगी। करीब 12,000 करोड़ रुपये की लागत से बने इस प्रोजेक्ट ने हजारों लोगों को रोजगार भी प्रदान किया है और किसानों की उपज तेजी से बाजारों तक पहुंच सकेगी। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देते हुए कहा कि देवभूमि की पवित्रता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यटकों और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्राकृतिक स्थलों को स्वच्छ रखें और प्लास्टिक तथा कचरे से इन क्षेत्रों को प्रदूषित न करें। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होना है, जिसे दिव्य, भव्य और स्वच्छ बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी सरकार संविधान की भावना को सशक्त करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद पूरे देश में एक संविधान लागू हुआ है और कई नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी अब शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का भी विशेष रूप से उल्लेख किया और सभी राजनीतिक दलों से अधिनियम में संशोधन का समर्थन करने की अपील दोहराई। उन्होंने कहा कि चार दशकों के इंतजार के बाद संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तय हो गया है। सभी दलों ने आगे आकर इस महत्वपूर्ण कानून को समर्थन दिया। महिलाओं को जो यह हक मिला है, इस हक को लागू होने में देरी नहीं होनी चाहिए। अब यह लागू होना चाहिए। 2029 में लोकसभा के चुनाव होंगे और उसके बाद विधानसभा के भी चुनाव आते रहेंगे। 2029 से पहले ● शेष पेज 11 पर

## कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को मिलेगी नई गति : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



❒ पश्चिम यूपी के लिए गेमचेंजर होगा दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

❒ प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक होगी पहुंच

लखनऊ/सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर बताते हुए कहा कि अब सहारनपुर से दिल्ली व देहरादून की दूरी काफी कम समय में पूरी की जा सकेगी। सीएम ने कॉरिडोर के लोकार्पण को प्रदेश के विकास का ऐतिहासिक क्षण बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि सहारनपुर के वुडवर्क, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स और क्षेत्रीय किसानों के उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी से होते हुए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह परियोजना क्षेत्र में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करते हुए 'डबल इंजन' सरकार की विकास दृष्टि को साकार करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कर-कमलों से दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून कॉरिडोर का लोकार्पण होना प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले सभी जनपदवासियों को बधाई देते हुए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व एनएचएआई के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के बन जाने से सहारनपुर से दिल्ली व देहरादून तक का सफर तेजी से पूरा किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉरिडोर के माध्यम से सहारनपुर के वुडवर्क समेत शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ व बागपत में बनने वाले विभिन्न उत्पादों को नया प्रोत्साहन मिलेगा। जैसे मेरठ स्पोर्ट्स गुड्स निर्माण का केंद्र है, यह क्षेत्र मेहनती अन्नदाता किसानों का है। सरकार इस क्षेत्र में गन्ना, फल-सब्जी व विभिन्न खाद्यान्न ● शेष पेज 11 पर

## सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री, आज लेंगे शपथ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार की राजनीति में 14 अप्रैल 2026 एक ऐतिहासिक दिन के रूप में दर्ज हो गया है। करीब दो दशकों तक सत्ता में रहे नीतीश कुमार के इस्तीफ़े के साथ 'नीतीश युग' का अंत हो गया है और अब सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में उभरकर सामने आए हैं। उन्हें मंगलवार शाम चार बजे भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया। राजग की बैठक के बाद इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। उनका शपथग्रहण समारोह 15 अप्रैल को लोकभवन में होगा।

यह बदलाव बिहार की राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत माना जा रहा है। कभी लालू प्रसाद यादव की राजनीति से जुड़े रहे सम्राट चौधरी आज भाजपा के सबसे भरोसेमंद चेहरों में शामिल हो चुके हैं और सत्ता के शीर्ष तक पहुंच गए हैं।

सम्राट चौधरी का जन्म 16 नवंबर 1968 को मुंगेर जिले के लखनपुर गांव में हुआ था। राजनीति उन्हें विरासत में मिली। उनके पिता शकुनी चौधरी समता पार्टी के संस्थापकों में रहे और सात बार विधायक व सांसद रह चुके हैं। उनकी माता पार्वती देवी भी विधायक रह चुकी हैं। सम्राट चौधरी ने 1990 के दशक में सक्रिय राजनीति की शुरुआत लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में की। ● शेष पेज 11 पर

## जंग से 25 लाख करोड़ का नुकसान हुआ : ईरान

**एजेंसी**

❒ अमेरिका भरपाई करे, यूरेनियम एनरिचमेंट का अधिकार भी दो, तभी समझौता संभव

❒ कतर बोला- होर्मुज संकट से पहले सीजफायर पर ध्यान देना जरूरी

❒ इजराइल-लेबनान वार्ता में सीजफायर सबसे बड़ा मुद्दा

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन। ईरान का दावा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से उसे अब तक करीब 270 अरब डॉलर (25 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। ईरान सरकार के प्रवक्ता फातेमेह मोहाजेरानी ने बताया कि यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है।

उन्होंने कहा कि ईरान की तरफ से बातचीत करने वाली टीम इस मुद्दे को भी उठा रही है। इस्लामाबाद में हुई सीजफायर वार्ता में भी इस नुकसान की भरपाई की मांग की गई थी। ईरान ने साफ किया है कि वह शांति के लिए तैयार है, लेकिन उसकी कुछ शर्तें हैं। ईरान चाहता है कि उसे यूरेनियम एनरिचमेंट का अधिकार मिले, उस पर लगे सभी प्रतिबंध हटाए जाएं और युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई की जाए। वहीं खबर है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर इस हफ्ते फिर से बैठक हो सकती है। इस्लामाबाद और जेनेवा को संभावित जगह माना जा रहा है, लेकिन अभी कुछ तय नहीं हुआ है। इससे पहले 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में हुई बैठक बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई थी। फ्रांस और ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षा के लिए शुक्रवार को एक ऑनलाइन बैठक करेंगे। इसमें उन देशों को बुलाया गया है जो इसमें मदद करना चाहते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर इस बैठक की अगुवाई करेंगे। इसमें इस पर बात होगी कि हालात ठीक होने पर जहाजों को इस रास्ते से सुरक्षित कैसे निकाला जाए। दोनों देश पहले से ऐसी योजना बना रहे हैं, जिसमें तेल के टैंकर और बड़े जहाजों को सुरक्षा के साथ गुजरने में मदद दी जाएगी। कतर ने कहा है कि अभी होर्मुज संकट के हल पर बात करना जल्दबाजी होगी, सबसे पहले सीजफायर पर ● शेष पेज 11 पर

### अमेरिका-ईरान वार्ता में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अब गेंद ईरान के पाले में: जेडी वेंस



**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दावा किया है कि शांति वार्ता के दौरान अमेरिका और ईरान ने काफी प्रगति की है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने से इनकार करता है, तो शांति वार्ता का स्वरूप बदल जाएगा। श्री वेंस ने फॉक्स न्यूज से कहा, ''मैं सिर्फ यह नहीं कहूंगा कि चीजें गलत हुईं। मुझे यह भी लगता है कि चीजें सही रही हैं। हमने काफी प्रगति की है।'' ईरान के साथ आगे की बातचीत की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अब गेंद ईरान के पाले में है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने होर्मुज ● शेष पेज 11 पर

## राजस्व रिकॉर्ड पूरी तरह डिजिटल, ऑनलाइन मिलेंगी प्रमाणित कॉपियां

लखनऊ। जिले में जमीन-जायदाद के कागजात और राजस्व रिकॉर्ड प्राप्त करने की दशकों पुरानी व्यवस्था अब इतिहास बनने जा रही है। सभी पांच तहसीलों के रिकॉर्ड को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। अब नागरिकों को खतौनी या बंदोबस्त अभिलेखों के लिए कलेक्ट्रेट या तहसील के दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जिलाधिकारी विशाख जी ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। प्रशासन ने जिले की पांचों तहसीलों, सदर, मलिहाबाद, मोहनलालगंज, बीकेटी और सरोजनीनगर के अंतर्गत आने वाले सभी सात परगनाओं (लखनऊ, मलिहाबाद, मोहनलालगंज, निगोहां, महोना, बिजनौर और काकोरी) के कुल 898 गांवों का डेटा डिजिटल कर दिया है। कुल 22,51,696 (22.51 लाख) रिकॉर्ड्स को स्कैन और डिजिटाइज किया गया है, जिनमें खतौनी, अधिकार अभिलेख, बंदोबस्त अभिलेख और चकबंदी रिकॉर्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। अब 15 अप्रैल से सभी प्रकार के राजस्व अभिलेखों की ● शेष पेज 11 पर

## स्टेट गेस्ट हाउस में महिलाओं के साथ बर्बर व्यवहार कर सपा ने दिखाया वास्तविक चरित्र: योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

### योगी बोले

❒ डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने सपा व कांग्रेस को आड़े हाथ लिया

❒ सीएम ने किया स्मारिका का विमोचन और 75 जनपदों में स्थापित बाबा साहेब की 75 मूर्तियों के सौंदर्गीकरण व संरक्षण कार्य का वर्चुअल शुभारंभ

❒ मुख्यमंत्री ने समाज को बांटने वाली ताकतों से पूछा, जब बांग्लादेश में दलित नौजवान को जलाया जा रहा था तब क्यों सिल गया था मुंह



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने स्टेट गेस्ट हाउस में महिलाओं के साथ बर्बर व्यवहार कर अपना वास्तविक चरित्र दिखाया था। कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव से वंचित रखने का प्रयास किया। उन्हें भारत रत्न न मिले, इसके लिए षडयंत्र रचे। कांग्रेस आज भले ही संविधान की प्रति लेकर घूम रही है, लेकिन उसकी असलियत को समझने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को डॉ. आंबेडकर महासभा कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्मारिका का विमोचन किया और 75 जनपदों में स्थापित बाबा साहेब की 75 मूर्तियों के सौंदर्यीकरण व संरक्षण कार्य का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके पहले सीएम योगी ने हजरतगंज चौक स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा, दलितों के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले गिनाएं कि बाबा साहेब के नाम पर उन्होंने क्या किया और उनके दर्शन से क्या प्रेरणा ली? सब जानते हैं कि कौन मुख्यमंत्री बनने पर दलित महापुरुषों के स्मारक तोड़ने की धमकी देता था। कड़वा-कड़वा थू, मीठा-मीठा गप, नहीं चलेगा और समाज यह स्वीकार भी नहीं करेगा, क्योंकि समाज असलियत जानता है। जाति के नाम पर समाज को बांटने वाली ताकतें बताएं कि जब बांग्लादेश में दलित नौजवान को जलाया जा रहा था तो उनका मुंह क्यों सिला था। बाबा साहेब ने दिखाई थी न्याय की रोशनीमुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने, दलितों, वंचितों, गरीबों को न्याय प्रदान करने के लिए समर्पित था। हर दलित-वंचित, गरीब, महिला जब न्याय की अपेक्षा रखती है और उसे जो रोशनी दिखाई देती है, वह रोशनी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने ही दिखाई थी। बाबा साहेब का जो प्रकाश फैला है, उसे हड़पने के लिए कुछ स्वार्थी ताकतें फिर से उनके नाम का स्मरण करने का नाटक कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए। इन्होंने दलितों, वंचितों, गरीबों की पीड़ा कभी नहीं देखी। कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब के नाम पर हो, इसके लिए मंत्री असीम अरुण ने मेरा कार्यक्रम लगाकर वहां घोषणा करवाई। बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर यूपी सरकार ने बड़े कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। पहले चरण में सभी 75 ● शेष पेज 11 पर

## नोएडा में मंगलवार को भी श्रमिकों का बवाल जारी, कई जगह उग्र प्रदर्शन



**एजेंसी**

नोएडा। जिला गौतमबुद्ध नगर में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कई दिनों से चल रहा श्रमिकों का आंदोलन उग्र होता जा रहा है।मंगलवार 6वें दिन श्रमिकों ने नोएडा के कई इलाकों में पथराव और तोड़फोड़ कर बवाल किया। इसके साथ ही कई औद्योगिक इलाकों में फैक्टरियों के बाहर मजदूर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। तनाव के बीच तमाम औद्योगिक इकाइयों में कामकाज ठप है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दी गई राहत के बाद भी श्रमिकों का उग्र प्रदर्शन खत्म नहीं हो रहा है। इसके चलते नोएडा व ग्रेटर नोएडा के 80 प्रतिशत कंपनियां आज बंद रही हैं। श्रमिकों के आंदोलन के चलते उद्योगपति फैक्टरी या कंपनी खोलने से घबरा रहे हैं। आज भी कई जगहों पर श्रमिक हिंसक हो उठे। सेक्टर 70 में ● शेष पेज 11 पर

### एक अप्रैल से लागू हुई नई दरें, 21 प्रतिशत तक बढ़ा न्यूनतम वेतन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर नोएडा और गाजियाबाद के श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में अंतरिम वृद्धि कर दी गई है। नई दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गई हैं।
इस निर्णय के तहत अकुशल, अर्धकुशल और कुशल श्रमिकों के वेतन में करीब 3000 तक की बढ़ोतरी की गई है। औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि हालिया घटनाक्रमों की समीक्षा के बाद सरकार ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए यह फैसला लिया है, जिससे श्रमिकों को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि 20,000 मासिक न्यूनतम वेतन लागू होने की खबरें पूरी तरह भ्रामक और ● शेष पेज 11 पर

# सत्ता पर 'सामंती व जातिवादी सोच हावी होने के कारण संविधान अपने उद्द्देश्य प्राप्त करने में रहा असफल : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज सुबह लखनऊ स्थित बसपा केंद्रीय कैंप कार्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि करके उन्हें श्रद्धांजलि दी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की सत्ता में 'सामंती और जातिवादी' सोच एवं शोषणकारी तत्वों के लगातार हावी रहने के कारण बाबा साहेब का सर्वजन हितैषी संविधान अपने उदृेश्यों को प्राप्त करने में सफल नहीं हो पा रहा है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि समस्या के निदान के लिए देश व राज्यों में भी बाबा साहेब की 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' नीति व सिद्धांत वाली उनकी पार्टी बसपा की सरकार बनना जरूरी है। मायावती ने कहा कि देश में ऐसा संविधान होने के बावजूद भारत अभी तक आत्मनिर्भर व विकसित देश बनकर यहां के करोड़ों बहुजनों, जातिवादी द्वेष व जुल्म ज्यादती से मुक्त, समता और न्याय युक्त जीवन क्यों नहीं दे पाया। इसक जवाब ढूंढने पर देश में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का 'सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति' का कारवां चुनावी सफलता हासिल करके अपनी मंजिल की ओर जरूर बढ़ेगा। बसपा प्रमुख ने आगे कहा कि जनता में हर दुख को सह लेने की शक्ति होने का यह मतलब नहीं है कि सरकारें उन्हें गरीबी,व पिछड़ेपन आदि की अंधी खाई से निकलने और उन्हें रोजी–रोटी व न्याय युक्त आत्मसम्मान का जीवन देकर ऊपर उठाने की अपनी संवैधानिक व कानूनी उत्तरदायित्यों को सही से ना निभायें, हालांकि यह जरूरी कार्य अम्बेडकरवादी पार्टी बसपा के राज में ही ज्यादातर संभव है। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित डा. भीमराव सामाजिक परिवर्तन स्थल पर पहुंचकर अम्बेडकर स्मारक में पहुंचकर अनुयायियों ने डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके लिए बसपा प्रमुख मायावती ने सभी का आभार प्रकट किया और यह यकीन दिलाया कि उनकी मेहनत यूपी में जरूर रंग लाएगी।

# बाबा साहब की सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रखेगी सपा: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर हजरतगंज चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। अखिलेश यादव ने बाबा साहब की सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रखने के लिए सपा की प्रतिबद्धता जताई।

मंगलवार को बाबा साहब को श्रद्धांजलि देने के बाद अखिलेश यादव ने यहां पत्रकारों से कहा कि संविधान बनाने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन है। उन्होंने समाज में दबे कुचले वर्ग के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संघर्ष और जीवनभर काम किया। उनकी सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लेते हुए हमें आगे बढ़ना है। यह हजारों साल के संघर्ष के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। अखिलेश ने संविधान को सम्मान और अधिकारों का आधार बताया।



अखिलेश यादव ने भाजपा पर संविधान बदलने की मंशा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूपी की जनता को संविधान बचाने के लिए धन्यवाद। संविधान कागज नहीं, लोहे की तलवार है। सपा अध्यक्ष ने संविधान को न्याय और सम्मान दिलाने वाला बताया। उन्होंने दलित-पिछड़ों पर भेदभाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों को आगे बढ़ाना होगा तभी समाज को जातीय भेदभाव, खासकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को दूर किया जा सकता है।

अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार में बाबा साहब की प्रतिमाएं तोड़े जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आएदिन प्रदेश में बाबा साहब की प्रतिमाएं तोड़े जाने और पोस्टर फाड़ने के मामले सामने आते हैं, लेकिन सरकार उन पर कोई एक्शन नहीं लेती है। अखिलेश यादव ने भावुक होते हुए बाबा साहब की मूर्ति खंडित करने वालों को चेतावनी दी। उन्होंने ये लोग न सिर्फ मूर्ति खंडित करते हैं बल्कि उनका संविधान भी नहीं मानते। शादी कार्यक्रम में घोड़ी नहीं चढ़ने देते, पानी पीने से रोकते हैं। ये लड़ाई लम्बी है और मजबूती से लड़ी जाएगी और सपा सरकार आने पर इस पर कम किया जाएगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, किसान के साथ अन्याय, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। इसलिए जनता से 2027 में भाजपा को प्रदेश से हटाने की अपील करता हूं। उन्होंने नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन और घटना को सरकार की नाकामी बताया।

## सेंट मैरिज स्कूल तरांव में अंबेडकर जयंती मनाई गई: पूर्व सांसद रीता जोशी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं



**(कोरांव), प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव क्षेत्र के तरांव गांव स्थित सेंट मैरिज स्कूल में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य फॉदर जॉर्ज मेडेपल्ली ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रीता बहुगुणा जोशी ने इस अवसर पर विद्यालय में एक इंटरैक्टिव पैनल का उद्घाटन भी किया। उन्होंने बाबा साहेब के समाज के प्रति योगदान और उनके विचारों को रेखांकित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, सिस्टर रोशनी, सिस्टर अर्पिता और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पथरताल फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया



**(कोरांव), प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जनपद के कोरांव तहसील क्षेत्र स्थित फायर स्टेशन पथरताल में 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्मृति दिवस परेड, भावभीनी श्रद्धांजलि और अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फायर स्टेशन कोरांव के प्रभारी राजकुमार यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रभारी राजकुमार यादव के साथ कई फायरमैन भी मौजूद रहे। इनमें धनंजय यादव, संतोष यादव, जितेंद्र खरवार, जयशंकर यादव, राम जी, अभिषेक यादव, यशवंत, अभिमन्यु चौहान, विजय चौहान, सुशील कुमार, अमित यादव और निरंजन यादव शामिल थे।

## नाबालिक ने किया सुसाइड

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एक नाबालिक ने सोमवार की शाम घर के अंदर कमरे में छत के पंखे से गमछे के सहारे लटक कर अपनी जान दे दी परिजनों को जब तक इस बात का पता चला उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक सुशांत गोल्फ सिटी के मांढर मऊ गांव में रहने वाले प्रमोद गुप्ता के प्रमोद गुप्ता के 17 वर्षीय बेटे प्रिंस गुप्ता ने ने पंखे से गमचे के सहारे लटक कर अपनी जान दे दी घटना के बाद जब वह काफी देर तक कमरे से नहीं निकला तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह लटका हुआ था घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची सुशांत गोल सिटी पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को नीचे उतरकर तलाशी ली उसके बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया पुलिस के मुताबिक मृतक गाड़ी बनाने का काम सीख रहा था परिजनों ने बताया कि उसे पढ़ाई में कोई दिलचस्प नहीं थी जिसके कारण वह पढ़ाई की जगह काम सीख रहा था शाम को जब घर लौटा तो परिजनों के से कुछ कहा सुनी हुई इसके बाद वह कमरे में जाकर सुसाइड कर लिया।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, 7–कालिदास मार्ग पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन ही एक सशक्त संदेश है। उन्होंने अपने संघर्ष, शिक्षा और संकल्प के बल पर समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के आदर्श और उनका जीवन दर्शन आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं, जिन्हें अपनाकर समाज में समता और न्याय की स्थापना की जा सकती है। श्री मौर्य ने कहा कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत एवं भारतीय संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बनाते हुए वंचितों, श्रमिकों और किसानों को अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके द्वारा स्थापित समता, न्याय और मानव गरिमा के सिद्धांत आज भी राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ बाबा साहब के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं: हरिश्चंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह की अध्यक्षता में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनंजय प्रताप सिंह (जिला अध्यक्ष, लखनऊ), शरद मिश्र ''सिंधु'' (प्रदेश उपाध्यक्ष), दिनेश सिंह (प्रदेश महासचिव), शरद सिंह ''शरद'' (प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा), कामिनी शर्मा (प्रदेश महासचिव), सुरभि टंडन (जिला महासचिव, लखनऊ), अरविंद कुमार शर्मा (प्रदेश महासचिव), विजय कुमार विश्वकर्मा (प्रदेश अध्यक्ष, ओबीसी सेल) सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने तथा



सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि,ल्लडॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक महान विधिवेत्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। आज हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता, शिक्षा और भाईचारे को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।इसी क्रम में जिला अध्यक्ष धनंजय प्रताप सिंह ने कहा कि, बाबा साहेब के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। समानता और न्याय की स्थापना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# वाराणसी मंडल में रोमांचक मुकाबले यांत्रिक व इंजीनियरिंग विभाग विजयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल क्रीड़ा स्थल पर आयोजित अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में 14 अप्रैल को खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

पहले मैच में रेल सुरक्षा बल ने 20 ओवर में 154 रन बनाए, जिसमें रामप्रवेश यादव ने 63 रनों की बेहतरीन पारी खेली। जवाब में यांत्रिक विभाग ने 157 रन बनाकर 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। सुजीत यादव की 57 रनों की विस्फोटक पारी निर्णायक साबित हुई और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में इंजीनियरिंग विभाग ने 266 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विजय (98 रन) और ऋषभ (91 रन) ने शानदार बल्लेबाजी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए कार्मिक विभाग 211 रन ही बना सका। इंजीनियरिंग विभाग ने 56 रन से मुकाबला जीत लिया। कार्मिक विभाग की ओर से अभिनव सिंह ने 104 रनों की शानदार पारी खेली। विजय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जोश और खेल भावना दर्शनीय रही।

## प्रयागराज में छत गिरने से मजदूर की मौत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज में मंगलवार को निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से एक मजदूर की मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस सूत्रों ने बताया कि लालगोपालगंज निवासी मुकर्रम अली का मकान निर्माणाधीन है। शटरिंग का कार्य प्रतापगढ़ जनपद निवासी गुलशन पाल को दिया गया था। मंगलवार दोपहर करीब चार बजे मकान पर छत डाली जा रही थी। उसी समय गुलशन पाल अपने साथियों के साथ फिटिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान बल्लियां खिसकने से गुलशन पाल और मुकेश पाल का संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर पड़े। इसके बाद छत का संतुलन भी बिगड़ गया और वह दोनों मजदूरों पर आ गिरी।

हादसे में गंभीर रूप से घायल गुलशन पाल को अस्पताल ले जाया जा रहा था, जहां रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। वहीं मुकेश पाल गंभीर रूप से घायल हैं और उनका उपचार स्वरूप रानी अस्पताल में चल रहा है।

# सामाजिक न्याय के पुरोधा थे अम्बेडकर : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मऊ। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर जनपद मऊ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने व्यापक रूप से प्रतिभाग करते हुए बाबा साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने जवाहिरपुर, रामपुर छतहरा, मारूखपुर, मर्यादपुर, तीनहरी, रसूलपुर, कांठतराव, सूरजपुर एवं सहरोज सहित अनेक गांवों में पहुंचकर स्थानीय जनसमूह के साथ इस ऐतिहासिक अवसर को साझा किया।

कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के महान पुरोधा थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अपने संपूर्ण जीवन को समाज के कमजोर, वंचित एवं शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया और एक ऐसे भारत की कल्पना की, जहां सभी को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो।उन्होंने आगे कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज में व्याप्त भेदभाव, असमानता एवं कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करें। मंत्री श्री शर्मा ने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं, क्योंकि बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है।



मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के कल्याण हेतु निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि ल्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासङ्क की भावना के साथ योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक बोझ का सामना नहीं करना पड़ता। इसके साथ ही ल्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओङ्क अभियान के जरिए बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से लागू कर प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा क्षेत्र के विकास से संबंधित विभिन्न मांगें मंत्री श्री शर्मा के समक्ष रखी गईं। मंत्री श्री शर्मा ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए अंबेडकर पार्क के निर्माण तथा पुस्तकालय की स्थापना का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के माध्यम से न केवल बाबा साहब के विचारों को स्थायी रूप से संरक्षित किया जा सकेगा, बल्कि युवाओं को शिक्षा और प्रेरणा का एक सशक्त केंद्र भी मिलेगा।

# सरकारी चकमार्ग पर अवैध कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है मै जांच करवाता हुआ कब्जा यदि पाया जाएगा तो मुक्त कराया जाएगा
>
> संदीप तिवारी
>
> उपजिलाधिकारी कोरांव

(कोरांव), प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव तहसील क्षेत्र में एक सरकारी चकमार्ग पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता राघव मुरारी शुक्ला ने मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन 1076 पर इसकी शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

पाठकपुर खीरी निवासी राघव मुरारी शुक्ला पुत्र राम लखन शुक्ला ने 8 अप्रैल 2026 को दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया कि उनकी जमीन से सटा चकमार्ग संख्या 805 है। इस पर लगभग पांच लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस कब्जे के कारण किसानों का रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। शुक्ला ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी कोरांव और मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बावजूद, चकमार्ग को अभी तक खाली नहीं कराया गया है और राजस्व विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि अतिक्रमणकारी और अधिक कब्जा करने में लगे हुए हैं। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकर्षित करते हुए चकमार्ग को खाली कराने की मांग की है। फिलहाल, सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ है और यह तहसीलदार कोरांव के पास लंबित है।

बाबा साहेब की जयंती पर लोजपा का शक्ति प्रदर्शन, प्रदेश अध्यक्ष ने भरी हुंकार

# यूपी की सभी 403 सीटों पर अकेले लड़ेगी चुनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं जमुई सांसद अरुण भारती ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए एक बड़ा राजनैतिक ऐलान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी 403 सीटों पर पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, जब हमारे नेता हैं तैयार, तो हम क्यों मांगें उधार।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष (मध्य) अरविंद पासवान ने की। इस



अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष पीयूष सोमानी ने भी बाबा साहेब के सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। समारोह में अन्य प्रदेश अध्यक्षों राजीव पासवान, पवन वर्मा, प्रमोद मणि त्रिपाठी सहित प्रधान महासचिव महेश सिंह भदोरिया, संयोजक सुनील सिंह और शारदा प्रसाद श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। भारी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पार्टी ने प्रदेश की राजनीति में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की और सामाजिक समरसता के साथ विकास का पथ चुनने का आह्वान किया।

# भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जनपद रायबरेली (ऊंचाहार) में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर, भारतीय संविधान के निर्माता और समाज सुधारक के जन्मदिवस के पावन अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम नितेश शर्मा जिला अध्यक्ष लखनऊ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी शामिल हुए। इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि अमरमणि कश्यप प्रदेश अध्यक्ष, व्यापार प्रकोष्ठ मध्य सुमित सिंह, संगठन मंत्री मध्य ओम प्रकाश पाल, प्रदेश महासचिव विशाल तिवारी, प्रमुख महासचिव सचिन गुप्ता, जिला अध्यक्ष आशीष चौरसिया, जिला अध्यक्ष महिला श्रीमती सोना शर्मा जी,संगठन मंत्री लखनऊ राकेश कुमार जी सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाबा साहब के सपनों को साकार कर रहे विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बाबा साहब के सम्मान में अगले एक साल में 10 और प्रतिमाओं का होगा जीर्णोद्धार : डॉ राजेश्वर सिंह

❒ सरोजनीनगर विधानसभा के छह मंडलों में 20 से अधिक स्थानों पर बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि



लखनऊ। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती के अवसर पर टीम राजेश्वर द्वारा सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विधायक टीम के सदस्यों ने विधानसभा के छह मंडलों के 20 से अधिक स्थानों पर पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों–समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व–को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में संचालित संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में कराए गए विकास एवं जनहितकारी कार्यों की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। विधायक द्वारा सरोजनीनगर विधानसभा में बाबा साहब की प्रतिमाओं के संरक्षण और सम्मान हेतु विशेष पहल करते हुए 10 प्रमुख स्थानों पर प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया, जिनका अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर लोकार्पण किया गया। इसके अंतर्गत प्रतिमाओं के आसपास टीनशेड निर्माण, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं परिसर विकास जैसे कार्य किए गए, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकें और बाबा साहब के प्रति सम्मान और सुदृढ़ हो।

इस कड़ी में विधायक ने कहा कि सरोजनीनगर विधानसभा में बाबा साहब की प्रतिमाओं के संरक्षण और सम्मान हेतु अगले एक साल में 10 और स्थानों पर कराया जाएगा जीर्णोद्धार कार्य। उन्होंने यह भी बताया कि सभी स्थलों पर साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा! साथ ही स्थानीय लोगों की सहभागिता से इन स्थानों को प्रेरणास्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जरूरतमंद विद्यार्थियों को साइकिल वितरण कर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित किया गया, वहीं वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर समाज में उनके योगदान को सराहा गया। विधायक द्वारा लगातार सामाजिक समरसता, संवैधानिक जागरूकता और विकास को साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता इस अभियान में स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम के अंतर्गत खुशहालगंज मंडल के हुल्लीखेड़ा, नारायणपुर, सहिजनपुर, ऐन, नानमऊ, गुदौली, मौदा और पल्हेंदा में श्रद्धांजलि दी गई। अर्जुनगंज मंडल के माती, पश्चिम महोल्ला माती, पूरब महोल्ला माती एवं दक्षिण महोल्ला माती में भी कार्यक्रम आयोजित हुए। दक्षिण मंडल तृतीय के खान मार्केट खारिका प्रथम, हैबतमऊ मवैया एवं जयहिन्द कॉलोनी बिजनौर में तथा सरोजनीनगर मंडल के हसन खेड़ा, गढ़ी चनौटी और हरौनी में टीम राजेश्वर द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को नमन किया गया। इसके साथ ही बल्दीखेड़ा मंडल सरोजनी नगर दक्षिण प्रथम एवं सरोजनी नगर दक्षिण द्वितीय मंडल के रतन खंड क्षेत्र में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं माननीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के पराग स्थित कार्यालय पर भी बाबा साहब की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

# प्रेमी भांजे के कहने पर कीटनाशक रोटी खिलाकर सास को मारने वाली बहू गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में रोटी में कीटनाशक दवा देकर सास को मारने वाली बहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। काकोरी थाना क्षेत्र के इब्राहिमगंज गांव में रहने वाली शांति देवी (65) की तबीयत बिगड़ने पर पांच अप्रैल की रात अस्पताल ले जाया गया। छह अप्रैल को उनकी मौत हो गई। सात अप्रैल को शव को दफना दिया गया। अचानक स्वस्थ मां की मौत की बात बेटे मनोज को अखरने लगी तो उसने डॉक्टर से पूछा। डॉक्टर ने मनोज को बताया कि मरने से पहले शांति देवी ने बताया था कि उसने रोटी खाई थी। इसके बाद मनोज घर आया और पत्नी शालिनी से पूछा तो वह गुमराह करने लगी। उसे शक हुआ और उस पर नजर रखने लगा। इसी बीच सात अप्रैल को उसे रोटियां मौरंग में दबी मिली। इसके बाद मनोज ने सख्ती से पत्नी शालिनी से पूछताछ शुरू कर दी। शालिनी ने स्वीकारा कि उसने भांजे करन के कहने पर मां को कीटनाशल रोटियां खिलाई थी। शालिनी ने कहा कि भांजे करन से उसका प्रेम संबंध चल रहा है। सास के विरोध करने पर योजना के तहत उन्हें रास्ते से हटाया गया। पुलिस उपायुक्त अपराध कमलेश दीक्षित ने मंगलवार को बताया कि मनोज ने थाना में तहरीर दिया कि उसकी पत्नी शालिनी ने कीटनाशक रोटियां खिलाकर उसकी मां शांति देवी को मारा डाला है। पहले इसकी जानकारी नहीं होने के कारण शव को दफना दिया गया था। मनोज की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कानूनी कार्रवाई की। 12 अप्रैल को शव को निकालकर पोस्टमार्टम भेजा गया। 13 अप्रैल को सास की हत्या के आरोप में बहू शालिनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर थाना पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह शातिर लुटेरा है। पुलिस को उसकी काफी दिनों से तलाश थी। पुलिस उपायुक्त दक्षिण अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि थाना कृष्णानगर व सर्विलांस सेल ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए मल्हौर निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया है। उसके पास से आठ लाख रुपये के जेवर अन्य सामान बरामद किया है। वहीं, पुलिस की जांच में प्रकाश में आये अभियुक्त शुभम सोनी और विपिन को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। कुलदीप फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त के खिलाफ लखनऊ के पीजीआई, कृष्णानगर के थानों में सात मुकदमें दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी के बाद कई चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है।

## अंबेडकर जयंती पर ट्रस्ट का प्रेरणादायी आयोजन, युवाओं को मिला शिक्षा व समानता का संदेश



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा मोहनलालगंज में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं व स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अजय पाण्डेय सत्यम द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। उन्होंने बाबा साहेब को सामाजिक समानता और शिक्षा का प्रतीक बताते हुए युवाओं से उनके विचारों को अपनाने की अपील की। समाजसेवी अवधेश साहू ने भी शिक्षा, जागरूकता और एकता पर जोर दिया। इस दौरान सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंजू देवी, निशा यादव, विपिन यादव, शिवम साहू सहित कई लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अंबेडकर के जयंती पर पुष्पांजलि सभा आयोजित



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजिनी नगर विधानसभा अंतर्गत शारदा नगर दक्षिण दो मंडल के मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्य ने अपने कार्यालय पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती पर संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक दयाशंकर दुबे के उपस्थिति में मंडल के महामंत्री नितेश वार्ष्णेय अखिलेश त्रिपाठी मंडल उपाध्यक्ष रामशंकर दूबे अशोक चौधरी हनुमान पाल कार्तिकेय दीक्षित मंडल मंत्री पूनम यादव राजेंद्र पांडे मुकेश मौर्य कोषाध्यक्ष रितु सिंह एवं सभी मंडल पदाधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय जनता के अपार सहयोग से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भव्यता के साथ बाबा साहब का जयंती मनाई और मंडल अध्यक्ष ने सभी को लड्डुओं का वितरण कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया ।

## अंबेडकर जयंती पर निकली भीम यात्रा

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कुसमौरा सुखनाखेड़ा गांव में भव्य कार्यक्रम के साथ ऐतिहासिक भीम यात्रा निकाली गई। बाइक रैली में युवाओं का उत्साह चरम पर रहा और जय भीम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का आयोजन नागेश्वर द्विवेदी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें ग्राम प्रधान कमल गुप्ता के साथ जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज की विशेष उपस्थिति रही। अमरेन्द्र भारद्वाज ने रैली में शामिल होकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। रैली गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वहीं अघइया स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई, जहां प्रदीप द्विवेदी ने लोगों को उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और महिलाएं शामिल रहीं, जहां सामाजिक समरसता, एकता और जागरूकता का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।

## गूंजा शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का बिगुल



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पूरे क्षेत्र में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किए गए। सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर की मौजूदगी में विभिन्न सेक्टरों में संगोष्ठी व भंडारे हुए, जिनमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए लोगों से बच्चों को शिक्षित करने और सामाजिक समानता को मजबूत करने की अपील की। इस दौरान बाबा साहब के संदेश ्शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो् को अपनाने का संकल्प लिया गया।? दुल्हापुर हुसैनाबाद गांव में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई, आयोजक उमेश कुमार रहे जहां ग्राम प्रधान हरिनाम वर्मा, बीना रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम सिठौली कला, भट्ठी बरकत नगर, अब्बास नगर, नगराम, कपेरा मदारपुर, मोहम्मदाबाद, गौरा कॉलोनी, समेसी, हुलास खेड़ा, उतरावां व कनकहा समेत कई ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए। वहीं बहरौली, हरदोईया, महमूदपुर, रसूलपुर, टिकनिया मऊ और कासिमपुर बिरूहा में भंडारों में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर वर्मा व संचालन गजराज रावत ने किया, जबकि दिनेश यादव, श्रवण यादव, अमर पाल सिंह, नवनीत सिंह, विजय यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आई आई एम रोड लखनऊ मे डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती मनाई गई। सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के शिल्पकार, 'भारत रत्न' बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल मंत्री राहुल मिश्रा द्वारा उनके स्मृति-चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। भारत रत्न' बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का समूचा जीवन शोषितों, वंचितों और उपेक्षित वर्गों के अधिकार, सम्मान एवं समान अवसरों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उनके अमूल्य विचार एवं अतुलनीय योगदान एक समरस और सशक्त राष्ट्र के निर्माण हेतु हम सभी के लिए पथ-प्रदर्शक हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की मंडल मंत्री रामदुलारी गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री केशव गुप्ता, बूथ अध्यक्ष श्री अमित सिंह, बूथ अध्यक्ष श्री लक्ष्य प्रताप सिंह, बूथ अध्यक्ष श्री राम आसरे राजपूत, बूथ अध्यक्ष श्री राकेश मिश्रा, उपेंद्र जी, वरिष्ठ पत्रकार नैमिष पाण्डेय ने पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया।

## संविधान निर्माता के जन्मोत्सव पर निकली गई भीम यात्रा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष 14 अप्रैल के दिन सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में एच सी एल पुलिस चौकीभीम से भीम यात्रा का आयोजन किया गया। यह भीम यात्रा गोसाईगंज बस स्टैंड से होते हुए अमेठी, रहमतनगर और गंगागंज पहुंची। वहां से वापस कोंडरा गांव में कार्यक्रम का समापन किया गया।

भीम यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने भारतीय संविधान निर्माता के जीवन से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।, जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन वीरमपुर गांव के प्रधान रामसिंह द्वारा किया गया। उन्होंने इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है।

# अम्बेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

## किया बाबा साहेब के विचारों का स्मरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर बख्शी का तालाब (बीकेटी) क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।मंडल बीकेटी के शक्ति केंद्र मामपुर बाना में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री विवेक सिंह ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जीवनभर समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और देश को एक सशक्त संविधान प्रदान किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हंसराज लोधी, शक्ति केंद्र संयोजक जगदीश मौर्य, बूथ अध्यक्ष संजय शुक्ला, अजय द्विवेदी, रौनक गौतम, राजकुमार विश्वकर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वहीं, तहसील परिसर बीकेटी में भी अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक बुजुर्ग महिला द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस दौरान बीकेटी बार के पूर्व अध्यक्ष राजेश भारती, पूर्व संयुक्त मंत्री प्रशासन अनिल गौतम, नागेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट व जिला कंग्रेस कमेटी लखनऊ के प्रवक्ता सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं और अनुयायियों ने सहभागिता की।

इसी क्रम में कठवारा गांव में भी अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. चन्द्रकेतु सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बाबा साहब के जीवन को प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, समान अवसर और सामाजिक समरसता ही समाज को आगे बढ़ाने के प्रमुख आधार हैं।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और धैर्य से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है।

## दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों से मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मीनापुर गांव में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी गई, जिस पर पुलिस ने क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, बीते शनिवार की देर रात एक पक्ष के राम सनेही पुत्र मैकू लाल ने आरोप लगाया कि गांव के ही रामरतन व उनके पुत्र मोहित ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उनकी पत्नी भी घायल हो गई।वहीं दूसरे पक्ष के मोहित पुत्र रामरतन का आरोप है कि राम सनेही, उनकी पत्नी आशा, पुत्र ललित व पुत्री खुशी ने उन्हें और उनके पिता पर हमला कर दिया। आरोप है कि उनके सिर पर वार किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं, साथ ही उनके पिता भी घायल हुए।घटना के बाद दोनों पक्षों के घायलों का इलाज कराया गया। मामले की सूचना मिलते ही थाना मोहनलालगंज पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना प्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बेहटवा में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजनी नगर अमौसी बेहटवा स्थित आयोजक अखिलेश यादव (सोनू) के घर के पास सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से गणेश पूजन के साथ की गई, जिसके बाद श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर आयोजक के घर से मां चंद्रिका देवी मंदिर में शोभायात्रा निकाली गई इससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व युवा शामिल हुए। श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। धार्मिक गीतों और भजनों से वातावरण और भी आध्यात्मिक हो उठा।आयोजन स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना कर कथा का विधिवत शुभारंभ कराया गया।इस अवसर पर कथा वाचक श्रद्धेय आचार्य श्री प्रहलाद कृष्णा जी महाराज (श्री धाम वृंदावन) द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे।आयोजक अखिलेश यादव ने बताया कि कथा का आयोजन 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक चलेगा।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई बाबा साहब की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा हजरतगंज स्थित भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, उसके बाद समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपतराय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था, इन्होंने संविधान का निर्माण किया और कहा कि शिक्षित बनो, संघर्ष करो। डॉ साहब ने समाज की गैरबराबरी के विरूद्ध आन्दोलन किया। अपनी जाति के कारण अम्बेडकर जी को सामाजिक प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव सहन करना पड़ता था। समाजवादी पार्टी सदैव ही डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों पर चलती आ रही है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी, गुड्डू लोधी, असफाक सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र कुमार यादव, यशवीर लोधी, प्रदेश महासचिव शिक्षक सभा दिनेश सिंह, बी0के0टी0 विधानसभा अध्यक्ष अजय रावत, आकाश गौतम, ज्ञान प्रकाश लोधी, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष संजय यादव, परमेष्वर गौतम, षिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, सीताराम लोधी, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष हारून अजीज, छात्र सभा जिलाध्यक्ष ओम लोधी के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंबेडकर व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार : मोइन खान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर काकोरी अमेठिया सलेमपुर में संविधान निर्माता भारत रत्न आंबेडकर की जयंती पर विभिन्न स्थानों में बड़ी धूमधाम से मनाई गई काकोरी अमेठिया सलेमपुर गांव में समाजवादी के मोइन खान सांसद प्रतिनिधि मोहनलालगंज,ने काफी भीड़ के साथ निकाली रैली जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

आयोजन सोनू कनौजिया नि प्रत्याशी समाजवादी पार्टी 168 मलिहाबाद विधानसभा लखनऊ व मोईन खान सांसद प्रतिनिधि 34 मोहनलालगंज लोकसभा ने कार्यक्रम का आयोजन किया और बाबा साहब के संविधान के बारे में काफी बातें जनता के बीच बताई और उन्होंने आंबेडकर कहे जाने के बारे में डॉ भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार है। जिन्होंने समाज को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का मार्ग दिखाया, समाज में व्यापक छुआछूत और समाज में व्यापक भेदभाव से से वो बड़े दुखी थे। उन्होंने हार नहीं मानी और लंदन जा कर उन्होंने डॉक्टरेट की चार चार डिग्रियां ली और भारत आ कर संविधान रचा ओर देश को एकता और समानता के सूत्र में पिरोया,पिछड़ों,महिलाओं और शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और श्रम सुधारों के लिए काम किया,दलित और पिछड़ों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिलाया अपने अंदाज के लिए मोइन खान ने कहा आज सभी लोग साथ उठा कर प्रण ले कि संविधान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे और 2027 में समाजवादी सरकार बनाएंगे देश संविधान से चलेगा और जो व्यवस्था उसे तोड़ मरोड़ करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा आने वाले 2027 के चुनाव के लिए उन्हें आवाह्न किया कि समाजवादी पार्टी की सरकार को लाना है और संविधान बचाना है उनके आदर्श हमे न्यायपूर्ण राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते है। उन्होंने बताया जीवन लम्बा होने के बजाय महान होना चाहिए भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देना हम सब का कर्तव्य है। हम सबको एक होकर 2027 में उत्तर प्रदेश की सरकार बनानी है वही अपने जय सिंह जयंत जिला अध्यक्ष शब्बीर खान जिला महासचिव नागेन्द्र सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष राम गोपाल यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख सगीर अहमद अंगूर इब्राहिम मंसूरी पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी काकोरी अनुज मोर्या अनुराग रावत करन गौतम सुरेश गौतम गोविंद राजपूत हिमांशू राजपूत अमन राजपूत उमेश रावत कुल्लू सजीवन रावत धनीराम गौतम दबीर अहमद मेराज सिद्दीकी अतहर चन्दर गौतम राजा गौतम मुन्ना पासी छोटे मिया अनीस मो.इरशाद सभी जगह बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण नेता गण उपस्थित रहे।

# बे-मौसम बारिश से ईंट भट्ठों को भारी नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ मौजूदा सीजन का विनियमन शुल्क आगामी सीजन में समायोजित करने की मांग

लखनऊ। विगत सप्ताह बे-मौसम की भारी बरसात से ईंट भट्ठों पर लाखों की संख्या में कच्ची इंटों के गल जाने से ईंट भट्टा व्यापारियों को जहाँ एक ओर लाखों रूपये की आर्थिक हानि हुई है, वहीं दूसरी ओर पुनः कच्ची ईंटों को तैयार करने में समय लगने के कारण उत्पादन हेतु सीजन का समय 50 प्रतिशत से भी कम हो गया, जिससे सीजन में ईंट भट्ठों का भट्टा बैठना सुनिश्चित हो गया है। यह जानकारी आज संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा लखनऊ ब्रिक क्लिन एसोसिएशन के अध्यक्ष तारा चन्द्र यादव तथा महामंत्री सुशील कुमार चन्दानी ने देते हुए सरकार से इस वर्ष का जमा विनियमन शुल्क अगले सीजन वर्ष 2026-27 में समायोजित किये जाने की मांग की।

एसोसिएशन के महामंत्री सुशील कुमार चन्दानी के हवाले से कहा गया कि माह मार्च एवं अप्रैल में हुई बे-मौसम बरसात से तैयार कच्ची ईंटें गल कर समाप्त हो गयीं। जिससे लाल ईंट उद्योग फिर से आखिरी पायदान पर पहुंच गया। एसोसिएशन के महामंत्री ने यह भी जानकारी देते हुये कहा कि इस बरसात से प्रति भट्टा औसतन 8-10 लाख कच्ची ईंटों का नुकसान हुआ है, और पथाई स्थल की खन्तियों में अधिक मात्रा में पानी भर जाने के कारण आगामी एक सप्ताह तक पुनः पथाई प्रारम्भ न कर पाने से उत्पादन घट गया है, जिससे भट्ठा मालिकों को काफी आर्थिक हानि झेलनी पड़ रही है। कोयले के दामो में अप्रत्याशित बढोत्तरी एवं भट्ठो पर बारिश से कच्ची ईंट गल जाने से हुये नुकसान की भरपाई के लिये ईंट बिक्र दर प्रति हजार 9,000/- हजार रूपये किये जाने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष तारा चन्द्र यादव ने कहा कि भट्ठों पर श्रमिकों, स्टाफ व करों पर आने वाले खर्चे पूरे सीजन के अनुपात में वही होगें, परन्तु उत्पादन आधे से कम होगा, जिससे भट्ठा मालिकों पर काफी आर्थिक बोझ होगा। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंनें मुख्यमंत्री से माँग की है कि ईंट भट्ठा समाधान योजन सीजन वर्ष 2025-26 में जमा विनियमन शुल्क को अगले सीजन वर्ष 2026-27 में समायोजित किया जाए।

# बैठक सम्पन्न, वार्डेनों को दिए गए दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सिविल डिफेंस लखनऊ प्रखंड लोहिया नगर की एक महत्वपूर्ण बैठक जानकीपुरम में मुख्यालय प्रभारी एवं सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डिविजनल वार्डेन सुनील तिवारी ने की।बैठक की शुरुआत में डिविजनल वार्डेन सुनील तिवारी ने सभी पोस्ट वार्डेन को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक माह नियमित रूप से पोस्ट स्तर पर बैठकें आयोजित करें, जिससे आपसी सामंजस्य और कार्य क्षमता में सुधार हो सके।प्रखंड के स्टाफ अफसर कमलेश सिंह ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड के कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करना है। साथ ही, आगामी दिनों में कंट्रोल रूम पर आयोजित होने वाली वृहद बैठक को सफल बनाने के लिए भी विस्तृत चर्चा की गई। सभी वार्डेन को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मुख्यालय प्रभारी मनोज वर्मा ने वार्डेन को प्रेरित करते हुए कहा कि योजनाबद्ध तरीके से किया गया कार्य हमेशा बेहतर परिणाम देता है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे इसी तरह संगठित होकर कार्य करते रहें, जिससे लोहियानगर प्रखंड की पहचान और मजबूत हो।अंत में बैठक के आयोजक पोस्ट वार्डेन (आरक्षित) सौरभ अग्रवाल ने सभी अतिथियों और उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त कियाबैठक में प्रमुख रूप से डिविजनल वार्डेन सुनील तिवारी, स्टाफ अफसर कमलेश सिंह, घटना नियंत्रण अधिकारी अरुण त्यागी, शोएब जलाली, पोस्ट वार्डेन अमिताभ राय, भगवान सिद्धार्थ, सौरभ अग्रवाल, सरोज शर्मा, ऋषि श्रीवास्तव, अनुभव द्विवेदी, गंगाराम, डिप्टी पोस्ट वार्डेन अनुज शर्मा, अमित शर्मा, देवव्रत यादव, ज्ञानेंद्र पांडेय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बगैर चिकित्सक के चल रहा नर्सिंग होम, झोलाछाप कर रहे इलाज

❒ चिकित्सीय मानकों की अनदेखी के बावजूद भी संचालित हो रहा खुलेआम नर्सिंग होम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तम्बौर, सीतापुर। स्थानीय स्वास्थ्य महकमा के आशीर्वाद से मरीजों के स्वास्थ्य व जान से खिलवाड़ कर रहा क़स्बा स्थित न्यू सेवा नर्सिंग होम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है जहाँ बगैर वैध योग्यता के झोलाछाप चिकित्सकों के द्वारा इलाज कर ग्रामीण क्षेत्र के अनपढ़ व गरीब मरीजों की जान का सौदा खुलेआम किया जा रहा है।

मात्र एक जी एन एम के सहारे संचालित हो रहे अवैध नर्सिंग होम पर कोई विभागीय कार्यवाही नहीं होना अधिकारियो की मंशा को भी जगजाहिर कर रहा है जहां एक तरफ सरकार अप्रशिक्षित,अयोग्य व अवैध डिग्री धारकों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किए हुए है तो वहीं उक्त संस्थान विभागीय अधिकारियो के संरक्षण में जमकर फल- फूल गरीबों की गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रहा है। इस विषय पर जब क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधीक्षक से फोन के माध्यम से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो फोन ही रिसीव नहीं किया गया अब अगर जल्द ही उक्त नर्सिंग होम के प्रपत्रों की जाँच कर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो इस सबके जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग व स्थानीय प्रशासन ही जिम्मेदार माने जाएंगे।




## चोरी की बाइक के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

देवरिया । उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक आरोपित को मंगलवार गिरफ्तार किया है।अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि 11 अप्रैल 2026 को शैलेश यादव निवासी जखनिया थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर ने कोतवाली थाना में तहरीर देकर बताया था कि वह 10 अप्रैल को अपनी मोटरसाइकिल से कुशीनगर से घर लौट रहे थे। रास्ते में सोंदा (देवरिया) के पास विश्राम के दौरान उन्हें नींद आ गई, इसी बीच अज्ञात व्यक्ति उनकी मोटरसाइकिल और मोबाइल चोरी कर ले गया था। इस सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इसी मामले में आज देवरिया-सलेमपुर मार्ग स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास से उपनिरीक्षक शुभम कुमार पाठक, कांस्टेबल जियालाल और कांस्टेबल चंदन मौर्य ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहताब अली उर्फ मेहताब पुत्र रमजान अली निवासी जमापुर थाना जीरादेई जनपद सिवान (बिहार) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से उक्त मामले में चोरी की मोटर साइकिल बरामद कर ली गई है। मामले में पंजीकृत मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस में बढ़ाते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# बिसवा बार एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवा, सीतापुर। बिसवां बार एसोसिएशन बिसवा के अध्यक्ष राज किशोर यादव एवं सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड के कुशल दिशा निर्देशन में संविधान के शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती बार एसोसिएशन सभागार में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाई गई।

बार संघ अध्यक्ष राज किशोर यादव एवं सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी बाबा साहेब भारत रत्न के साथ भारतीय संविधान के शिल्पी थे, साथ ही साथ महान समाज सुधारक भी रहे हैं। हम सभी को उनके द्वारा बताए गए दिशा निर्देशों का अनुसरण करना होगा, यही उनकी जयंती की सच्ची सार्थकता साबित होगी।बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा सभागार में भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर बार संघ अध्यक्ष राज किशोर यादव एवं सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव,वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेश गुप्ता,निवर्तमान बार संघ अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया,उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी, जितेन्द्र कुमार मिश्रा,विपिन कुमार यादव,अरुण श्रीवास्तव अश्विनी श्रीवास्तव,कुमार शानू कनौजिया,अनुज यादव, राजेश जायसवाल,अशोक सोनी,सरोज मिश्रा,रोहित शाह आदि अधिवक्ताओं ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में अधिवक्तागण,गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

# मुस्लिम तुष्टिकरण के विरोधी थे बाबा साहब अंबेडकर : राज किशोर

❒ विधायक ने अम्बेडकर की मूर्ति जल्द लगवाने का दिया आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद रायबरेली में भूरा डीह ग्राम सभा के अम्बेडकर नगर में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अदिति सिंह और मुख्य वक्ता सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रांत प्रमुख राजकिशोर ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक अदिति सिंह ने बाबा साहब के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया और ग्रामीणों को बाबा साहब की मूर्ति जल्द लगवाने का आश्वासन दियाद्य उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बाबा साहब के विचारों को सच्चे अर्थों में सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पंचतीर्थ के विकास, स्मारकों के निर्माण और बाबा साहब की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने जैसे अनेक कार्य कर उनके प्रति सम्मान को दर्शाया जा रहा हैद्यसामाजिक समरसता गतिविधि के प्रांत प्रमुख राजकिशोर ने कहा बाबा साहब जन्मजात देशभक्त थे और उनके जीवन में देश प्रथम थाद्य उन्होंने कहा सामाजिक विषमता को दूर करने का प्रयत्न कियाद्य वह मुस्लिम तुष्टिकरण के विरोधी थेद्य बाबा साहब अंबेडकर का जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प और शिक्षा के माध्यम से समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रांत मीडिया प्रमुख बृजनन्दन राजू ने कहा डॉ अम्बेडकर का संपूर्ण जीवन दलित, वंचित और शोषित समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानताओं को समाप्त करने के लिए निरंतर संघर्ष किया। राजू ने कहा किसी के साथ भेदभाव ना करना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगीद्यसामाजिक समरसता के विभाग संयोजक सतीश ने कहा कि बाबा साहब ने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है। कहा कि कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में समानता, भाईचारे और न्याय के मूल्यों को मजबूत करें। कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार ने किया द्य इस अवसर पर रॉयल पब्लिक स्कूल के शिव शंकर सिंह, सचिन चौधरी, ग्राम प्रधान दिनेश सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नगर निगम के कूड़ा संग्रहण वाहनों में अब बजेगा अवधी जिंगल

अयोध्या । नगर वासियों की सुबह को स्वच्छता के संदेश के साथ गीत संगीतमय बनाने के लिए चिंतन संस्था ने पहल की है। इसके तहत कूड़ा संग्रह के लिए संचालित किए जाने वाले वाहनों से अवधी जिंगल का प्रसारण किया जाएगा। इसकी अनुमति नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने दे दी है।स्वच्छता के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप ने आलोक सिंह राना के नेतृत्व में अवधी जिंगल तैयार किया है। नगर निगम के चार वार्डों में कूड़ा वाहनों में सफलतापूर्वक संचालन शुरू हो गया है। आलोक सिंह राणा ने बताया कि इस अवधी जिंगल के माध्यम से लोगों को सूखा एवं गीला कचरा अलग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्थानीय भाषा में तैयार यह जिंगल आमजन के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। जिंगल के बोल महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। सामाजिक संस्था राम का घर के प्रबंधक एवं चिंतन संस्था के चीफ कोऑर्डिनेटर अवधी जिंगल की रचना की है। अब इसे पूरे नगर में लागू किए जाने से ल्लस्वच्छ अयोध्याङ्क अभियान को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# सरकार की लापरवाही से औने-पौने दामों में किसान बेंच रहे गेहूं

❒ बारदाना की कमी बता अभी तक नहीं संचालित हो पाए क्रय केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

सकरन, सीतापुर। गेंहू खरीद के हवाहवाई सरकारी आदेश किसानों के लिए मुसीबत तो बिचौलियों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं, आदेशानुसार विगत 30 मार्च से गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीदारी प्रारम्भ होनी थी पर सरकारी सिस्टम के चलते नसीरपुर, सांडा केंद्र कहीं बाहर स्थानांतरित कर क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज औने - पौने दामों में बेंचने के लिए मजबूर कर दिया गया तो जो भी पडोसी केंद्र महराजनगर, पलौली आदि हैं भी वो भी बोरे न होने का कारण बता कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।



भाकियू जनमंच जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह ने बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने का दम्भ भरने वाली सरकार ने किसान को हरेक मौके पर अकेला छोड़ दिया है, धान खरीद हो या उर्वरक अथवा घरेलू गैस की समस्या हर मौके पर जिम्मेदारों ने अपनी जेबों को गरम कर आमजन को भटकने के लिए मजबूर कर दिया है अगर क्षेत्र सकरन में जल्द ही गेहूं खरीद व सांडा अरुआ नसीरपुर बी पैक्स सदस्यों का गेहूँ स्थानीय मौके पर नहीं ख़रीदा गया तो प्रशासन के खिलाफ बड़ा किसान आंदोलन छेड़ा जाएगा और एक -एक जिम्मेदार को सजा दिलवाई जाएगी।

# फूलबाग फलमंडी अग्निकांड : केस्को की लापरवाही से 29 परिवार का चौपट हुआ कारोबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

कानपुर । बिजली विभाग की लापरवाही ने 29 परिवारों को बेघर और लाचार कर दिया है। जर्जर तारों के कारण उनकी जिंदगी भर की कमाई राख हो गई। आज ये परिवार अपने ही शहर में सहारे के लिए भटकने को मजबूर हैं। हम अपने अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेंगे। जब तक न्याय और मुआवजा नहीं मिलेगा, यह संघर्ष जारी रहेगा। यह बातें मंगलवार को उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष सिद्धार्थ काशीवार ने कही।फूलबाग फलमंडी में हुए भीषण अग्निकांड के बाद पीड़ित परिवारों ने न्याय के लिए सत्याग्रह का रास्ता चुन लिया है। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के बैनर तले आयोजित सभा में 29 प्रभावित परिवारों ने शपथ ली कि उचित मुआवजा और कार्रवाई होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुरेंद्र सविता द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद व्यापार मंडल की इमराना खान ने सभी पीड़ितों और संगठन के सदस्यों को शपथ दिलाई कि वे अपने हक और सम्मान की लड़ाई अंत तक लड़ेंगे।कार्यक्रम का संचालन रामशंकर वर्मा ने किया। यह आयोजन आनंदी सेना एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय जायसवाल आनंदी, पवन यादव, राजेंद्र राज, संतोष लोधी, मनीष गौतम, अजय कनौजिया और दिनेश पांडेय सहित कई लोग उपस्थित रहे।सभा में वक्ताओं ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जर्जर तारों और अनदेखी के कारण यह बड़ा हादसा हुआ, जिसमें 29 परिवारों की वर्षों की मेहनत से खड़ी आजीविका और आशियाना दोनों जलकर राख हो गए।संगठन की ओर से मांग की गई कि सभी पीड़ित परिवारों को तत्काल दो लाख पचहत्तर हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए, बेघर परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए और घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# आंबेडकर जयंती पर भाजपा मुरादाबाद महानगर ने 785 बूथों पर स्वच्छता अभियान एवं दीपोत्सव कार्यक्रम किए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद । भारतीय जनता पार्टी महानगर मुरादाबाद द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर प्रत्येक बूथ पर भव्य स्वच्छता अभियान एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश बडोला के अनुसार महानगर के गठित 785 बूथों पर आज कार्यक्रम हुए। क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि आंबेडकरजी आजीवन जाति भेदभाव के खिलाफ रहे।अंबेडकर पार्क पंडित नगला में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, दिल्ली रोड गागन स्थित आंबेडकर पार्क रितेश गुप्ता विधायक मुरादाबाद नगर, महापौर विनोद अग्रवाल में संविधान साहित्य वाटिका, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने खुशहालपुर अंबेडकर पार्क, में, सदस्य विधान परिषद डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने अंबेडकर पार्क सिरकोई भूड सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान ने अंबेडकर पार्क काजीपुरा, ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार मुरादाबाद ब्लाक सदर में, ब्लॉक प्रमुख ठाकुर संतोष सिंह ने भगतपुर, अल्पना रितेश गुप्ता ने अंबेडकर पार्क हिमगिरी, विशाल त्यागी ने अंबेडकर पार्क मऊ में, अमित शर्मा ने अंबेडकर पार्क नया गांव, कपिल देव लाकड़ी अम्बेडकर पार्क में स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया।इसके अलावा दीक्षांत चौधरी, सुनीता शर्मा, दिनेश सिसौदिया, गेत्रपाल सिंह, किशनलाल जाटव, डॉ विशेष गुप्ता, मनीष गुर्जर, दिनेश शीर्षवाल, अभिषेक चौबे, अर्चित गुप्ता, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता आदि ने स्वच्छता अभियान एवं दीपोत्सव कार्यक्रम में अलग-अलग स्थान पर प्रतिभाग किया।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मछरेहटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अवैध शराब व शस्त्र के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मिश्रिख के नेतृत्व में थाना मछरेहटा पुलिस ने 13 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सुनील सिंह पुत्र स्व. इन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम राठौरपुर को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के कब्जे से एक अदद देशी नाजायज तमंचा .315 बोर तथा तीन जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध थाना मछरेहटा पर मु0अ0सं0 89/26 धारा 25(1-3) आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।बताया जा रहा है कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं।पुलिस टीम में शामिल अधिकारी:उपनिरीक्षक नासिर खान, हेड कांस्टेबल विवेक कुमार व कांस्टेबल सतीश कुमार ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बाबा साहेब के विचार समरस और सशक्त भारत की प्रेरणा : शिवराम सिंह

**कानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन सामाजिक समता, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी हमें एक समरस और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। यह बातें मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कही।जनपद के दक्षिण में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहेब को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ नमन किया गया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।इसी क्रम में छावनी मंडल के बूथ संख्या चार पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भारतीय संविधान की गरिमा और उसके मूल्यों की रक्षा करने की शपथ ली।जिला मीडिया प्रभारी संजीव बेरी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बाबा साहेब के प्रेरणादायी जीवन, उनके संघर्षपूर्ण सफर तथा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए की उनके द्वारा गए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि सभी लोग बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज में समानता, भाईचारा एवं न्याय की भावना को मजबूत करें। साथ ही संविधान के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लें।इस दौरान सुमित तिवारी, रज्जन सिंह परिहार, विक्रम पंडित, रणजीत यादव, गिरजेश सिंह डीटू, नितिन सोनकर, अभिषेक अवस्थी, राजू अपना सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंबेडकर के विचारों के अनुरूप बिजली निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए : संघर्ष समिति

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की ओर से प्रदेश भर में विभिन्न जनपदों में डॉ. आंबेडकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर स्मरण किया गया।संघर्ष समिति संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि डॉ. अंबेडकर का स्पष्ट मत था कि बिजली एक बुनियादी आवश्यकता है और इसे सस्ती दरों पर उपलब्ध कराना राज्य की जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने 1940 के दशक में ही ल्लराज्य समाजवादङ्क के तहत बिजली को सार्वजनिक क्षेत्र में रखने और राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत ग्रिड प्रणाली विकसित करने की वकालत की थी, ताकि देश का तीव्र औद्योगिक और आर्थिक विकास सुनिश्चित हो सके।उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने 1950 में संविधान बनाने के पहले इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एक्ट 1948 बनाया जिसके तहत पूरे देश में राज्य विद्युत परिषदों का गठन किया गया और बिजली को निजी क्षेत्र से वापस लेकर सार्वजनिक क्षेत्र में रखा गया। राज्य विद्युत परिषद के माध्यम से ही गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने का काम हुआ और आज बिजली विकास का रॉ मैटेरियल बन गया है। डॉ अंबेडकर के विचारों के अनुरूप ही देश में केंद्रीय ग्रिड प्रणाली जैसी व्यवस्थाओं की नींव रखी गई, जिसने भारत के विद्युत क्षेत्र को मजबूत आधार प्रदान किया।उन्होंने कहा कि यह खेद का विषय है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की प्रक्रिया चलाई जा रही है, जो डॉ. अंबेडकर के मूल विचारों के पूर्णतः विपरीत है। निजीकरण से बिजली महंगी होगी, सेवा की गुणवत्ता प्रभावित होगी और आम उपभोक्ता, किसान एवं छोटे उद्योगों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली को लाभ का साधन न बनाकर जनसेवा का माध्यम बनाया जाए, ताकि आम जनता को सस्ती एवं विश्वसनीय बिजली उपलब्ध हो सके।

# स्वास्थ्य शिविर अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का संकल्प : सुजीत सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



प्रयागराज । यह केवल एक स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का संकल्प है। हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं कि कोई भी जरूरतमंद स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रहे।ङ्क यह बात मंगलवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सेवा भारती प्रयागराज के अध्यक्ष सुजीत सिंह ने कही।उन्होंने बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती के अवसर पर सेवा भारती एवं नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) के संयुक्त तत्वावधान में जनपद भर में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार महाअभियान का आयोजन किया गया है। इस महाअभियान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की 172 वंचित बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए, जिनमें 20 हजार से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श और निःशुल्क दवा वितरण किया गया। अभियान में लगभग 550 चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ तथा 1400 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।शिविरों में सामान्य रोगों की जांच के साथ महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए विशेष परामर्श की व्यवस्था की गई। दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही दवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे उन्हें काफी राहत मिली।कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें काशी प्रांत सेवा प्रमुख सत्य विजय, विभाग अध्यक्ष सुजीत सिंह, विभाग सेवा प्रमुख वीर कृष्ण एवं विंध्याचल महामंत्री पवन श्रीवास्तव, मंत्री डॉ. संतोष सिंह पटेल, शलभ श्रीवास्तव, संदीप चौधरी, सुनील सिंह मिंटू, एनएमओ के क्षेत्र उपाध्यक्ष डॉ. कमलाकर सिंह, प्रांत सचिव डॉ. राजेश राय सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।इस दौरान मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह तथा विधायक दीपक पटेल ने विभिन्न शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और इस पहल की सराहना की।चिकित्सा क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञों में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वी.के. पांडेय, पूर्व प्राचार्य डॉ. एस.पी. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. तिवारी एवं डॉ. आर.सी. पांडेय का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।आयोजकों ने बताया कि इस महाअभियान का उद्देश्य केवल उपचार ही नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्गों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना भी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

देवरिया । जनपद के बनकटा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने पति पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पिता पोस्टमार्टम हाउस पर मंगलवार को पहुंचे और शव की पहचान किए।थाना बनकटा क्षेत्र के छतरौनी गांव निवासी साधना देवी (26), पत्नी शेषनाथ यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि साधना देवी की शादी वर्ष 2020 में हुई थी और उनके दो बच्चे हैं-एक 5 वर्षीय पुत्र आर्य आशू और 18 माह की एक पुत्री। मृतका के पिता बैजनाथ यादव के अनुसार, उनकी बेटी को उसके ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि 11 अप्रैल को साधना देवी के साथ मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद 13 अप्रैल को पति उसे दवा कराने के बहाने ले गए ।बताया जा रहा है कि पूर्वी ढाला भाटपार के पास साधना देवी को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है और दोनों बच्चों को ससुराल पक्ष ने अपने पास रख लिया है।

घटना के बाद शव को भटनी जीआरपी द्वारा कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।भटनी जीआर पी थानेदार राजेश कुमार पांडेय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वहीं, परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

# अम्बेडकर जी के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे है: जिलाधिकारी

❒ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पहुंचाना सुनिश्चित करें

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, संविधान के मूल्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर जी का जीवन संघर्ष, समानता एवं न्याय का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाज को जोड़ने वाले विचारों को हम सभी को अपनाना चाहिए। भारतीय संस्कृति हमेशा खुली संस्कृति रही है। उन्होंने कहा कि जयंती हर दिन की सीख होनी चाहिए।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं तथा वह हम सबके लिए संघर्षों के प्रतीक हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार तथा जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, वक्फ निरीक्षक परविंदर कुमार ,पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, सामाजिक जागरूकता एवं जनसहभागिता को बढ़ाने पर भी बल दिया गया। मंच का संचालन डॉ राजीव कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ से आये कलाकारों द्वारा नारी सशक्तिकरण तथा महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं को लेकर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गरजे गो सेवा आयोग के उपायक्ष, बोले गोवंश सुरक्षा में कोई ढिलाई नही होनी चाहिये

❒ उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि प्रदेश सरकार गोवंश की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुल्तानपुर । उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपायक्ष महेश कुमार शुक्ला सोमवार को सुल्तानपुर पहुंचे, जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान साफ शब्दों में कहा कि प्रदेश सरकार गोवंश की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गो-तस्करी और गो-हत्या पर सख्ती से रोक लगाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

शुक्ला ने कहा कि गो-रक्षा को लेकर चल रहे ाार्मिक और सामाजिक अभियानों को आयोग का पूरा नैतिक समर्थन है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिस तरह प्रदेश में हत्या और लूट जैसे अपराोों पर अंकुश लगाया गया है, उसी तरह गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है, इसमें किसी तरह की नरमी नह बरती जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने अाकारियों को निर्देश दिए कि गोशालाओं में गोवंश के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि छाया के लिए छप्परों के नीचे पुआल या थर्माकोल की व्यवस्था की जाए, साथ ही स्वच्छ पेयजल और हरे चारे की उपलबता हर हाल में सुनिश्चित हो। कूरेभार, मोतिगरपुर और अखंडनगर जैसे क्षेत्रों में बढ़ती गो-तस्करी की घटनाओं पर पूछे गए सवाल के जवाब में शुक्ला ने 'गो-वा अाानियम 1955 (संशोाित 2020) का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि इस कानून के तहत दोषियों को 10 साल तक की सजा और 5 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

उन्होंने प्रशासनिक मिलीभगत के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हैं। अपराायों के खिलाफ लगातार मुठभेड़ और सख्त कार्रवाई इस बात का प्रमाण हैं। अंत में उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि कह भी गो-तस्करी या गोवंश के प्रति क्रूरता की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# स्कीम का लाभ न देने पर वी मार्ट रिटेल प्रबन्धक के खिलाफ वारंट जारी

❒ स्कीम का लाभ ग्राहक को न दिये जाने से उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग में की शिकायत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंदौसी। वी मार्ट रिटेल ने त्यौहार की स्कीम जारी की स्कीम के तहत 2500 रु की खरीदारी करने पर 99 रु अतिरिक्त भुगतान करने पर 1000 रु के मूल्य का बैग मुफ्त दिया जा रहा है उक्त स्कीम का लाभ लेने के लिए चंदौसी निवासी अनमोल वार्ष्णेय ने 2500/2500 रु की खरीदारी कर 99-99 रु अतिरिक्त भुगतान किए और स्कीम के अंतर्गत चल रही योजना में दो बैगों की मांग की तो वी मार्ट रिटेल के प्रबंधक द्वारा बैग खत्म होने की बात कह कर शीघ्र ही बैग उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया गया।

अनमोल वार्ष्णेय द्वारा अनेकों चक्कर लगाए जाने के उपरांत भी स्कीम का लाभ न देने के कारण उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से सम्पर्क किया और आप बीती बताई अधिवक्ता द्वारा उनकी ओर से जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में परिवाद प्रस्तुत किया गया जहां आयोग ने वी मार्ट रिटेल के प्रबंधक को आदेश दिया कि स्कीम के अंतर्गत बैग की कीमत 2000 रु उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7% वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करने तथा नियत अवधि में धनराशि अदा न करने पर ब्याज 9% वार्षिक की दर से देय होने तथा 10000 रु मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि की मद में तथा 5000 रु वाद व्यय की मद में अदा करने के आदेश 5 अप्रैल 2025 को दिए परन्तु आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तो अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने जिला उपभोक्ता आयोग में उसकी शिकायत दर्ज कराई जहां आयोग ने वी मार्ट रिटेल के प्रबंधक को तलब किया परन्तु उनकी ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ तो आयोग ने वी मार्ट रिटेल के प्रबंधक के विरुद्ध वारंट जारी किए हैं।

# अमेठी जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अम्बेडकर जयंती

❒ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन किया अर्पित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती जनपद में बड़े हर्षोल्लास, उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। सभी सरकारी/अर्धसरकारी कार्यालयों में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में कई वक्ताओं द्वारा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी लोगों को डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती की बधाई दी एवं बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर का जीवन हमें समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करता है आज हम सब यहां भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर एकत्र हुये हैं यह दिन न केवल एक महापुरुष के जन्म दिवस का प्रतीक है बल्कि यह हमें उनके विचारों, संघर्षों और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक संदेशों को आत्मसात करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने जीवन भर शोषण, भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी, बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा व शस्त्र है जिससे कोई भी व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है। उन्होंने शिक्षा को अधिकार नहीं बल्कि कर्तव्य के रूप में देखा हमें भी उनके सिखाए मार्ग पर चलते हुये शिक्षा, सामाजिक समरसता और न्याय के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिये। इसके अतिरिक्त डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर न केवल जिला मुख्यालय बल्कि जनपद की सभी तहसीलों और ब्लाकों पर भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों पर आधारित गोष्ठियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

# कुपवाड़ा में शहीद जवान के घर पहुंचे अखिलेश यादव

❒ परिजनों को दिया हर संभव मदद का भरोसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। जिले में उस समय भावुक माहौल हो गया जब जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सर्च अपरेशन के दौरान शहीद हुए सेना के जवान अखिलेश शुक्ला के घर सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अयक्ष अखिलेश यादव पहुंचे। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

बाुआकला थाना क्षेत्र के अलीगंज मझना निवासी रा .ष्ण शुक्ला के पुत्र अखिलेश शुक्ला, जिन्हें शुभम के नाम से भी जाना जाता था, भारतीय सेना की 33 वर्कशप एमी कोर में नायक पद पर तैनात थे। वर्ष 2023 में सेना में भर्ती हुए जवान की वर्तमान तैनाती कुपवाड़ा में थी। बताया गया कि 28 मार्च को सर्च अपरेशन के दौरान उन्हें गोली लग गई थी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शहादत की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इससे पहले स्थानीय जनप्रतिनिाि भी शहीद के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर चुके थे। इसौली विाायक मोहम्मद ताहिर खान की सूचना पर अखिलेश यादव ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच समय निकालकर शहीद के घर पहुंचकर परिवार का दुख साझा किया। मुलाकात के दौरान शहीद के पिता ने परिवार के भरण-पोषण के लिए पेट्रोल पंप आवंटित कराने की मांग रखी। इस पर अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया कि इस दिशा में शासन स्तर पर प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि शहीद अखिलेश शुक्ला अपने परिवार के इकलौते पुत्र थे। उनके असमय निान से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य झांकी, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर, बल्दीराय। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बरसावां गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री.ष्ण जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला, जहां श्रद्धालु पूरी तरह से .ष्ण भक्ति में लीन नजर आए।

अयोया से पाारे कथा व्यास परम पूज्य श्याम सारथी जी महाराज ने अपने भावपूर्ण प्रवचन में भगवान श्री.ष्ण जन्म का मनोहारी प्रसंग सुनाया। उनके मुखारविंद से निकले प्रत्येक शब्द ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो मुख्य यजमान राम मनोरथ शुक्ला एवं उनकी ार्मपत्नी सरस्वती शुक्ला के घर स्वयं भगवान ने अवतार लिया हो। जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर पटाखों की गूंज, पुष्प वर्षा और जय श्री.ष्ण के जयघोष से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। इस दौरान नंद बाबा के स्वरूप में प्रभु को टोकरी में सजाकर आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महिलाओं ने सोहर गीत गाते हुए नृत्य कर भगवान के जन्म की खुशियां मनाईं। मुख्य यजमान राम मनोरथ शुक्ला एवं सरस्वती शुक्ला ने इस आयोजन को अपने जीवन का सौभाग्य बताते हुए कहा कि यह उनके लिए अत्यंत आनंद और आस्था का विषय है।

# जीरो टलरेंस का नारा, जमीन पर नजराने का सहारा

❒ सुलतानपुर में अफसरों की छत्रछाया में फलता अवैा निर्माण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। अवैा निर्माण अब कोई छिपी हुई बात नह रह गई है, बल्कि यह खुलेआम चल रहा एक ऐसा खेल बन चुका है, जिसमें नियम-कानून सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आते हैं। बिना नक्शा स्वी.ति के बहुमंजिला इमारतें खड़ी हो रही हैं और जिम्मेदार अाकारी मानो आंखों पर पट्टी बाांे बैठे हैं . या फिर यूं कहें कि सब कुछ उनकी मौन सहमति से ही हो रहा है।

प्रिंट और डिजिटल मीडिया लगातार इन अवैा निर्माणों की पोल खोल रही है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि खबरें छपने के बाद भी विभागीय कार्रवाई शून्य बनी रहती है। नतीजा यह कि निर्माण बिना किसी रोक-टोक के पूरा भी हो जाता है और आगे भी जारी रहता है। अगर सिर्फ जिला मुख्यालय के 1 किलोमीटर के दायरे पर नजर डालें तो दर्जनों ऐसे निर्माण दिख जाएंगे जो बिना मानक और बिना नक्शे के ड़ल्ले से खड़े किए जा रहे हैं। जिला अस्पताल के सामने गल्लामंडी मोड़ की बहुमंजिला इमारत, कुड़वार नाका गायत्री मंदिर के बगल का निर्माण, रामलीला मैदान के पास ओवरब्रिज के किनारे बना कम्प्लेक्स, और दीवानी तिराहा पर डीएम आवास के सामने खड़ी होती इमारतें ये सब प्रशासन की कार्यशैली पर साीा सवाल खड़े करते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जीरो टलरेंस की नीति का ढिंढोरा पीट रहे हैं, तब सुलतानपुर के जिम्मेदार अाकारी उसी नीति को खुलेआम मजाक बना रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यहां नियमों से ज्यादा नजराने की अहमियत है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जब 2027 के विाानसभा चुनाव में जनता इन मुद्दों को लेकर सवाल खड़े करेगी, तब शासन और प्रशासन के पास क्या जवाब होगा। फिलहाल तो हालात यही बयां कर रहे हैं कि सुलतानपुर में कानून नह, बल्कि सहूलियत के हिसाब से व्यवस्था चल रही है।

## महिला थानाध्यक्ष के प्रयास पति पत्नी का रिशता हुआ मजबूत

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में महिला थाना पुलिस इन दिनों कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही रिश्तों को भी मजबूत कर रही है।महिला थाना के प्रयास से एक विवाहित जोड़ा पुनः साथ रहने को राजी हुआ है।मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत मंगलवार को महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति पत्नी के बीच चल रहे विवादों के सम्बंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुये पति पत्नी को साथ रहने के लिये समझाया गया जिसमें एक विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया। अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## शिक्षा माफियाओं पर कसा शिकंजा, बीएसए का सख्त अल्टीमेटम

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिना मान्यता चल रहे विद्यालयों पर सख्ती दिखाते हुए जिला बेसिक शिक्षा अाकारी उपेंद्र गुप्ता ने कड़ा रुख अपनाया है। जीडी गोयनका विद्यालय को जारी नोटिस के साथ बीएसए ने साफ संदेश दिया है कि नियमों की अनदेखी अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नह की जाएगी। बिना वैा मान्यता के विद्यालय संचालन पूरी तरह अवैा है। विभाग को गुमराह कर छात्रों का नामांकन करना और सीबीएसई गाइडलाइन का उल्लंघन गंभीर अपराा की श्रेणी में आता है। तत्काल प्रभाव से सभी अनियमितताएं बंद करें, अन्यथा कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निाारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करें, अन्यथा मानकों के विपरीत संचालित विद्यालय को बंद कराने की कार्रवाई भी की जा सकती है। बीएसए के इस कड़े रुख से साफ है कि अब जिले में शिक्षा व्यवस्था को नियमों के दायरे में लाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सख्त मोड में आ चुका है।

## जमीनी विवाद में घायल वृद्ध की मौत परिजनों का प्रदर्शन, हत्या का लगाया आरोप

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के काछा भिटौरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए हमले में घायल 95 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के चार दिन बाद हुई इस मौत से आक्रोशित परिजनों ने सोमवार को शव रखकर प्रदर्शन किया और पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी जताई। बताया जा रहा है कि चार दिन पहले गांव में कुछ लोगों ने एक ही परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था, जिसमें 95 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज चल रहा था, लेकिन रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और शव को रखकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह और सीओ जयसिंहपुर आरके चतुर्वेदी समेत प्रशासनिक अाकारी मौके पर पहुंचे। अाकारियों ने समझा-बुझाकर परिजनों को शांत कराया और अंतिम संस्कार के लिए राजी किया। मृतक के पुत्र पिंटू निषाद ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के बाद जब वह थाने में शिकायत लेकर पहुंचे तो उन्हें ही करीब पांच घंटे तक बैठाए रखा गया। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामले को हल्का दिखाते हुए मामूली ााराओं में मुकदमा दर्ज किया, जबकि हमला बेहद गंभीर था। परिजनों का कहना है कि अब तक केवल दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले में हत्या और हत्या के प्रयास जैसी गंभीर ााराएं लगाई जाएं और सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। वही, सीओ जयसिंहपुर आरके चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधाार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विवेचना के दौरान धााराओं में बढ़ोतरी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सामाजिक न्याय के इतिहास में डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान प्रेरणादायक : भूपेंद्र सिंह

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के संविधान और सामाजिक न्याय के इतिहास में डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान प्रेरणादायक है।भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने मेहड़ा पुरवा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत कहा कि डॉ. आंबेडकर ने न केवल संविधान निर्माण की प्रक्रिया का नेतृत्व किया, बल्कि समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों की नई चेतना भी जगाई। हर साल 14 अप्रैल को उनकी जयंती मनाई जाती है।

# समरसता व राष्ट्रहित में एकजुट होना डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि : मुनीश आंबेडकर

❒ जयंती पर संगोष्ठी, सामाजिक समरसता व सद्भाव पर हुआ मंथन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



झांसी । देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माधव स्मृति भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी आयोजित कर उनके विचारों और योगदान को स्मरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर को सामाजिक समरसता का महान चिंतक बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता संघ के सह प्रांत प्रचारक मुनीश ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर समाज के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने बताया कि आंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की और अनेक विषयों में दक्षता हासिल की। वे नौ भाषाओं के ज्ञाता थे और समाज में समानता स्थापित करने के लिए जीवनभर संघर्षरत रहे।मुनीश ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने छुआछूत को समाज का सबसे बड़ा अभिशाप बताया और इसे समाप्त करने के लिए व्यापक प्रयास किए। उन्होंने समाज से जातिगत भेदभाव खत्म कर राष्ट्रहित में एकजुट होने का संदेश दिया। उनका मानना था कि यदि समाज समरसता व सद्भाव के साथ आगे बढ़ेगा, तो देश सशक्त और स्वतंत्र बना रहेगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंज बिहारी भास्कर ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से सामाजिक कुरीतियों को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि समाज में समानता और शिक्षा का प्रसार ही विकास का आधार है और यही आंबेडकर के विचारों का मूल है।विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश वाल्मीकि ने डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने बचपन से ही भेदभाव का सामना किया, लेकिन हार नहीं मानी। उनके प्रयासों के कारण आज समाज के सभी वर्गों को शिक्षा और समान अधिकार प्राप्त हो सके हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के उच्च पदों पर बैठे लोग भी संविधान की शपथ लेते हैं, जो डॉ. आंबेडकर की देन है।कार्यक्रम की अध्यक्षता बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभागाध्यक्ष प्रो. एम.एम. सिंह ने की।

# अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर बड़ा हमला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अयक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुसाफिरखाना में बड़ा बयान देते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना सााा। नोएडा में मजदूरों के मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि जब देश के अन्य राज्यों में मजदूरों की मजदूरी बढ़ रही है, तो उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों नह हो रहा। इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मजदूर ही नह आएंगे तो निवेश कैसे चलेगा। पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां दीदी की जीत होगी और यूपी व दिल्ली से जाने वाले लोग पहले अपने यहां का हिसाब दें। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी के बाद तहसील और थानों में भ्रष्टाचार बढ़ा है और लोग डर के कारण ज्यादा पैसा जमा कर रहे हैं। गौरीगंज सीट को लेकर उन्होंने कहा कि यह बहुत हट सीट है और प्रत्याशी का चयन जनता से सलाह लेकर किया जाएगा। महिला आरक्षण पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत साफ नह है। बिना क्षेत्र तय किए आरक्षण की बात करना सिर्फ यान भटकाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि आबादी की सही गिनती किए बिना आरक्षण लागू करना संभव नह है।

संविाान को लेकर भी उन्होंने भाजपा पर निशाना सााते हुए कहा कि सरकार संविाान में छेड़छाड़ करना चाहती है और लोकतंत्र पर भरोसा नह करती। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बनाए संविाान के अनुसार समाज को उसका हक और अाकार मिलना चाहिए। यह बयान अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर जाते समय अमेठी के मुसाफिरखाना में एक निजी कार्यक्रम के दौरान दिया।

# मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायत धर्मेंई में पांच की जगह 44 की हजारी,फ़ेस रीडिंग में फर्जीवाड़ा

- धर्मेई, छजवा, दुर्जनपुर, डुढाव,पूरे सिधारी में बेपटरी दौड़ रही मनरेगा, अधिकारियोने बंद की आंखें
- मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा करने के मास्टर माइंड बताये जाते धर्मेई रोजगार सेवक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। गांव के गरीब मजदूरों को रोजगार देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्री य ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की थी।सरकार इसे जन हित में ईमानदारी से चलाने के लिए लगातार प्रया सरत है,लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और कहानी बयां कर रही है।मुजेहना ब्लॉक क्षेत्र की अधिकतर ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है,इन दिनों मोबाइल के ज़रिए श्रमिकों की फ़ेस हाजिरी दर्ज करने का चलन आ म हो गया है।ग्राम पंचायतों में आय दिन ऐसे हथ कंडे अपनाए जा रहे हैं,जिनमें कागज़ पर काम हो ता है,लेकिन धरातल पर कुछ नहीं ताजा मामला मुजेहना ब्लॉक की ग्राम सभा धर्मेंई से जुडा हुआ धर्म ग्राम पंचायत में तैनात रोजगार सेवक मनरेगा

योजना में फर्जीवाड़ा करने में महारत हासिल कर रखी है, केंद्र सरकार ने नियम बदल कानून बदला लेकिन फर्जीवाड़ा करने वालों ने इसकी भी काठ निकाल ली है,ग्राम पंचायत धर्मेंद्र के रोजगार सेव क ने मनरेगा के साइड पर पांच लोगों की फोटो को अपलोड करके 44 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज कर दी है,यह कोई नया मामला नहीं है इससे पहले भी अनेकों फर्जीवाडे की शिकायत डीसी मनरेगा से हो चुकी है,लेकिन कार्रवाई अभी तक शून्य ही रही है,इससे धर्मेई ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक का मनोबल भ्रष्टाचार में बढ़ता जा रहा और योगी

सऱकाऱ में लूट हथकंडा अपनाता जा रहा है। यही नहीं,छजवा,दुर्जन पुर,डुढाव और पूरे सिधारी में फ र्जी मस्टररोल अपलोड की जा रही है।ग्राम पंचाय त छजवा में 33 दुर्जनपुर में 55 डुढाव में 59 और पूरे सिधारी में 42 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है लेकिन धरातल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं है।

### धरातल से मजदूर गायब, पोर्टल पर मजदूर

मुजेहना ब्लॉक के स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कोई नई बात नहीं है।यहां तो रोज़ ही कागज़ों पर काम होता है,असल में कुछ नहीं।जब भी शिकायत की जाती है,तो ब्लॉक स्तर से जांच होगी कह कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर से नीचे तक सब सेटिंग गेटिंग का खेल चल रहा है,जिसमें जिम्मे दारों की मिलीभगत से गरीबों के नाम पर पैसा उड़ा या जा रहा है।ब्लॉक के ग्रामपंचायत में भी ऐसी ही तस्वीर सामने आई है।गांव में तालाब खुदाई और सड़क पटाई कार्य के लिए मजदूरों को ल गाया गया है लेकिन धरात ल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं रहते है सिर्फ फोटो में घर बैठे मजदूरों की फ़ेस का खेल जारी करके मनरेगा के साइड पर अपलोड किया जा रहा है।विश्वस्त सूत्रों की माने तो कुछ इसी तरह का खेल मनरेगा में चल रहा हैं।मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो सब से मनरेगा योजना के जिम्मे दार एपीओ और कई जिम्मेदार प्रतिनिधि और कर्मचारी कटघरे में होंगे।खैर देखना यह होगा की दूसरे मामलों की तरह जांच ठंडी रहेगी या भ्रष्टाचा रियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी।

### क्या कहती हैं सीडीओ अंकिता जैन

मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन का स्पष्ट कहना है कि मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना में लापरवा ही अथवा वित्तीय अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि कार्यों की गुण वत्ता,पारदर्शिता एवं ग्रामीण जन विश्वास बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शा मिल है।ऐसे में लापरवाही एवं वित्तीय अनि यमित ता अस्वीकार है।दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवा ई की जाएगी।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल को होगा

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की समय-सारणी जारी कर दी गई है। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि मतदाता सूचियों के कंप्यूटरीकरण के उपरांत मतदान केंद्रों,स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची डाउनलोडिंग एवं फोटो प्रतियां तैयार करने सहित अन्य आवश्यक कार्य सत्रह मार्च से इक्कीस अप्रैल तक सम्पन्न कराये जायेंगे। जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन बाइस अप्रैल को जनसामान्य के लिये किया जायेगा। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने अपने क्षेत्राधिकार में संशोधन एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि वृहद पुनरीक्षण अभियान के दौरान पड़ने वाले सभी सार्वजनिक अवकाशों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे ताकि निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कार्य पूर्ण किया जा सके।

## सांसद बहराइच ने बाबा साहब की मूर्ति का किया अनावरण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती के अवसर पर सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रिसिया में ग्रेनाइट पत्थर से नवनिर्मित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी 08 फिट ऊंची मूर्ति का अनावरण किया।

इस अवसर पर सांसद डॉ. गोंड ने बाबा साहब के कृतित्व एवं संविधान की मूल भावना से छात्राओं को परिचित कराते हुए कहा कि हम सभी को बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए शिक्षित व संगठित रहना होगा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में बाबा साहब के चित्रों पर आधारित लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रणविजय सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडे, प्रधानाचार्य अंगद कुमार, सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा सहित शिक्षक व छात्राएं मौजूद रहीं।

## अम्बेडकर जयन्ती पर अनुसूचित जाति बालक बालिका छात्रावास में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती के अवसर पर राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास गेंद घर बहराइच में आयोजित कार्यक्रम में एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए संविधान की मूल भावना तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से छात्राओं को अवगत कराया।

इसी प्रकार राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास महाराज सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब के के त्याग, बलिदान, संघर्ष और परिश्रम से छात्रावास में आवासित 48 छात्रों को परिचय कराते हुए सभी छात्राओं का आहवान किया बाबा जी जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करें। इस अवसर पर सदर विधायक श्रीमती जायसवाल ने चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर कर शुभारम्भ किया तथा पुष्प वर्षा करते हुए छात्राओं की रैली को रवाना किया। महिला महाविद्यालय स्थित राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा टेकरीवाल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रीमती टेकड़ीवाल ने कहा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान से आज हमारा देश विकसित भारत की श्रेणी में आया है और वह दिन अब दूर नहीं जब हमारा देश फिर से विश्व गुरु कहलायेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल पर रंगोली बनाने वाली छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया तथा सभी छात्राओं का कुशलक्षेम भी जाना। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक किशन लाल,सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की जिला संयोजक सोनी श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

## दो साल पहले की लव मैरिज शादी, फिर हुई मार पीट,11 पर मुकदमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के चकरसूल गांव की पूर्व एलएलबी छात्रा हाजिरा बेगम ने लव मैरिज शादी के दो साल बाद ही अपने प्रधान प्रति निधि पति लायक अली उर्फ शेरा और उसके परि वार पर मारपीट का आरोप लगाया है।

हाजिरा बेग म का आरोप है कि दो साल पहले लव मैरिज कर ने के बाद पति और उसके भाई पूर्व लोकसभा प्र त्याशी हाफिज अली समेत परिवार के अन्य सद स्यों ने उसके साथ मारपीट की।इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हाजिरा बेगम के अनुसार,लायक अली उर्फ शेरा ने दो साल पहले अपनी पहली शादी और दो बच्चों की बात छिपाकर उनसे लव मैरिज की थी।हाजि रा बेगम लायक अली के ही एसएमआई महाविद्या लय में पढ़ने वाली छात्रा है शादी के बाद कुछ सम य तक हाजिरा बेगम को अपने घर पर रखा गया, लेकिन बाद में मारपीट शुरू हो गई।पीड़िता का आरोप है कि जब उन्हें लायक अली की पहली पत्नी और बच्चों के बारे में पता चला और उन्होंने इसका विरोध किया,तो लायक अली और उसके भाइयों व परिवार के अन्य सदस्यों ने लगातार उन के साथ मारपीट की।उन्हें घर में रहने नहीं दिया गया और वहां से भगा दिया गया है।हाजिरा बेगम ने नवाबगंज थाने में तहरीर दी है।तहरीर के आधा र पर कल्याणपुर प्रधान प्रतिनिधि पति लायक अ ली उर्फ शेरा, उसके भाई पूर्व लोकसभा प्रत्याशी हाफिज अली,कायम अली,मुबारक अली, लियाक त अली,आरिफ सैय्यद उर्फ लल्ला,आशिक सैय्यद उर्फ शोएब, और नाहिदा, नुसरत फातिमा, फहीम के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।इन पर मारपीट,गाली-गलौज,घर से निका लने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।हाजिरा बेगम ने बताया कि दो साल पहले उन की लव मैरिज हुई थी,लेकिन अब उन्हें घर में नहीं रहने दिया जा रहा है।परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर उन्हें घर से बाहर निकाल दिया है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन सभी ने मिलकर उ न्हें मारा-पीटा और धमकी दी कि जो करना है कर लो।

## आनंद हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले की धानेपुर पुलिस ने खाद विक्रेता आनंद पांडेय हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई की है। आज पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी राजन शुक्ला उर्फ चंद्रमणि शुक्ला को गोंडा-उतरौला मार्ग पर बग्गी रोड नहर पुलिया के पास से गिर फ्तार किया।

मेडिकल परीक्षण के बाद उसे न्याया लय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।हत्याकांड में अभी भी अस्प ताल संचालक अनिल ओझा,मुख्य आरोपी अनुप म शुक्ला के पिता और तीन से चार अज्ञात आरो पी फरार चल रहे नामजद आरोपियों की गिरफ्ता री के लिए धानेपुर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।पुलिस परिचितों,रिश्तेदारों और कॉल डिटे ल के आधार पर संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है।अज्ञात आरोपियों की पहचान करने का प्रयास भी जारी है।दरअसल, यह घटना सोमवार तेरह अप्रैल देर रात की है।भांजे सत्य प्रकाश शुक्ला उर्फ सत्यम शुक्ला का झगड़ा सुलझाने गए 40 वर्षीय आनंद पांडेय की आरोपियों ने लाठी-डंडों से पिटाई की थी और गले पर चाकू से वार कर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। इससे पहले, धानेपुर पुलिस ने मुख्य आरोपी अनुपम उर्फ अनूप शुक्ला और राजन शुक्ला के पिता उदयभान शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।धानेपुर थाना ध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया कि अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अज्ञात आरोपियों की पहचान करने में पुलिस जुटी है और आनंद पांडेय हत्याकांड में शामिल किसी भी आरोपी को ख्शा नहीं जाएगा।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आनंद पांडेय की मौत पिटाई से होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने कल मुख्य आरोपी अनुपम शुक्ला और चाचा उदयभान शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस: शहीदो को दी श्रद्धांजलि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। मुंबई में शहीद हुए थे 66 फायर फाइटर्समुंबई के विक्टोरिया डॉकयार्ड पर 14 अप्रैल 1944 को विस्फोटक से भरे सेना के जहाज में आग लग गई थी, तब मुम्बई अग्निशमन सेवा के 100 से अधिक जवान आग बुझाने पहुंचे थे इस दौरान 66 फायर फाइटर आग की चपेट में आकर शहीद हो गए थे,जिनकी याद में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सुरक्षा दिवस मनाया जाता है।

ताकि आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में अग्निशमन केंद्र पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में अग्नि शमन सेवा स्मृति दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित समस्त अग्नि शमन कर्मियों द्वारा शहीद अग्निशमन कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके अदम्य साहस,कर्तव्यनिष्ठा एवं बलिदान को नमन क रते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। तत्प श्चात मुख्य अग्निशमन अधिकारी रविन्द्र शंकर मि श्र द्वारा समस्त अग्निशमन कर्मियों को ल्लअग्नि सुर क्षाङ्क की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें कर्तव्य के प्र ति सदैव सजग, सतर्क एवं तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निकांड की घटनाओं से बचाव,प्रारंभिक अग्नि शमन उपाय, गैस सिलेंडर,विद्युत उपकरणों एवं ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित उपयोग आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।इसके अतिरिक्त अग्निशमन कर्मियों द्वारा अग्निशमन उपकरणों (फायर एक्सटिंग्विशर आदि) के उपयोग का सजी व प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को आग लगने की स्थिति में तत्काल किए जाने वाले आवश्यक कदमों के बारे में जागरूक किया गया।आमजन को यह भी बताया गया कि किसी भी आपात स्थि ति में तत्काल फायर सर्विस को सूचित करें एवं घ बराए बिना सूझबूझ के साथ कार्य करें।अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर भी जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किए जाने हेतु निर्दे शित किया गया है,जिससे अधिक से अधिक लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके पुलिस लाइन गोंडा स्थित क्वार्टर गार्ड पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक को अग्निशमन दिवस फ्लैग लगाया गया तथा अग्निश मन सेवा के शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारीथ्कर्मचारीगण उपस्थित रहे तथा सभी ने अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## श्रमिकों एवं कर्मचारियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान: सर्वेश पाठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। जनपद गौतम बुद्धनगर (नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा) में चल रहे श्रमिक आंदोलन के संदर्भ में भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी संगठन के रा ष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक ने एक महत्वपूर्ण बयान जारी करते हुए सभी श्रमिकों एवं कर्मचारि यों से शांति व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों द्वारा उठाई गई अधि कांश प्रमुख मांगों को सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया है,जो श्रमिक हित में एक बड़ी उपल ब्धि है।ऐसे में सभी साथियों को संयम, धैर्य एवं सत्याग्रह के मार्ग पर चलते हुए अपने मुद्दों को शांतिपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए,सर्वे श पाठ क ने यह भी स्पष्ट किया कि आंदोलन के बीच कु छ असामाजिक तत्व घुसपैठ कर रहे हैं, जो वाहनों एवं संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने सभी श्रमिकों से अपील की कि वे ऐ से तत्वों एवं किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और केवल सत्य एवं अनुशासन के मार्ग पर चलें।उन्होंने कहा कि कोरोना काल में मुख्यमंत्री के द्वारा श्रमिकों के हित में किए गए कार्य सराह नीय रहे हैं और वर्तमान में भी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि किसी भी कर्मचारी के साथ अन्या य या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### स्वीकृत सात सूत्रीय मांगे

सभी श्रमिकों को ओवरटाइम का भुगतान निर्धा रित दर से दोगुना किया जाएगा।प्रत्येक श्रमिक को साप्ताहिक अवकाश अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाएगा।अवकाश के दिन कार्य कराने पर दोगुना भुगतान किया जाएगा।प्रत्येक माह की दस तारीख से पूर्व वेतन सीधे श्रमिक के बैंक खाते में स्थानांतरित किया जाएगा। पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक श्रमिक को वेतन के साथ वेतन पर्ची प्रदान की जाएगी।सभी औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों के साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा।जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर श्रमिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा।प्राप्त शिकाय तों पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा एगी।सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जा एगा तथा उल्लंघन पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### श्रमिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा

सभी औद्योगिक इकाइयों में आवश्यक सुरक्षा उपकरण, स्वच्छ पेयजल,प्राथमिक उपचार (First Aid) एवं स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधाएं अनि वार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी।अंत में सर्वेश पाठक ने सभी श्रमिक भाइयों-बहनों से अपील की कि वे एकजुट रहकर शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक त रीके से अपने अधिकारों की रक्षा करें तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या अव्यवस्था से दूर रहें।

## 06 मई को बाबुल का आंगन बनेगा गेंद घर मैदान

बहराइच । सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि श्रम विभाग बहराइच द्वारा 06 मई 2026 को गेंद घर के मैदान में देवीपाटन मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों एवं अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। इस अवसर पर अधिकतम 200 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। सभी पात्र श्रमिकों को रू. 85000/- की धनराशि हितलाभ के रूप में प्रदान की जायेगी।श्री मोदियानी ने बताया कि ऐसे श्रमिक जिनका पंजीयन 01 वर्ष पुराना है अपनी बेटी की शादी तथा पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक स्वयं के विवाह हेतु जन सुविधा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय श्रमिक को आधार कार्ड, वर एवं वधू से संबंधित परिवार रजिस्टर की नकल, शपथ पत्र आदि अपलोड करना होगा। इच्छुक श्रमिक विवाह से 15 दिन पूर्व तक आवेदन कर सकते हैं। विवाह के सम्पूर्ण आयोजन की व्यवस्था श्रम विभाग द्वारा की जायेगी।

## दो बाइको के आमने सामने टकराने से दो युवकों की मौत, तीन घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के जरिया थाने क्षेत्र स्थित धगवां मार्ग पर दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मंगलवार को पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।सरीला कस्बा निवासी राहुल बाल्मीकि (28) अपने साथी रामू (25) और जितेंद्र (30) के साथ रिश्तेदारी में कुंआ पूजन में शामिल होने के लिए जालौन जिले के कहटा गांव जा रहा था। वहीं, चंडौत गांव निवासी ऋषि राजपूत (30) अपने साथी रवि (28) के साथ बाइक से कस्बे जा रहा था। जरिया थाने के धगवां मार्ग पर झबरा के पास दोनों बाइक सवारों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी बाइक सवार उछलकर सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने ऋषि व राहुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, तीनों घायलों की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक नगर पंचायत में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। थाना प्रभारी दिनेश पांडेय ने मंगलवार को बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। तीन अन्य घायल हुए है, जिन्हें उरई मेडिकल कालेज इलाज के लिए भेजा गया है।

# कटना नदी के पुनरुद्धार कार्य का डीएम एवं ब्लॉक प्रमुख ने किया भव्य शुभारंभ

❒ बंगाली समुदाय को शीघ्र मिलेगा भौमिक अधिकारः जिलाधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। जनपद पीलीभीत के विकास खंड मरौरी में आज जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। ग्राम पंचायत कंजा हरैया एवं अजीतपुर पटपरा में कटना नदी का पुनरुद्धार कार्य का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, नायब तहसीलदार ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।विशिष्ट अतिथि सम्यता वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नदियों का पुनरुद्धार न केवल जल स्तर को



बढ़ाने में सहायक होगा,बल्कि स्थानीय किसानों और वन्यजीवों के लिए भी जीवनदायिनी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य कटना नदी का पुनरूद्धार एवं गहरीकरण करना है। उन्होंने सरकार की जल संचयन प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए ग्रामीणों से इस अभियान में सहयोग की अपील की हैं। डीएम ने कहा कि विकास खंड मरौरी के लिए यह एक गौरवशाली क्षण है। कि हम अपनी प्राकृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस महायोगदान में अपना योगदान ज़रूर दें, ताकि हम इस नदी को पुनर्जीवित कर सौ वर्ष पूर्व की स्थिति में ले आयें।उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से बहुत जल्द ही आपको जो आपकी ज़मीन है, उसका भौमिक अधिकार मिलने वाला है, ये बहुत हर्ष का विषय है। जितने भी बंगाली परिवार यहाँ पर आए थे उन सबको पट्टे हुए थे लेकिन उन पट्टों पर भौमिक अधिकार नहीं था।राज्य सरकार द्वारा यह एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आपको बहुत जल्दी ही भौमिक अधिकार मिलने जा रहा है। सरकार की तरफ़ से अध्यादेश जारी हो गया है।

सरकार की तरफ़ से जो औपचारिकताएँ थीं वो पूरी कर दी गई हैं। अब बस तहसील स्तर से हम लोगों को पूरी कार्यवाही करके, सबको पट्टा वितरण किया जाना है। माननीय मुख्यमंत्री जी भी आपके क्षेत्र में बहुत जल्दी आने वाले हैं, उनका बहुत ज़ोरदार ढंग से आप लोग स्वागत करें। उनको भी एहसास हो कि उन्होंने जो इतना बड़ा काम किया है, उसके बदले में क्षेत्र की जनता ने भी उनका धन्यवाद प्रेषित किया है।

## विथरा में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अध्यक्षता में मनाई गई बाबा साहब की जयंती



पीलीभीत। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत विथरा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा हथियार बताया था। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और भाईचारा स्थापित करना है। उन्होंने युवाओं से संविधान पढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।कार्यक्रम में शकुंतला राजपूत, प्रेम सागर गौतम, वीरपाल गौतम, वीरेंद्र गौतम, डॉक्टर तुलाराम, पुनीत फौजी, सोहनलाल राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे है।

# सपाइयों ने हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ सयूस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने बाबा साहब को बताया महानायक

पूरनपुर। समाजवादी पार्टी द्वारा सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी आह्वान के अंतर्गत प्रत्येक सेक्टर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसके क्रम में गजरौला में भी व्यापक रूप से आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की। इस अवसर पर यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय पदाधिकारी अरशद दद्दा, डॉ. मनोज यादव एवं मानवेंद्र सिंह यादव प्रभारी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने अपने बयान में कहा कि बाबा साहब का संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अधिकार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि आज के समय में उनके विचारों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है, और बाबा साहब ने इसे अपने जीवन से सिद्ध किया।इसके उपरांत प्रभारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय पदाधिकारी अरशद दद्दा ने कहा कि बाबा साहब ने देश के प्रत्येक वर्ग को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया और हमें उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए।मानवेंद्र सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा वर्ग यदि बाबा साहब के विचारों पर चले, तो समाज में समानता और भाईचारा और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम में मनोज यादव, अरशद दादा, संजय यादव, मोनू ठाकुर, मानवेंद्र सिंह यादव, विजय गौतम, नरेश गौतम, रमेश गौतम, अहिद खां, नाबिर अली मंसूरी सहित समस्त पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और समाज में न्याय व समानता स्थापित करने के संकल्प के साथ किया गया हैं।

## गौरीगंज तहसील सभागार में किसान दिवस आज मनाया जायेगा

अमेठी। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार जनपद अमेठी में माह अप्रैल के तृतीय बुधवार पन्द्रह अप्रैल को किसान दिवस का आयोजन तहसील सभागार गौरीगंज में अपरान्ह बारह बजे से दो बजे तक किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने जनपद के विभागीय अधिकारियों को सूचित किया कि किसान दिवस से सम्बन्धित संचालित कार्यक्रमों की सूचना सहित बैठक में समय से स्वयं प्रतिभाग करें।

# पूरनपुर में धूमधाम से निकली डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती शोभायात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। नगर में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही उत्साह,श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई इस अवसर पर नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज से एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो बैंड-बाजों, डीजे और आकर्षक झांकियों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा का शुभारंभ सुबह विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ कार्यक्रम में शामिल लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया इसके बाद जैसे ही यात्रा प्रारंभ हुई,पूरा नगर जय भीम और ल्लबाबा साहब अमर रहेंङ्क के नारों से गूंज उठा यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवाओं, छात्रों और महिलाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली झांकियों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके योगदान, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका और सामाजिक समानता के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया कई झांकियों में उनके जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत रूप में दर्शाया गया, जिसे देखने के लिए मार्गों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी बैंड-बाजों की धुन और ढोल-नगाड़ों की आवाज पर युवा पूरे जोश के साथ नाचते-गाते नजर आए शोभायात्रा नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों से होती हुई निर्धारित स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुई पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और पुष्पवर्षा कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने पर जोर देते हुए कहा कि उन्होंने समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना हथियार बनाकर समाज के उत्थान में योगदान दें शोभायात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे पुलिस बल तैनात रहा और यातायात व्यवस्था को भी सुचारु रूप से संचालित किया गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

# भाजपा नेताओं ने अम्बेडकर जयंती पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गौरीगंज, अमेठी। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर मंगलवार को जनपद अमेठी के सभी बूथों एवं विभिन्न स्थानों पर स्थापित उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक जयंती मनाई गई।अमेठी स्थित अम्बेडकर तिराहा पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ भी दिलाई गई। भाजपा के प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी शंकर गिरी ने जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के करौली में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये भारतीय संविधान की प्रस्तावना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ल्लहम भारत के लोगङ्क की भावना देश को एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित करती है जो सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता प्रदान करने का संकल्प लेती है।उन्होंने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बाबा साहब से जुड़े पंचतीर्थ स्थलों का निर्माण कर उनकी विरासत को संरक्षित करते हुये उन्हें उचित सम्मान देने का कार्य किया है।इसी क्रम में चन्द्रमौलि सिंह एवं मंडल अध्यक्ष मनोज पासी ने जामो ब्लॉक के लालूपुर ढबिया गांव के महापुर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों एवं विभिन्न स्थानों पर स्थापित प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई।

# अंबेडकर जयंती पर पीलीभीत नगर पालिका की ऐतिहासिक पहल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ 10 वर्षों से लंबित 77 लाख रुपये से अधिक एरियर का भुगतान, कर्मचारियों को मिले प्रतीकात्मक चेक, सम्मान समारोह में दिखा उत्साह

पीलीभीत । भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद पीलीभीत में एक ऐतिहासिक और कर्मचारी हितैषी पहल देखने को मिली। वर्षों से लंबित पड़े कर्मचारियों के एरियर भुगतान की प्रक्रिया का शुभारंभ करते हुए 211 कर्मचारियों को कुल 77,36,246 रुपये के एरियर का वितरण प्रतीकात्मक चेक के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारों और सामाजिक न्याय की दिशा में किए गए योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी समान अधिकार और सम्मान मिले, और इसी भावना के अनुरूप कर्मचारियों को उनका बकाया एरियर दिलाना एक सार्थक कदम है।नगर पालिका के लिपिकीय विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कई कर्मचारियों का एरियर पिछले लगभग 10 वर्षों से लंबित था। कुछ मामलों में आंशिक भुगतान पहले किया गया था, लेकिन अधिकांश कर्मचारी अपने पूर्ण भुगतान से वंचित थे। इस गंभीर स्थिति को संज्ञान में लेते हुए पालिका प्रशासन द्वारा विस्तृत परीक्षण, दस्तावेजों का सत्यापन और पात्र कर्मचारियों की सूची तैयार की गई। इसके बाद अब एरियर भुगतान की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि कर्मचारियों का हक समय पर मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से एरियर लंबित होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए अंबेडकर जयंती जैसे प्रेरणादायक दिन का चयन किया गया, ताकि बाबा साहब के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारा जा सके।उन्होंने आगे जानकारी दी कि जयंती के दिन अवकाश होने के कारण प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए हैं, जबकि वास्तविक भुगतान अगले कार्यदिवस में सभी कर्मचारियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद अधिकांश लंबित एरियर का निस्तारण हो जाएगा।कार्यक्रम का संचालन सभासद साकेत सक्सेना एवं पालिका कर्मी शंकर राही द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान सहित सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, विपिन गंगवार, अवतार सिंह मोनू, अनस अंसारी, सुनीता सिंह, पंकज तिवारी, जगन्नाथ लोधी, स्वतंत्र देवल, प्रतीक अग्रवाल, चैतन्य गंगवार, मोहन स्वरूप, निजाकत अली कादिरी, रिंकू लोधी, सुरेश लोधी, मोनू मिश्रा, मनोज शर्मा, राजकुमार बाल्मीकि सहित पकड़िया नौगवां नगर पंचायत के कई सभासद समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों का तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया, जिससे पूरे परिसर में सम्मान और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया।

## जगदीशपुर पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के इनामी अपराधी को पकड़ा

अमेठी। थाना जगदीशपुर पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये का इनामिया एक अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में वांछित अरमान पुत्र गोरखू उर्फ मुस्तकीम निवासी ग्राम नारा अढनपुर थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब तैंतालीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अरमान एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर व अमेठी में चोरी, जालसाजी व धोखाधड़ी आदि विभिन्न धाराओं में कुल दस अभियोग पंजीकृत है।

# निर्माण लिपिक पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ नगर पालिका अयक्ष और ईओ की भूमिका भ्रष्टाचार को संरक्षण प्रदान करने वाली

सुल्तानपुर। दलित सभासद कंचन लता ने नगर पालिका पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शासन में लिखित शिकायत की।

बताते चलें नगर पालिका के घोसियाना वार्ड की सभासद कंचन लता ने नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार पर मुखर हुई और नगर पालिका सुल्तानपुर में हो रहे भ्रष्टाचार पर निदेशक, स्थानीय निकाय, ए के शर्मा, मंत्री नगर विकास विभाग, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग आदि को पत्र लिखकर निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की। सभासद कंचन लता ने बताया है कि निर्माण लिपिक कपिल श्रीवास्तव लगभग 20 वर्षों से निर्माण पटल का कार्य देख रहे हैं जो सरकारी कार्मिक विभाग द्वारा निर्गत वार्षिक स्थानांतरण नीति 29.03.2018 का स्पष्ट उल्लंघन है। कर संग्रह के पद पर नियुक्त कपिल श्रीवास्तव पर गबन का आरोप सिद्ध होने के बाद कैश ानराशि जमा करने के लिए प्रतिबंाित हैं। इसके बाद भी निर्माण पत्रावली, निविदा, भुगतान हेतु बिल सत्यापन प्रपत्रों पर तो निर्माण लिपिक के हस्ताक्षर होते हैं। किंतु निविदा फर्म फीस जमा करने का कार्य दूसरे बाबू कराया जाता है। निर्माण लिपिक कपिल श्रीवास्तव द्वारा वर्तमान नगर पालिका अयक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल के पूर्व कार्यकाल में सड़क निर्माण में घोटाला हुआ था, जिसमें आिशासी आकिारी और अभियंता को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया और कपिल श्रीवास्तव को स्पष्ट निर्देश के बाद भी तात्कालिक और वर्तमान अयक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल द्वारा पत्रावली को शिथिल रखते हुए अभयदान दिया जा रहा है। कपिल श्रीवास्तव द्वारा ही 40 लाख की निविदा को विस्तारित कर 67 लाख से आिक का भुगतान करा कर शासकीय ान की क्षति पहुंचाई गई है। अयक्ष और ईओ नगर पालिका लालचंद सरोज द्वारा निर्माण लिपिक कपिल श्रीवास्तव संरक्षित/पालित हैं। जो नवीन बोर्ड में लगभग साढ़े तीन वर्ष से निर्माण पटल का ही कार्य देख रहे हैं। कपिल श्रीवास्तव के प्रोन्नत के संदर्भ में जिलाकिारी, सुल्तानपुर के स्तर से अनियमितता की पुष्टि हुई थी, किंतु नगर पालिका के अयक्ष और आिशासी आकिारी द्वारा उचित कार्रवाई न कर निर्माण लिपिक को प्रदेश सरकार की मंशा की विपरीत संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

वर्ष 2024 25 में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत पर्यावरण पार्क में फूड स्ट्रीट हब प्लाजा के निर्माण की स्वी.त प्राप्त हुई थी। किंतु लंबे अरसे से निर्माण लिपिक के पद पर अंगद के पांव की तरह स्थापित कपिल श्रीवास्तव द्वारा तथ्य का गोपन करते हुए पर्यावरण पार्क में पालिका निाि और राज्य वित्त से पत्रावली तैयार करा कर नियमों के विपरीत कैंटीन का निर्माण कराया गया और शासन की अति महात्वाकांक्षी योजना को डस्टबिन में डाल दिया गया। नगर पालिका की दुकानों का किराया लिपिक दिनेश सिंह/सुशील श्रीवास्तव द्वारा जमा किया जाता है। किंतु पर्यावरण पार्क में बनी कैंटीन का किराया किराया लिपिक द्वारा नह जमा किया जाता है। कपिल श्रीवास्तव, आिशासी आकिारी और अयक्ष द्वारा पर्यावरण पार्क में बनी कैंटीन के किराए की मोटी रकम का बंदर बांट करके पालिका की होने वाली आय को खुर्द बुर्द किया जाता है। सत्र 2026-27 में कैंटीन नीलामी हेतु कोई भी नियमावली /प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष नह रखी गई है। निर्माण निर्माण लिपिक कपिल श्रीवास्तव द्वारा फाइलों का रखरखाव, भुगतान संबांी पत्रावली, कार्यों की स्वी.त, निविदा संबांी पत्रावली आदि को सुरक्षित रखना होता है। किंतु निर्माण लिपिक द्वारा इसमें अनुचित लाभ लेने और देने के उद्देश्य से वित्तीय अनियमितता की गई है। इनके लगभग 20 वर्ष से आिक समयावाि के बोर्ड फंड व राज्य वित्त की फाइलों की जांच कर कर पुष्टि की जा सकती है। नगर पालिका में वर्षों से हो रहे भ्रष्टाचार पर जिला प्रशासन क्यों मौन है? जिला प्रशासन की यह चुप्पी पालिका में भ्रष्टाचार करने वालों को संबल प्रदान करती है। नगर पालिका ईओ लालचंद सरोज भ्रष्टाचार से उप.त होकर अन्य जगह स्थानांतरित हो जाएंगे लेकिन नगर पालिका के अयक्ष प्रवीण अग्रवाल को जनता की अदालत में खड़ा होकर किए हुए भ्रष्टाचार का जवाब देना पड़ेगा।

## बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उपाधि कॉलेज में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उपाधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस छात्रा इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती एवं अग्नि रोधक दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा अंबेडकर जी के जीवन, उनके संघर्ष एवं समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।इसी क्रम में आज अग्नि रोधक दिवस भी मनाया गया। राष्ट्रीय सेवायोजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कनौजिया द्वारा अग्नि रोधक दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह दिवस 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर 'फोर्ट स्टिकाइन' जहाज में हुए भीषण विस्फोट में शहर को हिला कर रख दिया था इस दुखद दुर्घटना में 800 से 1300 से अधिक लोग मारे गए 80 हजार लोग बेघर हुए और आसपास के 12 से अधिक जहाज नष्ट हो गए यह विस्फोट उस समय हुआ जब जहाज में 1400 टन से अधिक विस्फोटक और कपास की गांठे लदी थी यह विस्फोट मुंबई के विक्टोरिया डाक पर हुआ था आग बुझाने में प्रयास कर रहे दमकल कर्मचारी में से 71 कर्मचारी वीरगति को प्राप्त हुए इसी याद में हर साल 14 अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है।औद्योगिक सुरक्षा को ध्यान में रखते विद्यार्थियों को आग लगने के कारण, उससे बचाव के उपाय एवं आपात स्थिति में किए जाने वाले आवश्यक कदमों के बारे में भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक विद्यार्थी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने जागरूकता संबंधी गतिविधियों में भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में सभी को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उनके प्रेरणादायक शब्दों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## पूरनपुर में बढ़ते वन्यजीव हमलों पर चिंता, पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे और सुरक्षा उपायों की मांग

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तराई क्षेत्र में बसे पूरनपुर में वन्यजीवों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है बीते कुछ समय में जंगली जानवरों के हमलों की घटनाओं ने ग्रामीणों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है खेतों में काम करने वाले किसान,जंगल किनारे रहने वाले परिवार और राहगीर तक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं इसी मुद्दे को लेकर नगर के भिंडर रेस्टोरेंट में एक अहम प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफ़ेयर काउंसिल के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने कई गंभीर सवाल उठाए तराई क्षेत्र होने के कारण पूरनपुर के आसपास जंगल और वन क्षेत्र बड़ी संख्या में हैं ऐसे में बाघ,तेंदुआ,जंगली सूअर और अन्य वन्यजीवों का आबादी की ओर रुख करना आम होता जा रहा है हाल के महीनों में कई हमलों में लोगों की जान जाने और कई के घायल होने की घटनाएं सामने आई हैं ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही घर से बाहर निकलना जोखिम भरा हो गया है प्रेसवार्ता में सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने वन्यजीव हमलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 लाख रुपये मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की उनका कहना है कि इस तरह की घटनाओं में परिवार पूरी तरह टूट जाता है, ऐसे में सरकार को आगे बढ़कर मदद करनी चाहिए उन्होंने जंगलों से सटे रिहायशी इलाकों में मजबूत फेंसिंग न होने को प्रमुख कारण बताया उनका कहना था कि यदि समय रहते ठोस बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था की जाती,तो कई घटनाओं को रोका जा सकता था उन्होंने वन विभाग और प्रशासन से तत्काल प्रभाव से मजबूत फेंसिंग, गश्त बढ़ाने और चेतावनी सिस्टम लागू करने की मांग की विशेषज्ञों का भी मानना है कि मानव–वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए दीर्घकालिक योजना जरूरी है इसमें जंगलों की सीमाओं का स्पष्ट निर्धारण, सौर ऊर्जा से चलने वाली फेंसिंग, ग्रामीणों को जागरूक करना और त्वरित रेस्क्यू टीम की उपलब्धता शामिल होनी चाहिए प्रेसवार्ता के दौरान सरदार जग्गी ने राय सिख समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग भी दोहराई साथ ही सिख समुदाय में हो रहे धर्मांतरण के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे सामाजिक संतुलन के लिए चुनौती बताया उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से जल्द ही शासन–प्रशासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें सभी मांगों और समस्याओं का उल्लेख होगा लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद ठोस कार्रवाई न होने से प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं ग्रामीणों का कहना है कि जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होता, तब तक जिम्मेदार विभाग सक्रिय नहीं होते पूरनपुर में बढ़ता मानव–वन्यजीव संघर्ष अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में हालात और भयावह हो सकते हैं जरूरत है कि प्रशासन, वन विभाग और जनप्रतिनिधि मिलकर ठोस और स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करें, ताकि लोगों की जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## होटल नौकरी का झांसा,युवक को डंकी रूट से मलेशिया भेजकर बनाया बंधक—चार लाख की ठगी

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हीरपुर कलां निवासी एक युवक के साथ विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है पीड़ित अरबाज खान ने गांव के ही दो सगे भाइयों पर चार लाख रुपये ठगने और डंकी रूट से मलेशिया भेजकर बंधक बनवाने का आरोप लगाया है अरबाज खान पुत्र तसरूल हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपियों ने उसे मलेशिया के एक होटल में नौकरी दिलाने का झांसा दिया 3 फरवरी को उसे मुंबई से टूरिस्ट वीजा पर पहले थाईलैंड भेजा गया इसके बाद विरोध करने पर उसे अवैध तरीके से डंकी रूट के जरिए मलेशिया पहुंचा दिया गया पीड़ित के अनुसार, मलेशिया में आरोपियों के तीसरे भाई ने उसे एक होटल मालिक को बेच दिया,जहां उसे बंधक बनाकर शौचालय साफ कराने जैसे काम कराए गए विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई किसी तरह वहां से निकलकर उसने स्थानीय पुलिस से मदद मांगी, जिसके बाद उसे डिपोर्ट कर भारत भेजा गया अरबाज का आरोप है कि इस दौरान उसका पासपोर्ट और करीब 70 हजार रुपये भी छीन लिए गए भारत लौटने पर जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी मामले में कोतवाल पवन कुमार पांडे ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

## फिर छूटा पूरनपुर, रेलवे ने दिया लॉलीपॉप, बदहाल रेल सेवाओं पर उठे सवाल

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूरनपुर में रेल सेवाओं की स्थिति को लेकर एक बार फिर नाराजगी सामने आई है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ब्रॉडगेज लाइन होने के बावजूद यहां न तो पर्याप्त ट्रेनें हैं और न ही प्रमुख ट्रेनों का ठहराव, जिससे यात्रियों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है लोगों के अनुसार, कई महत्वपूर्ण ट्रेनें पूरनपुर स्टेशन से गुजरती तो हैं, लेकिन रुकती नहीं हैं जो ट्रेनें चल रही हैं, उनकी संख्या भी सीमित है। ऐसे में यात्रियों को मजबूरन पीलीभीत या बरेली जैसे बड़े स्टेशनों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है दैनिक यात्रियों ने बताया कि ट्रेन संचालन भी अव्यवस्थित रहता है कभी समय पर ट्रेन नहीं मिलती, तो कभी भीड़ इतनी अधिक होती है कि सफर मुश्किल हो जाता है छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बन गई है स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रेनों के ठहराव और संख्या बढ़ाने की मांग कई बार जनप्रतिनिधियों के सामने रखी गई, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई इससे लोगों में यह धारणा बन रही है कि उनकी आवाज को नजरअंदाज किया जा रहा है विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है पूरनपुर में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने और प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे फिलहाल, हालिया घोषणाओं के बावजूद पूरनपुर को अपेक्षित ठहराव न मिलने से लोगों में यह चर्चा है कि एक बार फिर उन्हें ल्ललॉलीपॉपङ्क ही थमा दिया गया है, जबकि वास्तविक समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं पूरनपुर में बदहाल रेल सेवाओं को लेकर लोगों का आक्रोश अब सोशल मीडिया पर खुलकर सामने आ रहा है हाल ही में ट्रेन ठहराव को लेकर फिर निराशा हाथ लगने के बाद क्षेत्रवासियों ने सांसद और विधायक के खिलाफ नाराजगी जतानी शुरू कर दी है क्षेत्रवासियों का साफ कहना है कि यदि जल्द ही रेल सेवाओं में सुधार नहीं हुआ, तो यह मुद्दा और बड़ा जनआंदोलन बन सकता है।

## बाबा साहब की जयंती के पूर्व संया पर मोस्ट समर्थकों ने किया रक्तदान

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज दिनांक 13.04.2026 को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व संया पर मोस्ट कल्याण संस्थान, उत्तर प्रदेश के तत्वाान में कूरेभार ब्लक संयोजक राजबहादुर कोरी व डा. राहुल निषाद के संयुक्त नेतृत्व एवं पूर्व विायक सफदर रजा खां के संरक्षण में मेडिकल कलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फ़ायजा हस्पिटल के डा. सादिक अली के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर रविन्द्र निषाद ने फल एवं वीरेंद्र निषाद द्वारा पानी की व्यवस्था की गई थी। रक्तदान शिविर में मोस्ट डायरेक्टर शिक्षक श्यामलाल निषाद गुरूजी, शुभम निषाद, डा. ए.पी. रंजन, डा. राहुल निषाद, मोस्ट प्रमुख जीशान अहमद, राज बहादुर कोरी, एड. अशोक कुमार, मो. इमरान, एड. आशुतोष, विनय विंद, शिक्षक सत्यराम भारती, दिलीप निषाद, उर्मिला निषाद, विक्रम, लालजी बौद्ध, पिंटू निषाद, हरिश्चंद्र निषाद, दिनेश निषाद, राकेश निषाद, अरविंद निषाद, संतराज निषाद, एड. गौरव निषाद, अंकित निषाद, अवोश प्रताप, आत्माराम निषाद, लवकुश कुमार, अजय कुमार हनुमान, डा. डी.वी. राव सहित 28 लोगों ने रक्तदान किया।

## सम्पादकीय

# इस्लामाबाद वार्ता से निकला संदेश

पिछले 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुई इस्लामाबाद वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई। 21 घंटे की चर्चा के बावजूद ईरान और अमेरिका में आपसी सहमति नहीं बन पाई तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने लाव-लश्कर के साथ अमेरिका वापस लौट गए और जाते-जाते कह गए कि यह ईरान के लिए बुरी खबर है कि कोई समझौता नहीं हुआ। लेकिन जो ईरान 28 फरवरी को अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की शहादत से लेकर मिनाब में डेढ़ सौ बच्चियों की जान जाने तक कई बुरी खबरों को झेलकर भी अपनी शर्तों पर टिका हुआ है, उसे अमेरिका भला एक वार्ता के विफल होने से क्या हिला पाएगा। असल में तो इस्लामाबाद वार्ता की असफलता अमेरिका के लिए बुरी खबर है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य की चाबी अब भी ईरान के हाथ में ही है और इससे भी बढ़कर उसके पास सिर न झुकाने का जो जज्बा है, वो ट्रंप जैसे नेताओं के पास नहीं है। ट्रंप नेतन्याहू की मर्जी से युद्ध छेड़ते हैं और समझौता भी नहीं कर पाते, क्योंकि नेतन्याहू ऐसा नहीं चाहते। बीते दिनों न्यूयार्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें बताया गया कि बेंजामिन नेतन्याहू 11 फरवरी को अमेरिका में थे, जहां उन्होंने ट्रंप के सामने एक पूरी रणनीति बताई थी कि ईरान पर हमला करना चाहिए, क्योंकि वह अभी कमजोर है। इससे ईरान में सत्ता बदली जा सकती है और उसके संसाधनों पर कब्जा भी किया जा सकता है। नेतन्याहू ऐसे ही प्रस्ताव पहले बराक ओबामा, जो बाइडेन और जार्ज बुश को भी दे चुके थे, लेकिन इन तीनों राष्ट्रपतियों ने अपने कार्यकाल में ऐसा कोई फैसला नहीं लिया। यह खुलासा पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने हाल ही में किया है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप नेतन्याहू की बात मानने को मजबूर हो गए। क्या इसके पीछे एपस्टीन फाइल्स के खुलासे हैं, इस सवाल का जवाब अभी मिलना बाकी है। बहरहाल, यह वार्ता बेनतीजा रही, क्योंकि एक तरफ इजरायल लेबनान पर अपने हमले नहीं रोक रहा था, जबकि ईरान की 10 शर्तों में यह एक अहम शर्त थी कि लेबनान पर हमले रुकने चाहिए। दूसरी तरफ अमेरिका ने भी अपने रुख में इंच भर का बदलाव नहीं दिखाया। गौरतलब है कि दोनों पक्षों के बीच 5 अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें होर्मुज जलडमरूमध्य, परमाणु कार्यक्रम, युद्ध की भरपाई, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना और ईरान के खिलाफ तथा पूरे क्षेत्र में चल रहे युद्ध को पूरी तरह खत्म करने जैसे विषय शामिल रहे। लेकिन इन मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। अमेरिका न ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने के लिए तैयार हुआ, न उसने होर्मुज पर अपना रुख साफ किया। दरअसल पिछले दस दिनों में ही ट्रम्प दो बिल्कुल अलग-अलग बातें कह चुके हैं। पहले उन्होंने कहा था कि होर्मुज में अमेरिका की कोई खास दिलचस्पी नहीं है, अमेरिका को वहां से गुजरने वाले तेल की जरूरत नहीं है। फिर कुछ ही दिनों बाद उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की मांगों का सबसे जरूरी हिस्सा है, और अगर इसे खुला नहीं रखा गया तो कोई बातचीत नहीं हो सकती। वैसे यह तय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका अपना कब्जा चाहता है, क्योंकि ईरान ने इस पर न केवल नाकेबंदी की है, बल्कि अब शुल्क वसूलने की शुरुआत भी कर दी है और ट्रंप इससे बुरी तरह चिढ़ गए हैं। ईरानी संसद से मंजूरी मिलने के बाद अब इस्लामिक रिवोलूश्यनरी गार्ड्स कॉर्प्स को होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूलने का अधिकार मिल गया है। हर एक बैरल तेल पर एक डॉलर ईरान वसूलेगा, साथ ही क्रिप्टो करेंसी में भुगतान की व्यवस्था भी होगी, ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का कोई असर न पड़े। ईरान की इस रणनीति से उसे आर्थिक मजबूती मिलेगी, अमेरिका को इस बात का अहसास हो चुका है। इसलिए अब उसने फिर से अपने पत्ते फेंटने शुरु किए हैं, ताकि युद्ध को जायज ठहरा सके। हालांकि इस युद्ध ने एक तरफ ईरान और खाड़ी देशों समेत पूरी दुनिया में घोर तबाही मचाई है, वहीं एक नयी वैश्विक व्यवस्था भी तैयार की है, जिसमें ईरान निस्संदेह एक आदर्श की तरह उभरा है।

# होर्मुज से कांडला तक संकट के बीच भारत की ऊर्ज़ा आपूर्ति

**संवेदनशील समय में भारतीय ध्वज वाला एलपीजी जहाज 'जग विक्रम' एवं अन्य जहाजों का सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार करते हुए उनके तय स्थान (बंदरगाह) तक पहुंचना निश्चित ही भारत की संतुलित और प्रभावी कूटनीति का प्रतीक बनकर दुनिया के सामने आया है। इससे पहले हमने एमटी नंदा देवी, शिवालिक को एलपीजी टैंकर लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करते हुए देखा, दोनों जहाजों को ईरान ने सुरक्षित मार्ग दिया। ये एक साथ भारत की ओर बढ़े और देश की ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। कहना होगा कि युद्ध जैसे हालात में इस मार्ग से किसी भी जहाज का सुरक्षित निकलना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में आज 'जग विक्रम' का सुरक्षित पारगमन यह संकेत देता है कि भारत ने समुद्री सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संवाद और सामरिक संतुलन का प्रभावी उपयोग किया है। अतः भारत ने जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में भी अपने समुद्री हितों की रक्षा की है। इसके साथ ही यह भी ध्यान में आया है कि भारत अब तक अपने 2,177 नाविकों को सुरक्षित स्वदेश लेकर आ चुका है। यह आंकड़ा आज हर उस परिवार को राहत दे रहा है, जोकि अपने प्रियजनों की वापसी का इंतजार कर रहा था। साथ ही विदेश मंत्रालय और भारतीय मिशनों ने चौबीसों घंटे हेल्पलाइन और जमीनी प्रयासों के जरिए यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी भारतीय नागरिक संकट में अकेला नहीं रहेगा। वस्तुतः डीजी शिपिंग कंट्रोल रूम द्वारा 6,073 कॉल्स और 12,867 ईमेल्स को संभालना इस बात का प्रमाण भी है कि कैसे संकट के समय प्रभावी संचार कितना महत्वपूर्ण होता है।**

यह हम सभी देख रहे हैं कि आज अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक समुद्री व्यापार और ऊर्ज़ा आपूर्ति पर गहरा प्रभाव डाला है। ऐसे संवेदनशील समय में भारतीय ध्वज वाला एलपीजी जहाज 'जग विक्रम' एवं अन्य जहाजों का सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार करते हुए उनके तय स्थान (बंदरगाह) तक पहुंचना निश्चित ही भारत की संतुलित और प्रभावी कूटनीति का प्रतीक बनकर दुनिया के सामने आया है। इससे पहले हमने एमटी नंदा देवी, शिवालिक को एलपीजी टैंकर लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करते हुए देखा, दोनों जहाजों को ईरान ने सुरक्षित मार्ग दिया। ये एक साथ भारत की ओर बढ़े और देश की ऊर्ज़ा आपूर्ति शृंखलाा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। कहना होगा कि युद्ध जैसे हालात में इस मार्ग से किसी भी जहाज का सुरक्षित निकलना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में आज 'जग विक्रम' का सुरक्षित पारगमन यह संकेत देता है कि भारत ने समुद्री सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संवाद और सामरिक संतुलन का प्रभावी उपयोग किया है। अतः भारत ने जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में भी अपने समुद्री हितों की रक्षा की है। इसके साथ ही यह भी ध्यान में आया है कि भारत अब तक अपने 2,177 नाविकों को सुरक्षित स्वदेश लेकर आ चुका है। यह आंकड़ा आज हर उस परिवार को राहत दे रहा है, जोकि अपने प्रियजनों की वापसी का इंतजार कर रहा था। साथ ही विदेश मंत्रालय और भारतीय मिशनों ने चौबीसों घंटे हेल्पलाइन और जमीनी प्रयासों के जरिए यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी भारतीय नागरिक संकट में अकेला नहीं रहेगा। वस्तुतः डीजी शिपिंग कंट्रोल रूम द्वारा 6,073 कॉल्स और 12,867 ईमेल्स को संभालना इस बात का प्रमाण भी है कि कैसे संकट के समय प्रभावी संचार कितना महत्वपूर्ण होता है। इस दिशा में भारत सरकार के प्रयास अत्यधिक सराहनीय कहे जा सकते हैं। यह दर्शाता है कि भारत ने सक्रिय रूप से स्थिति को नियंत्रित किया हुआ है, इसलिए आज यह तंत्र संकट प्रबंधन में एक मजबूत मॉडल के रूप में उभर सका। वहीं, देश के सभी बंदरगाहों पर कामकाज सामान्य रूप से जारी रहना भारत की आर्थिक और प्रशासनिक स्थिरता को दर्शाता है। पश्चिमी तट पर वेस्ट एशिया से जुड़े 3,383 कंटेनरों में से 3,228 की वापसी सुनिश्चित कर दी गई है। शेष 155 कंटेनर तकनीकी कारणों से लंबित हैं, किंतु कहीं भी जाम या देरी नहीं है। इसका मतलब साफ है कि वर्तमान वैश्विक संकट के समय में भी भारत ने अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत बनाए रखा है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय का विदेश मंत्रालय और खाड़ी क्षेत्र में भारतीय मिशनों के साथ में मिलकर काम करना आज इस बात का उदाहरण है कि कैसे समन्वित प्रयास बड़े संकटों को नियंत्रित कर सकते हैं। देखने में आया कि यह सहयोग- प्रशासनिक, योजना निर्माण, क्रिया के स्तर पर एक साथ पूरे समन्वित रूप में कार्य कर रहा है। इस युद्ध के बीच एक अच्छी बात यह भी दिखाई दे रही है कि भारत घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, वह सक्रिय रूप से कूटनीतिक समाधान तलाश रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत ने इस पूरे संकट में किसी एक पक्ष का समर्थन करने के बजाय संतुलित और तटस्थ रुख अपनाया हुआ है। यही उसकी सबसे बड़ी कूटनीतिक ताकत बनकर आज उभरा है। अमेरिका, ईरान और इजराइल तीनों के साथ संवाद बनाए रखना और अपने हितों की रक्षा करना भारत की ल्लमल्टी-अलाइनमेंटङ्क नीति का एक सफलतम उदाहरण है। साथ में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, मदद और भलाई सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन और नियमित सलाह जारी करना यह दर्शाता है कि भारत की कूटनीति मानवीय भी है। होर्मुज जलडमरूमध्य के तनावपूर्ण माहौल में 'जग विक्रम' की सुरक्षित यात्रा, हजारों भारतीय नाविकों की वापसी और बंदरगाहों का सुचारू संचालन, हम कह सकते हैं कि ये सभी घटनाएं मिलकर एक बड़ी स्वरूप हमारे सामने खड़ा कर रहे हैं और वो यह है कि भारत की कूटनीतिक



परिपक्वता, रणनीतिक संतुलन और मानवीय दृष्टिकोण यह बताता है कि केंद्र सरकार की नीति एवं योजनाएं सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कुल सार रूप में कहना यही है कि जब दुनिया संघर्ष और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, तब भी भारत अपने एक-एक नागरिक की बराबर चिंता कर रहा है, उनकी एवं उसके परिवार की निरंतर ऊर्ज़ा जरूरत पूरी होती रहे, इसके लिए जहां जैसे संभव हो रहा है, वहां, वह नए रास्ते बना रहा है। सबक यह है कि शांतिपूर्ण संवाद, संतुलित नीति और मजबूत प्रशासनिक ढांचा किसी भी संकट को अवसर में बदल सकता है। फिलहाल इस दिशा में मोदी सरकार की नीति सही दिशा में सफलता के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। **–डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# रील, व्लॉग और बकवास

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

आज के समय में अगर कोई सबसे तेजी से फैलने वाली चीज है तो वह है–'बकवास'। फर्क बस इतना है कि अब यह बकवास चाय की दुकानों या चौपालों तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन पर सजकर 'रील' और 'व्लॉग' के नाम से पूरे समाज में ब्रॉडकास्ट हो रही है। एक समय था जब युवा अपने सपनों के लिए जागते थे। आज वे नोटिफिकेशन के लिए जागते हैं। पहले लक्ष्य तय होते थे, अब ट्रेंड तय होते हैं। पहले मेहनत पर ताली बजती थी, अब बकवास पर लाइक और शेयर मिलते हैं। यही वह बदलाव है, जिसने युवा पीढ़ी को धीरे-धीरे एक ऐसी दिशा में धकेल दिया है, जहां शोर तो बहुत है, लेकिन सार बिल्कुल नहीं। रील और व्लॉग जो मूल रूप से रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के माध्यम हो सकते थे, आज एक ऐसी दौड़ का हिस्सा बन चुके हैं, जहां गुणवत्ता नहीं, बल्कि 'वायरल' होना सबसे बड़ा लक्ष्य है। इस दौड़ में कंटेंट नहीं, कंटेंट का शोर मायने रखता है। जितना ज्यादा विचित्र, जितना ज्यादा सनसनीखेज, उतनी ही ज्यादा लोकप्रियता। ऐसे में गंभीरता, संवेदनशीलता और ज्ञान जैसे शब्द धीरे-धीरे हाशिये पर चले जाते हैं। युवा पीढ़ी का एक बड़ा हिस्सा आज 'कंटेंट क्रिएटर' बनने की होड़ में है, लेकिन यह कोई नहीं सोच रहा कि वे क्या बना रहे हैं और क्यों बना रहे हैं। कैमरा ऑन होते ही अभिनय शुरू हो जाता है और कैमरा ऑफ होते ही वास्तविकता का खालीपन सामने आ जाता है। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां दिखावा ही असली पहचान बन चुका है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस बकवास को अब सामान्य और स्वीकार्य मान लिया गया है। जो जितना अधिक समय स्क्रीन पर बिताता है, उसे उतना ही 'अपडेटेड' माना जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि यह अपडेट नहीं, बल्कि एक प्रकार की मानसिक थकान और दिशाहीनता है। आज का युवा घंटों यह सोचने में लगा रहता है कि अगली रील में क्या दिखाना है, लेकिन यह सोचने का समय नहीं निकालता कि जीवन में क्या करना है। यह विडंबना ही है कि जिस पीढ़ी के पास सबसे अधिक संसाधन हैं, वही सबसे अधिक भ्रमित और बिखरी हुई दिखाई देती है। यह समस्या केवल समय की बरबादी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोचने की क्षमता को भी प्रभावित कर रही है। लगातार छोटे-छोटे वीडियो देखने की आदत ने ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कमजोर कर दिया है। गहराई से सोचने, पढ़ने और समझने की प्रवृत्ति कम होती जा रही है। व्लॉग और रील्स के इस दौर में एक और खतरनाक प्रवृत्ति उभरकर सामने आई है–दूसरों की नकल। मौलिकता की जगह कॉपी-पेस्ट ने ले ली है। कोई ट्रेंड चल पड़ा, तो हर कोई उसी को दोहराने लगता है। इस प्रक्रिया में न तो कुछ नया पैदा होता है और न ही कोई सार्थक संदेश जाता है। बस एक जैसी बकवास का अंबार लग जाता है। समाज पर इसका प्रभाव भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। संवाद की जगह प्रदर्शन ने ले ली है। लोग अब जीने से ज्यादा दिखाने में विश्वास करने लगे हैं। हर छोटी-बड़ी घटना को कैमरे में कैद करना जरूरी हो गया है. चाहे वह निजी हो या संवेदनशील। यह प्रवृत्ति न केवल निजता को खत्म कर रही है, बल्कि संवेदनाओं को भी कमजोर बना रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जहां 'बकवास' एक उद्योग बन चुका है। इसमें समय भी लग रहा है, पैसा भी लग रहा है और सबसे बड़ी बात युवा पीढ़ी की ऊर्ज़ा भी लग रही है। लेकिन इसके बदले में क्या मिल रहा है? कुछ लाइक्स, कुछ फॉलोअर्स और एक झूठी संतुष्टि, जो कुछ ही पलों में खत्म हो जाती है। इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए सबसे पहले हमें यह स्वीकार करना होगा कि समस्या है। जब तक हम इसे केवल मनोरंजन कहकर नजरअंदाज करते रहेंगे, तब तक इसका समाधान संभव नहीं है। युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि हर ट्रेंड का हिस्सा बनना जरूरी नहीं है। हर रील बनाना जरूरी नहीं है। और सबसे महत्वपूर्ण–हर बकवास को देखना और शेयर करना जरूरी नहीं है। जरूरत है एक संतुलन की। तकनीक का उपयोग करें, लेकिन उसके गुलाम न बनें। रील बनाएं, लेकिन उसमें सार हो। व्लॉग करें, लेकिन उसमें सच्चाई हो। अगर हम इस माध्यम को सही दिशा में उपयोग करें, तो यह एक शक्तिशाली साधन बन सकता है। लेकिन अगर इसे यूं ही बकवास का माध्यम बनने दिया गया तो यह पीढ़ी को केवल शोर और खालीपन ही देगा।

## सेहत मंत्र

# गर्मी के मौसम में इस तरह अपने प्रतिरक्षा तंत्र को बनाएं मजबूत

आमतौर पर लोग मानते हैं कि गर्मी के मौमस में कोल्ड व फ्लू का सामना नहीं करना पड़ता। लेकिन वास्तव में हकीकत इससे अलग है। मौसम में बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। जिसके कारण बहुत से वायरस आपको बीमार कर सकते हैं। लेकिन अगर आप चाहते हैं कि इस मौसम में भी बीमारियां आपके आसपास न फटकें तो इसके लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना होगा। तो चलिए जानते हैं कि इसे कैसे करें- मौसमी फल व सलाद का सेवनः गर्मी के मौसम में आपको कई तरह के फल मार्केट में मिलते हैं। इस मौसम में फलों व सलाद का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन्स, एंटी-ऑक्सीडेंट्स व अन्य पोषक तत्व बदलते मौसम में आपकी विभिन्न तरह की बीमारियों से रक्षा करते हैं। अवश्य धोएं हाथ : यह तो हम सभी जानते हैं कि हाथ धोना एक अच्छी आदत है। लेकिन गर्मी के मौसम में खुद को बीमारियों से बचाने के लिए हाथ धोना एक अच्छा विचार हो सकता है। भले ही आपके आसपास किसी व्यक्ति को फ्लू न हो लेकिन वातावरण में इसके वायरस हमेशा मौजूद रहते हैं। ऐसे में हाथ धोकर भोजन करने से उन फ्लू का आपके शरीर में जाने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। प्रोबियोटिक का सेवन : प्रोबियोटिक को लेकर अक्सर लोग असमंजस की स्थिति में रहते हैं। दरअसल, प्रोबियोटिक गुड बैक्टीरिया होते हैं, जो आपके पाचन तंत्र व प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाते हैं, जिसके कारण आपके बीमार होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। दरअसल, जब कुछ बैड बैक्टीरिया के कारण आपके पेट की प्रणाली का संतुलन बिगड़ जाता है, तो वह आपके इम्युन सिस्टम को विपरीत रूप से प्रभावित करता है। ऐसे में प्रोबियोटिक का सेवन उस संतुलन को बहाल करता है। विटामिन डी भी है जरूरीः गर्मी के मौसम में अक्सर लोग धूप से बचते हुए नजर आते हैं, लेकिन वास्तव में सर्दियों की तरह ही इस मौसम में भी आपके शरीर को धूप की आवश्यकता होती है।

## धर्म मंत्र

# श्रीराम कथा को सुन कर जन्मों-जन्मों के दुख व कष्ट दूर हो जाते हैं

विगत अंक में हम श्रवण कर पा रहे थे, कि सतीजी के मन में अगस्त्य मुनि जी के प्रति वह आदर भाव उत्पन्न नहीं हो पा रहा था, जो स्वयं भगवान शंकर के हृदय में था। इसके पीछे क्या कारण था? सतीजी तो भगवान शंकर जी की अनन्य भक्त व अनुगामिनी थी। फिर वह कैसे भगवान शंकर से विलग सोच रख रही थी। वास्तव में सतीजी भगवान शंकर के प्रति तभी तक भक्ति व सेवा का भाव रख पा रही थी, जब तक उन्होंने अपनी बुद्धि व तर्क-वितर्क का प्रयोग नहीं किया था। आज तक तो सतीजी ने, भगवान शंकर के प्रति केवल समर्पण ही सीखा था। और समर्पण की तो यह विशेषता है, कि उसमें तो बुद्धि की सुनी ही नहीं जाती। बुद्धि की सुनी जाती, तो सतीजी कभी भी अपने पिता के महलों को त्याग कर, भगवान शंकर के साथ कैलास पर रहने न आती। क्योंकि कहाँ तो महलों के सुंदर साज-सज्जा से भरपूर पलंग व आसन, और कहाँ कैलास की हाँड जमाने वाली ठंड। वहाँ भी बैठने को पलंग इत्यादि नहीं, अपितु सिला पर ही शिवजी के साथ मृगछाल पर बैठना पड़ रहा था। क्या ऐसे में बुद्धि आज्ञा देगी, कि भगवान शंकर को अपना जीवन साथी बनाने का निर्णय किया जाये? लेकिन सतीजी तब भी ऐसा कठिन निर्णय लेती हैं। क्योंकि उनको पता था, कि जीवन का सार तो ईश्वर ही हैं। लेकिन अगस्त्य मुनि के आश्रम में जाते ही, सतीजी के विचारों की तार शिवजी के विचारों से मेल नहीं खा रही थी। इसके पीछे क्या कारण था?

## पर्यटन



# वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी के लिए परफेक्ट है दुधवा नेशनल पार्क

अगर आप वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी करने का शौक रखते हैं, तो आपके लिए एक खास मौका है। 9 से 11 फरवरी को दुधवा नेशनल पार्क में बर्ड फ़ेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप खूबसूरत रंग-बिरंगे पक्षियों की कई नस्लें देखने को मिलेगी। दुधवा नेशनल पार्क भारत- नेपाल सीमा के पास उत्तर प्रदेश राज्यं के तराई बेल्ट में स्थित है। इसे 1958 में वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के रूप में स्थाोपित किया गया था और 1977 में यह एक नेशनल पार्क बन गया। दुधवा नेशनल पार्क में बाघ, तेन्दुआ, भालू, स्याही, फ्लाइंग स्क्वेरल हाथी, मगरमच्छ समेत 400 पक्षी प्रजातियां शामिल हैं। चीतल, सांभर, काकड़, बारहसिंहा जैसी हिरन प्रजातियां और रेप्टाइल्स (सरीसृप), एम्फीबियन व कई अलग-अलग तरह की तितलियां मौजूद हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में पाए जाने वाले लगभग 1300 पक्षियों में, 450 से ज्यादा प्रजातियां अकेले दुधवा रिजर्व में देखी जा सकती हैं। इनमें हॉर्नबिल, रेड जंगल फ़ॉवल, पीटा फोवल, बंगाल फ्लोरिकन, मत्स्य पालन ईगल, बंगाल फ्लोरिकन, सर्प ईगल, ऑस्प्रे, स्वर्ग फ्लाईकचर, वुडपैकर्स, शामा, इंडियन पिटा, ओरिओल्स, एमेरल्ड कबव आदि शामिल हैं। सर्दी के मौसम में दुधवा नेशनल पार्क में विभिन्न प्रवासी पक्षियों को देखा जा सकता है। सर्दियों के मौसम में दुधवा के जानवरों की लाइफ स्टाइल भी बदल गई है। घने जंगलों के बीच रह रहे जानवर सर्दियों की धूप खाने बाहर निकल रहे हैं। दुधवा के नकहुआ नाले के बाहर तमाम मगमच्छ आराम फरमाते हुए देखे जा सकते हैं। इसी नाले के आसपास बारहसिंघों के झुंड भी निकल पड़ते हैं। सर्दियां आते ही जानवर अपने लिए गर्म आशियाना तलाश करने में दिन भर भटकते हैं। रात के वक्त इनको डिस्टर्ब करना खतरनाक है, इसलिए जंगल सफारी सिर्फ दिन के उजाले में ही हो सकती है।

## शिक्षा पर सेमिनार आयोजित

**फतेहपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहमद एजुकेशनल एकेडमी में आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि एडवोकेट अहमद सईद हर्फ़ ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने मेधावी छात्रों को बधाई दी। प्रधानाचार्या अज़मतुन निसा ने छात्रों को समय के साथ अपडेट रहने की सलाह दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुहम्मद इक़बाल की नज़्म से हुई और संचालन हिरा ज़ैनब ने किया।

## अग्निशमन सेवा दिवस पर जागरूकता अभियान

**सिरौलीगौसपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील मुख्यालय में अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा को सम्मानित किया। 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। अधिकारियों ने एलपीजी और विद्युत सुरक्षा को लेकर सावधानियां बरतने की अपील की और आपातकालीन सहायता के लिए फायर स्टेशन का नंबर भी जारी किया।

## भीषण आग से सात दुकानें जलकर राख

**सिरौलीगौसपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील परिसर के पास तड़के लगी भीषण आग में करीब सात दुकानें पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं, जबकि कुछ आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुईं। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। इस घटना में कई दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। तहसील प्रशासन ने नुकसान का आंकलन कराने के निर्देश दिए हैं।

## अग्निशमन सेवा दिवस मनाया

**सिरौलीगौसपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील मुख्यालय में अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा को सम्मानित किया। फायर स्टेशन प्रभारी रामसनेही ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में एलपीजी और विद्युत सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## जमीन का कब्जा रोकना पड़ा महंगा, विपक्षी ने घर में घुसकर की तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी का आरोप

**रामसनेहीघाट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**असंद्रा क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर तनाव उस समय बढ़ गया जब एक पक्ष द्वारा कब्जा रोकने पर विपक्षी ने आक्रामक रुख अपनाते हुए घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। आरोप है कि दबंगों ने दरवाजा पल्ला तोड़ डाले तथा परिवार को डराने-धमकाने के लिए गोली मारने की धमकी भी दी। प्राप्त जानकारी अनुसार लालपुर मजरे नाथूपुर निवासी अयोध्या प्रसाद ने बताया कि वह रोजी रोटी के लिए गैर प्रांत रहता है और वह घर में होने वाली तैयारियों के क्रम में लगा है अयोध्या प्रसाद का आरोप है कि पड़ोसी सुरेन्द्र आरसीसी के इस पार उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे, जिसका उन्होंने विरोध किया। इसी बात से नाराज होकर विपक्षी पक्ष के लोग एकजुट होकर घर में घुस आए और जमकर उत्पात मचाया।शोर सुनकर लोग इकट्ठा होने लगे तो वह छत पर चढ़कर पत्थर बाजी करने लगे जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जम कर वायरल हो रहा है जब घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक गांव में स्थिति तनाव पूर्ण बनी है।

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर हुए सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से 42 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

## व्यायाम शिक्षिका रितु पाठक को बड़ा दायित्व



**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला व्यायाम शिक्षिका रितु पाठक को 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम का कोच नियुक्त किया गया है, जो 16 से 22 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित होगी। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों ने बधाई दी।

## बांदा में बुजुर्ग की हत्या के आरोप में मित्र गिरफ्तार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में पैलानी थाना क्षेत्र के मरझा गांव में बुजुर्ग की हत्या के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को मृतक के मित्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मरझा गांव निवासी शिवपूजन (70) अविवाहित थे और अपने छोटे भाई रज्जू के साथ रहते थे। सोमवार शाम वह गांव की एक किराना दुकान के पास बैठे थे। इसी दौरान उनका परिचित अनिल उर्फ गुड्डू उर्फ वोक्का वहां पहुंच गया।दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। कुछ देर बाद नशे की हालत में दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इसी दौरान अनिल ने शिवपूजन को धक्का देकर गिरा दिया और डंडे से सिर पर कई प्रहार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल शिवपूजन को पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर की गई जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्या के आरोप में अनिल उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है मोदी सरकार: रवि किशन

**जौनपुर।** गोरखपुर से भाजपा सांसद एवं भोजपुरी अभिनेता रवि किशन ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान देश की सबसे बड़ी ताकत है, जिसने हर वर्ग को सम्मान और अधिकार प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। श्री किशन मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर जौनपुर के आंबेडकर तिराहे पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरा देश संविधान से चलता है और बाबा साहब ने ऐसा संविधान दिया, जिसमें हर धर्म और हर जाति को बराबरी का अधिकार मिला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं।

भाजपा सांसद ने बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न स्थलों पर स्थापित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों पर चलते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है।

# कृतज्ञ जनमानस की बाबा साहब को जन्म जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर/निंदूरा/फतेहपुर (बाराबंकी)। भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं देश के प्रथम कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती जिले भर में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राएं, रैलियां, विचार गोष्ठियां और माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### अमोली कला में भव्य रैली

रामनगर क्षेत्र के अमोली कला ग्राम में भव्य रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और समिति पदाधिकारियों ने भाग लिया। भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित ने बाबा साहेब के योगदान को अतुलनीय बताते हुए उनके आदर्शों- शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो-को अपनाने का आह्वान किया।

### शोभायात्राएं और श्रद्धांजलि

निंदूरा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों- बहरौली, हेमापुरवा, उमरा और बबुरिहा-में लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। अनवारी ग्राम में प्रमोद रावत और सरवन रावत के नेतृत्व में भव्य पैदल मार्च निकाला गया, जो कई किलोमीटर की दूरी तय कर लिखना गांव पहुंचा।

### झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम

थाना घुंघटेर क्षेत्र के बाबागंज में जयंती समारोह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। डीजे की धुन, रंग-गुलाल और सजी-धजी झांकियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। कलाकारों ने बाबा साहेब और भगवान बुद्ध का रूप धारण कर लोगों को प्रेरित किया।

फतेहपुर तहसील क्षेत्र में झांसापुरवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने बाबा साहेब के जीवन को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने एक स्कूल परिसर में नवनिर्मित स्विमिंग पूल का उद्घाटन भी किया।

### बार संघ में विचार गोष्ठी

तहसील परिसर और बार सभागार में भी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुए। अधिकारियों, अधिवक्ताओं और



कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों पर चर्चा की।

'' समाज को मिला प्रेरणा का संदेश''

कार्यक्रमों के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने वंचित, शोषित, दलित, पिछड़े वर्गों और महिलाओं के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। उनका दिया लोकतांत्रिक ढांचा आज भी देश को समानता और न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।इस अवसर पर लोगों ने संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर एक समतामूलक और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देंगे।

सिरौलीगौसपुर'' तहसील क्षेत्र में भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने की।

इस अवसर पर तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष काशी प्रसाद द्विवेदी तथा लेखपाल संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र अवस्थी सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

तहसील के विभिन्न स्थानों पर आयोजन हजरतपुर गांव में प्रधान प्रतिनिधि ऑन मियां के नेतृत्व में जयंती मनाई गई। विरौली गांव के अंबेडकर पार्क में ग्राम प्रधान अनिल वर्मा के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया।

जेबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, दुल्हदेपुर में भी इस अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें हिमांशु सिंह सहित शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं डूडी में आयोजित कार्यक्रम में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने भी भाग लिया।

# बाराबंकी में बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग का खुलासा

## सरकारी जमीन पर भी कब्जे के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग और सरकारी जमीन के अवैध कारोबार का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी महंत बी.पी. दास ने इस संबंध में प्रशासन को शिकायत देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, तहसील कर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों की कथित मिलीभगत से सरकारी एवं नवीन परती भूमि, चकमार्ग तथा अन्य सार्वजनिक जमीनों पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर उन्हें बेचा जा रहा है। यह गतिविधियां लंबे समय से संचालित हो रही हैं, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

बताया गया है कि ग्राम बनवा में गाटा संख्या 386, 22, 21, 59, 60, 44, 47, 52, 51, 23, 24, 28, 31 एवं 4, ग्राम चनवा में गाटा संख्या 5, 6, 10, 24, ग्राम मोहम्मदपुर चौकी में गाटा संख्या 81, 62, 64 तथा चकमार्ग गाटा संख्या 60/0.030 हे0, 63/0.062 हे0 एवं नवीन परती गाटा संख्या 112 मि0 पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है।

इसके अतिरिक्त गोसाईपुरवा (दक्षिण टोला बंकी) में गाटा संख्या 751, 760, 847, 889, 778, 775, 781, 784, 786, 790, 1731, 829, 813, 735, 756, 814, 833, 808, 549, 796, 764, 766, 880, 753, तथा बाराबंकी शहरी क्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे गाटा संख्या 2210, 2211 एवं 2096 भी अवैध प्लाटिंग की चपेट में बताए जा रहे हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि ग्राम बडेल, पैसार, सुल्तानपुर, पल्हरी, गदिया, सरधरा, दनियालपुर, कुरौली एवं भूहेरा सहित कई अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार की गतिविधियां चल रही हैं। विशेष रूप से हाईवे किनारे स्थित क्षेत्रों और तेजी से विकसित हो रहे इलाकों में यह अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है। आरोप है कि सरकारी जमीन, चकमार्ग एवं नवीन परती भूमि को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी व्यक्तियों और अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध कब्जों को हटाकर सरकारी भूमि को सुरक्षित किया जाए। इस मामले के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है और वे जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाता है।

# अंबेडकर जयंती पर पुष्पांजलि समारोह व प्रसाद वितरण कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय गेट पर मंगलवार को यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी द्वारा भव्य पुष्पांजलि एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों व गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

इस अवसर पर सांसद तनुज पुनिया, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, एससी/एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, एमएलसी अंगद सिंह, एमएलसी एवं जिला प्रभारी अवनीश कुमार सिंह पटेल, मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, डॉ विवेक वर्मा, विधायक गौरव रावत सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। संगठन की ओर से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सुनील रावत, उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री अरुणेंद्र मुन्ना, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, उत्तर प्रदेश कानूनगो संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहज राम कनौजिया, जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, यूटा जिला महामंत्री सत्येंद्र भास्कर, साकिब किदवाई, राकेश कौल, रामपाल रावत, चंद्र प्रकाश सिंह, लवलेश यादव, शशि राज जायसवाल, कुलदीप पटेल, जंग बहादुर वर्मा , सुरेंद्र जयसवाल, मनीष बैसवार ,नरेंद्र यादव ,विकास चौरसिया चुन्नू ,लेखपाल साकेत रावत नीरज जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आशुतोष कुमार (जिला अध्यक्ष) ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों को बाबा साहब का चित्र भेंट कर उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## समाजवादी पार्टी ने श्रद्धापूर्वक मनाई बाबा साहेब की जयंती

# बाबा साहेब के संघर्षों का परिणाम सर्वत्र सम्मान : गोप




कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी। समाजवादी पार्टी ने शहर से ग्रामीण अंचलों तक बढ़-चढ़कर श्रद्धापूर्वक भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई। विधानसभा दरियाबाद के ग्राम चौरी अलादासपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि बाबा साहब के संघर्षों की बदौलत आज सभी वर्गों को समान अधिकार मिल रहे हैं। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलते हुए कमजोर वर्गों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं।

इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सामाजिक न्याय और समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### बाराबंकी सपा कार्यालय में विचार गोष्ठी

बाराबंकी स्थित सपा कार्यालय में भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रतनलाल राव, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद सहित कई नेताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष कर समाज में समानता, बंधुत्व और न्याय की नींव रखी।

नेताओं ने उनके विचारों को अपनाते हुए समाजवाद के मार्ग पर चलकर सर्व समाज के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# खालसा सृजना दिवस पर सम्मानित हुए 21 हस्तियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- सिक्ख काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान सम्मान समारोह का आयोजन
- हजूरी रागी जत्था संत , प्रबुद्धवर्ग का सम्मान स्मृति चिन्ह भेट

बाराबंकी। सिक्ख कांउसिल आफ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान मे खालसा सृजना दिवस बैशाखी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। शहर के प्रतिष्ठित लान मे आयोजित कार्यक्रम मे हजूरी रागी जत्था ज्ञानी तीरथ सिंह एंव उनके साथियो ज्ञानी धर्मवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह के मुखार बिन्दु से निकले शब्दो का श्रवण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू का पूर्व प्रधान सरदार स्वर्ण सिंह ने अंगवस्त्र व मोमटो देकर स्वागत किया। तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था सहित शहर के सम्मानित समाजसेवियो, अधिवक्ताओ, चिकित्सको, पत्रकारो सहित 21 प्रबद्धजनो को बैशाखी पर्व पर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर संदीप बुधवार, डाक्टर रोहित अग्रवाल, सीनियर अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन, पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, महिला अधिवक्ता आशिया खातून, रविन्दर कौर, सरदार त्रिपत सिंह, मंहत बी.पी. दास बाबा जी, मो.तारिक खान, शिवम सिंह, पर्यावरण प्रेमी मनीष मेहरोत्रा, भाजपा नेता पंकज गुप्ता पंकी, समाजसेवी अरविन्द सिंह गुरु जी, यंग स्ट्रीम कालेज प्रबन्धक के0एम0 चतुर्वेदी, पुलिस उपाध्यीक्षक भूपेन्द्र सिन्हा, सरदार जसमीत सिंह एड़वोकेट को मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी द्वारा मोमटो व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की ने किया। इस मौके पर सरदार जितेन्द्र सिंह, सरदार अमरीक सिंह, सरदार नरेन्द्र सिंह निन्दी, जसबीर सिंह, जसमीत सिंह, सरदार कंवर सिंह पीयूष, प्रत्युष कांत शुक्ला, आसिफ अहमद खान, अमरजीत सिंह, हरविन्दर सिंह, गुरमीत सिंह, शैलेन्द्र चोपड़ा, प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह, तजिन्दर सिंह बाबी, रविन्दर सिंह, मनमीत सिंह, सरदार परमजीत सिंह विक्की, नवीन सेठ, फरहीन सिद्दीकी, आलोक वर्मा, आदित्य वर्मा, अभय वर्मा, सरदार सुरेन्द्र सिंह, सरदार मंदीप सिंह बग्गा, सरदार सुरजीत सिंह एड़वोकेट, डा0 जीशान, सलाम मोहम्मद, जयविद कुमार आदि मौजूद रहे।

## बागपत में दोस्त की हत्या कर शव कुयें में फेंका

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में बड़ौत क्षेत्र के सिनौली गांव में एक युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंकने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मंगलवार को आरोपी और उसके नाबालिग भतीजे को गिरफ्तार कर लिया।

# संघर्षरत एलएसजी के खिलाफ आरसीबी को बल्लेबाजों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी

बेंगलुरु। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने बल्लेबाजों से फिर से धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। आरसीबी अभी छह अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चार अन्य टीमें चार-चार अंकों के साथ उसका पीछा कर रही हैं। बेंगलुरु की टीम शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स से दो अंक और पंजाब किंग्स से एक अंक पीछे है। लेकिन सच्चाई यह है कि आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के मन में जितना खौफ पैदा किया है, उतना कोई अन्य टीम नहीं कर पाई है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और सभी ने महत्वपूर्ण



योगदान दिया है। यह उसके शीर्ष पांच बल्लेबाजों के स्ट्राइक रेट में साफ झलकता है। विराट कोहली (स्ट्राइक रेट 162), फिल साल्ट (178), रजत पाटीदार (214), टिम डेविड (221) और देवदत्त पडिक्कल (201) ने आईपीएल 2026 में सभी टीमों के गेंदबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की है। इन पांचों बल्लेबाजों ने मिलकर चार मैचों में कुल 52 छक्के जड़े हैं। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक आरसीबी ने सर्वाधिक छक्के जड़े हैं और उन्होंने 'रेंज-हिटिंग' को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। इसी का नतीजा है कि आरसीबी में वर्तमान सत्र में अभी तक किसी भी मैच में 200 से कम रन नहीं बनाए हैं जिससे उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का अंदाजा लगाया जा सकता है। आरसीबी अपने घरेलू मैदान पर अगले तीन मैच में भी परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा। वह एलएसजी के बाद दिल्ली कैपिटल्स (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटन्स (24 अप्रैल) के खिलाफ यहां मैच खेलेगा। इसके बाद वह अपने अंतिम दो घरेलू मैच रायपुर में खेलेगा। लेकिन क्या चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुपर जायंट्स के गेंदबाजी आक्रमण से उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एलएसजी की तरफ से अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और दिग्वेश राठी ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। शमी की 6.2 की इकॉनमी अब तक नियमित गेंदबाजों में सर्वश्रेष्ठ है, लेकिन इस तिकड़ी को बेंगलुरु की सपाट पिच पर आरसीबी के बल्लेबाजों के खिलाफ सटीक गेंदबाजी करनी होगी।

# प्रफुल्ल की सफलता की कहानी: पिता के दृढ़ विश्वास और मैकग्रा 'कनेक्शन' ने निभाई अहम भूमिका

एजेंसी

नयी दिल्ली/बेंगलुरु। प्रकाश हिंगे खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने पदार्पण मैच में ही शानदार प्रदर्शन करने वाले उनके बेटे प्रफुल्ल की उपलब्धि का जश्न मनाते समय वह अपने शब्दों के चयन और उत्साह की अभिव्यक्ति में बहुत संयम बरतते हैं। दरअसल हिंगे परिवार को यह भी नहीं पता था कि उनका बेटा सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगा या नहीं। अकाउंटेंट के पद पर काम कर चुके प्रकाश ने पीटीआई से कहा, ''हमें पता था कि इम्पैक्ट प्लेयर्स की सूची में होने के कारण उसे पंजाब के खिलाफ खेलना था। हम उससे कभी नहीं पूछते कि वह खेल रहा है या नहीं। वह सोने से पहले हर दिन रात 10 बजे फोन करता है। हमारे बीच बस सामान्य बातचीत होती है जैसे खाना खाया। उन्होंने कहा, ''कल जब मैच का प्रसारण शुरू हुआ तो हमने टीवी पर देखा कि वह पदार्पण करेगा। इसलिए हम खुश थे। मैच आगे बढ़ने के साथ उनकी खुशी भी बढ़ने लगी क्योंकि प्रफुल्ल ने अपने शुरुआती स्पेल में दो ओवर में छह रन देकर चार विकेट लिए और सनराइजर्स की 57 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। नागपुर के रहने वाले प्रकाश ने उस समय को याद किया जब उन्होंने अपने बेटे प्रफुल्ल की क्रिकेट में रुचि को देखते हुए उसे स्थानीय जिमखाना क्लब में दाखिला दिलाया था। तब वह लगभग 13 साल का था। प्रकाश ने कहा, ''मैं अपने मोहल्ले की गलियों में खेलता था। मेरे बेटे को इसमें रुचि थी, इसलिए मैंने उसे एक स्थानीय अकादमी में दाखिला दिला दिया। मैंने उसे जरूर संतुलन बनाए रखने के लिए कहा लेकिन साथ ही मैं उसे अपना रास्ता चुनने की स्वतंत्रता भी देना चाहता था। एक बार जब प्रफुल्ल विदर्भ की अंडर-16 टीम में शामिल हो गए, तो फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रशांत वैद्य ने प्रफुल्ल को चेन्नई स्थित एमआरएफ पेस फाउंडेशन में भेजने की सलाह दी। प्रकाश ने कहा, ''वीसीए के साथ रहे पूर्व भारतीय गेंदबाज प्रशांत वैद्य सर ने सुझाव दिया था कि प्रफुल्ल को एमआरएफ पेस अकादमी में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेना चाहिए। प्रफुल्ल को इस बीच पीठ की चोट से भी जूझना पड़ा लेकिन जल्द ही वह फिट हो गए। एमआरएफ पेस फाउंडेशन के कोच एम सेंथिलनाथन और वरुण आरोन (जो अब सनराइजर्स के गेंदबाजी कोच हैं) ने उनकी प्रतिभा को निखारा। इसके बाद उन्होंने अंडर-23 और सीनियर विदर्भ टीम के साथ भी अच्छा प्रदर्शन किया। उनके पिता ने कहा, ''मैं एमआरएफ पेस फाउंडेशन, सेंथिल सर, वरुण सर का जितना भी आभार व्यक्त करूं, वह कम होगा। अगर वह आईपीएल के इस मुकाम तक पहुंचा है, तो इसका श्रेय उन्हीं को जाता है। ग्लेन मैकग्रा ने भी प्रफुल्ल का हौसला बढ़ाया और वह हाई परफॉर्मेंस कोच से प्रशिक्षण लेने के लिए ब्रिस्बेन गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सनराइजर्स हैदराबाद से हार के लिए कई कारण जिम्मेदार रहे: पराग

**हैदराबाद।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कहा कि उनकी टीम की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों सत्र की पहली हार के लिए कई कारण जिम्मेदार रहे जिनमें उनके विस्फोटक बल्लेबाजों का गेंदों की गति को समझने में नाकाम रहना भी शामिल है। गेंदबाज़ी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल पहले ओवर में ही पवेलियन लौट गए जिससे रॉयल्स की टीम को 57 रन से हार का सामना करना पड़ा। पराग ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''मुझे लगता है कि हमारी हार के लिए कई कारण जिम्मेदार रहे। गेंद हाथ से निकलने के बाद जिस गति से आ रही थी उसे देखकर हम थोड़े हैरान रह गए थे। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वैभव को गेंद के थोड़ा तेज गति से आने की उम्मीद थी लेकिन वह रुककर आई। ध्रुव के साथ भी ऐसा ही हुआ, गेंद अंदर की ओर मुड़ी। जायसवाल 10 में से नौ बार ऐसा शॉट मारता है लेकिन इस बार गेंद रुककर उनके पास पहुंची थी। पराग ने कहा, ''मुझे बहुत ही फुललेंथ गेंद मिली और मैं उसे हिट नहीं कर पाया। मैं यह नहीं कहूंगा कि हम बदकिस्मत थे, लेकिन कई ऐसे कारण थे जिससे हम अपने शॉट सही तरह से नहीं लगा पाए। इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी संभालने वाले पराग ने कहा कि उनके गेंदबाज भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने अच्छी शुरुआत की थी लेकिन फिर बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। मुझे लगता है कि हम बेहतर विकल्प ढूंढ सकते थे, विकेट का थोड़ा और इस्तेमाल कर सकते थे, धीमी गेंदों का अधिक उपयोग कर सकते थे, शायद धीमी बाउंसर, वाइड यॉर्कर या जो भी हो। पराग ने सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा, ''दस साल बाद वह मेरी उम्र का हो जाएगा, इसलिए मुझे नहीं पता कि इतनी दूर की कल्पना कैसे की जाए, लेकिन अभी के लिए मुझे उम्मीद है कि वह वास्तव में अच्छी मानसिक स्थिति में होगा। उम्मीद है कि वह बहुत जल्द भारत के लिए खेलेगा।

### इंडिगो पर चार दिन की सेल, टिकट पर 10 फीसदी तक की छूट

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने मंगलवार से चार दिनों की गर्मियों की छुट्टी सेल की घोषणा की है, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर टिकट बुकिंग में 10 फीसदी तक छूट दी जाएगी। इसके तहत यात्रा एक जुलाई से 9 अक्टूबर 2026 के बीच की जा सकती है। एयरलाइन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इंडिगो अपनी गर्मियों की छुट्टी सेल के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 10 फीसदी तक की छूट दे रही है। कंपनी का ये ऑफ़र 14 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 के बीच की गई बुकिंग पर मान्य है, जिसके तहत यात्रा 1 जुलाई से 9 अक्टूबर 2026 के बीच की जा सकती है। यात्री इस ऑफर के तहत इंडिगो की वेबसाइट www.goindigo.in, मोबाइल एप्लिकेशन, एआई-पावर्ड असिस्टेंट 6एस्काई, इंडिगो व्हास्टएप नंबर +91 70651 45858 या चुनिंदा ट्रैवल पार्टनर वेबसाइट और ऐप्स के जरिए टिकट बुकिंग करते समय प्रोमो कोड एसयूएमआर10 का इस्तेमाल करके इस ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा कंपनी इंडिगो यात्रा के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए चुनिंदा 6ई ऐड-ऑन पर आकर्षक डील्स दे रहा है। इस ऑफ़र की अवधि के दौरान यात्री चुनिंदा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सेक्टर्स पर फास्ट पारवर्ड पर 70 फीसदी तक, प्री-पेड अतिरिक्त सामान पर 50 फीसदी और स्टैंडर्ड सीट चुनने पर 15 फीसदी की छूट पा सकते हैं। इसके अलावा चुनिंदा घरेलू सेक्टर्स पर इमरजेंसी एक्सएल (पैरों के लिए ज़्यादा जगह) सीटें 500 रुपये से शुरू होने वाली कीमतों पर बुक की जा सकती हैं। एयरलाइन ने कहा कि यह ऑफर इंडिगो की सस्ती किराया, ज़्यादा लचीलापन और अपने गर्मियों की यात्रा की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए ज़्यादा सुविधा देने की प्रतिबद्धता को मज़बूत करता है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों सेक्टर्स पर उपलब्ध छूट के साथ इस सेल का उद्देश्य इंडिगो के व्यापक नेटवर्क में ग्राहकों को ज़्यादा मूल्य और बुकिंग का एक आसान अनुभव देना है।

### पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने का खतरा: रिपोर्ट

**संयुक्त राष्ट्र।** पश्चिम एशिया में संघर्ष से भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी में धकेल दिए जाने का खतरा है और देश के मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने 'पश्चिम एशिया में सैन्य वृद्धि: एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर प्रभाव' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यह संघर्ष '' एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास के दबाव को बढ़ा रहा है। इसमें कहा गया कि ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ने से घरेलू क्रय शक्ति घट रही है, खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है, सरकारी बजट पर दबाव पड़ रहा है और आजीविका कमजोर हो रही है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं और इस सैन्य तनाव से एशिया-प्रशांत क्षेत्र को 299 अरब डॉलर तक का नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गरीबी से प्रभावित लोगों की संख्या लगभग चार लाख से बढ़कर 25 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। संघर्ष के कारण दुनिया भर में गरीबी में धकेले जाने वाले लोगों की संख्या लगभग 19 लाख से बढ़कर करीब 88 लाख तक हो सकती है जिसमें दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे। चीन में गरीबी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या में मामूली वृद्धि का अनुमान है जो लगभग 1,15,000 से बढ़कर 6,20,000 से अधिक हो जाएगी। हालांकि यह बहुत बड़ी जनसंख्या के मुकाबले मामूली प्रभाव को दर्शाता है। इसमें कहा गया कि सबसे गंभीर परिदृश्य में भारत की गरीबी दर 23.9 प्रतिशत से बढ़कर 24.2 प्रतिशत हो सकती है जिससे अतिरिक्त 24,64,698 लोग गरीबी में चले जाएंगे। संकट के बाद देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है जो पहले 35.15 करोड़ थी। रिपोर्ट में मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर प्रभाव का भी आकलन किया गया है। इसमें कहा गया कि भारत में एचडीआई प्रगति में लगभग 0.03 से 0.12 वर्ष तक की गिरावट हो सकती है। इसके बाद नेपाल (0.02S0.09 वर्ष) और वियतनाम (0.02S0.07 वर्ष) का स्थान है जबकि चीन पर प्रभाव अपेक्षाकृत कम (0.01S0.05 वर्ष) रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपनी 90 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का 40 प्रतिशत से अधिक तथा एलपीजी का 90 प्रतिशत आयात पश्चिम एशिया से करता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। संघर्ष के कारण ऊर्जा विकल्पों पर भी असर पड़ा है। एलएनजी कीमतें बढ़ने से भारत समेत कई देशों ने कोयला आधारित बिजली उत्पादन पर निर्भरता बढ़ाई है। व्यापार एवं आपूर्ति शृंखला पर असर को लेकर रिपोर्ट में कहा गया है कि 36 में से 25 देशों में मालभाड़ा शुल्क, युद्ध जोखिम बीमा, मार्ग परिवर्तन और देरी जैसी समस्याएं देखी गई हैं।

# विजडन पुरस्कारों में भारतीयों का दबदबा: दीप्ति महिला और अभिषेक टी20 के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

एजेंसी

लंदन। भारतीय क्रिकेटरों ने विजडन अल्मनैक 2026 पुरस्कारों में अपना दबदबा बनाते हुए नौ में से सात पुरस्कार अपने नाम किए, जिसमें दीप्ति शर्मा को वर्ष की महिला क्रिकेटर और अभिषेक शर्मा को वर्ष का टी20 क्रिकेटर चुना गया। शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, ऋषभ पंत और रविंद्र जडेजा को पिछले साल इंग्लैंड में हुई टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के कारण विजडन के वर्ष के पांच क्रिकेटरों में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेटरों के अलावा जिन अन्य देशों के खिलाड़ियों को पुरस्कार के लिए चुना गया उनमें ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क शामिल हैं, जिन्हें विश्व का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया। उनके अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज हसीब हमीद थे को



भी चार भारतीय खिलाड़ियों के साथ वर्ष के पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में भी शामिल किया गया। दीप्ति को यह सम्मान पिछले साल आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 22 विकेट लेने के लिए दिया गया। इस ऑलराउंडर के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। दीप्ति ने नौ मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 215 रन भी बनाए थे। अभिषेक ने 2025 के सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। इस सत्र में उन्होंने 21 मैचों में 193 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 859 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड के दौरे के दौरान भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए 754 रन बनाए और पांच मैचों की श्रृंखला को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई। गौरतलब है कि उन्होंने अकेले एजबेस्टन टेस्ट में 430 रन बनाए। तेज गेंदबाज सिराज ने एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई इस श्रृंखला में सबसे अधिक 23 विकेट लिए जबकि पंत ने चौथे टेस्ट में लगी चोट के कारण पांचवें मैच से बाहर बैठने से पहले 479 रन बनाए थे। मैनचेस्टर में दूसरी पारी में पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बावजूद उन्होंने 54 रन बनाए।

### ईरान के क्लब ट्रैक्टर की टीम एशियाई चैंपियंस लीग में खेलने के लिए जेद्दा पहुंची

जेद्दा। मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के बीच ईरान के क्लब ट्रैक्टर की टीम सऊदी अरब पहुंच गई है और उसने पुष्टि की है कि वह एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) एलीट के राउंड ऑफ 16 में खेलेगी। अमेरिका और इज़राइल के ईरान पर हमले के बाद मार्च में पश्चिम एशिया के प्लेऑफ मैच स्थगित कर दिए गए थे। इसके बाद अंतिम 16 के मैचों का कार्यक्रम फिर से तैयार किया गया। ईरान के क्लब ट्रैक्टर और संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली के बीच मैच को सऊदी अरब के जेद्दा शहर में स्थानांतरित किए जाने के बाद यह सवाल बना रहा कि क्या ईरान का क्लब इसमें भाग लेगा। ईरान ने अमेरिका के सहयोगी देश सऊदी अरब पर मिसाइलें दागी हैं। ट्रैक्टर की टीम एक लंबी यात्रा के बाद रविवार को जेद्दा पहुंची। वह उत्तर पश्चिमी ईरान में स्थित अपने गृहनगर तबरीज़ से सड़क मार्ग से तुर्की पहुंची और फिर इस्तांबुल से हवाई मार्ग से यहां पहुंची।

# ईंधन कीमत स्थिर: पेट्रोल पर प्रति लीटर 18 रुपये, डीजल पर 35 रुपये का नुकसान

एजेंसी

नयी दिल्ली। कच्चे माल की लागत में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सरकारी तेल विपणन कंपनियों के पंप कीमतों को स्थिर रखे हुए हैं जिसके कारण पेट्रोल पर नुकसान बढ़कर 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 35 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कीमतों को एक दशक से अधिक पहले विनियमन-मुक्त किए जाने के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अप्रैल 2022 से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इस दौरान वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव रहा। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने से लेकर इस साल की शुरुआत में



लगभग 70 डॉलर तक गिरावट और फिर अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद पिछले महीने लगभग 120 डॉलर तक का उछाल। सूत्रों ने बताया कि पिछले महीने ये तीनों कंपनियां प्रतिदिन करीब 2,400 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही थीं, जो अब सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद घटकर लगभग 1,600 करोड़ रुपये प्रतिदिन रह गया है। यह कटौती उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाई गई बल्कि नुकसान की भरपाई में इस्तेमाल की गई। उन्होंने बताया कि मार्च में हुए नुकसान ने जनवरी-फरवरी में हुई कमाई को पूरी तरह खत्म कर दिया है और ऐसे आसार हैं कि ये कंपनियां जनवरी-मार्च तिमाही में घाटा दर्ज करेंगी। वैश्विक वित्तीय सेवा समूह मैक्वेरी ग्रुप की 'इंडिया फ्यूल रिटेल' रिपोर्ट के अनुसार, '' पेट्रोल-डीजल की हाजिर कीमत 135-165 डॉलर प्रति बैरल होने पर भारत की तेल विपणन कंपनियों को प्रति लीटर पेट्रोल पर 18 रुपये और डीजल पर 35 रुपये का नुकसान होता है। रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल की कीमत में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि से विपणन नुकसान में करीब छह रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी होती है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे प्रमुख राज्यों में चुनाव के बाद ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि के आसार हैं। भारत ने 2025 में अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात किया और वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रति वह अत्यधिक संवेदनशील बना हुआ है। इसमें लगभग 45 प्रतिशत आयात पश्चिम एशिया से, 35 प्रतिशत रूस से और छह प्रतिशत अमेरिका से हुआ।

# भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद तेल संकट के प्रभाव को कम करने में होगी मददगार: एसएंडपी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की मजबूत वृहद आर्थिक और वित्तीय बुनियाद कच्चे तेल की कीमतों में लगातार होने वाले उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने में मददगार हो सकती है। हालांकि, अगर 2026 में कच्चे तेल की औसत कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल रहती है, तो आर्थिक वृद्धि दर में 0.80 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। इस परिदृश्य के तहत, वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनियों की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और ट्रेडमार्क, पेंटेंट तथा अन्य संपत्ति की समय बढ़ने के साथ लागत में कमी के आकलन से पहले की आय (ईबीआईटीडीए) में 15-25 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। इससे कर्ज में 0.5 गुना से एक गुना तक बढ़ने का अनुमान है। वहीं बैंकिंग क्षेत्र की परिसंपत्ति की गुणवत्ता कमजोर हो सकती है, जिससे एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) लगभग 3.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा, ''पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न झटकों से भारत अछूता नहीं है। ऊर्जा की ऊंची कीमतों और आपूर्ति में व्यवधान की समस्या कई महीनों तक बनी रह सकती है, जिससे सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। हालांकि, कंपनियों का मजबूत बही-खाता, बैंकों में अच्छी पूंजी और मजबूत बाह्य स्थिति इस प्रभाव से बचाव प्रदान करेंगे। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने तनावपूर्ण स्थिति में ब्रेंट क्रूड की कीमत 2026 में 130 डॉलर और 2027 में 100 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान लगाया है, जबकि तुलनात्मक आधार पर यह कीमत क्रमशः 85 डॉलर और 70 डॉलर है। एजेंसी को भारत की रेटिंग पर तत्काल किसी प्रभाव की उम्मीद नहीं है। हालांकि, राजकोषीय मोर्चे पर मजबूत प्रयासों को अस्थायी रूप से झटका लग सकता है।

# भू-राजनीतिक तनाव के बीच जनवरी-मार्च तिमाही में गोल्ड ईटीएफ में 31,561 करोड़ रुपये का निवेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों के पारंपरिक सुरक्षित निवेश विकल्प की ओर रुख करने से जनवरी-मार्च तिमाही में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 31,561 करोड़ रुपये का निवेश हुआ जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग छह गुना वृद्धि दर्शाता है। 'एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया' (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, तिमाही आधार पर प्रवाह 36 प्रतिशत बढ़कर 23,132 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, वर्ष के दौरान गोल्ड ईटीएफ का परिसंपत्ति आधार (एसेट बेस) और निवेशक खातों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस श्रेणी में मार्च महीने में 2,266 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो फरवरी के 5,255 करोड़ रुपये और जनवरी के 24,040 करोड़ रुपये से कम है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में कुल प्रवाह 31,561 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी-मार्च 2025 के 5,654 करोड़ रुपये से काफी अधिक है। क्रमिक रूप से प्रवाह की गति में हालांकि कुछ नरमी आई है लेकिन सोने के उत्पादों में निवेशकों की रुचि सकारात्मक बनी हुई है। मार्च में धीमे प्रवाह का कारण वर्ष की शुरुआत में मजबूत निवेश के बाद सामान्यीकरण और नए निवेश में कुछ कमी को माना जा रहा है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया की वरिष्ठ विश्लेषक नेहल मेश्राम ने कहा, '' जनवरी में असामान्य रूप से अधिक निवेश देखा गया। इसकी मुख्य वजह जोखिम से बचने की प्रवृत्ति, खंड पुनर्संतुलन और सोने की कीमतों में तेजी रही। फिर भी मार्च में सकारात्मक प्रवाह यह दर्शाता है कि बाजार की अनिश्चितता एवं व्यापक आर्थिक उतार-चढ़ाव के बीच सोना विविधीकरण के साधन के रूप में निवेशकों को आकर्षित करता रहा है।

# चीन का निर्यात मार्च में 2.5 प्रतिशत बढ़ा, पिछले दो महीनों की तुलना में काफी धीमा

एजेंसी

हांगकांग। चीन का निर्यात मार्च में सालाना आधार पर 2.5 प्रतिशत बढ़ा जो पिछले दो महीनों की तुलना में काफी धीमा रहा। ईरान युद्ध से ऊर्जा कीमतों तथा वैश्विक मांग पर प्रभाव से अनिश्चितता बढ़ गई है। चीन की सीमा शुल्क एजेंसी द्वारा मंगलवार को जारी मार्च के निर्यात आंकड़े विश्लेषकों के अनुमानों से कम रहे। वहीं जनवरी-फरवरी में दर्ज 21.8 प्रतिशत की निर्यात वृद्धि की तुलना में भी काफी नीचे हैं। आयात पिछले महीने 27.8 प्रतिशत बढ़ा जो इस वर्ष के पहले दो महीनों में सालाना आधार पर 19.8 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि ईरान के साथ जारी युद्ध के प्रभाव से इस वर्ष चीनी निर्यात की समग्र वैश्विक मांग प्रभावित हो सकती है। फ्रांसीसी बैंक नैटिक्सिस के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री गैरी एनजी ने कहा, ''ईरान



युद्ध के वैश्विक मांग और आपूर्ति शृंखलाओं पर असर पड़ने के कारण चीन के निर्यात में गिरावट आई है। बैंक ऑफ अमेरिका की प्रबंध निदेशक हेलेन कियाओ के नेतृत्व में अर्थशास्त्रियों ने एक हालिया शोध पत्र में लिखा कि जनवरी और फरवरी में चीन के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद युद्ध के मद्देनजर ऊर्जा संकट के कारण मांग में कमी आने के आसार हैं। विश्लेषक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मई में प्रस्तावित बीजिंग यात्रा पर भी करीबी नजर रख रहे हैं जहां वह चीन के नेता शी चिनफिंग से मुलाकात करेंगे। चीनी नेताओं ने 2026 के लिए वार्षिक आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य 4.5 से पांच प्रतिशत निर्धारित किया है जो 1991 के बाद से सबसे कम है।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए बाबासाहेब के विचार प्रासंगिक : ओम बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि युवाओं की प्रतिभा, कौशल, नवाचार एवं समर्पण देश को और अधिक सशक्त तथा विकसित बनाएंगे।

ओम बिरला ने लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित 'नो योर लीडर' कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। बिरला ने भारत के युवाओं को बाबासाहेब के विचारों का सच्चा प्रतिनिधि बताते हुए आह्वान किया, ल्युवाओं को सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने करना चाहिए। डॉ अंबेडकर का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा, जागरूकता और संगठित प्रयासों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। आज जब हम विकसित और समावेशी भारत के निर्माण की दिशा में



अग्रसर हैं, बाबासाहेब के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। उनका संघर्ष और दर्शन हमें अन्याय, असमानता और भेदभाव के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद भी बाबासाहेब ने तमाम ऊंचाइयों को छुआ तथा अपने अदम्य साहस, कठोर परिश्रम और शिक्षा के बल पर न केवल स्वयं को स्थापित किया बल्कि करोड़ों वंचितों और शोषितों के लिए आशा की नई किरण बन गए। उन्होंने अपनी प्रतिभा, समर्पण और दृढ़ निष्ठा के बल पर अपने जीवन की प्रत्येक चुनौती को अवसर में परिवर्तित किया। उनका जीवन, उनके आदर्श, उनके विचार तथा राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हम सभी के लिए चिरस्थायी प्रेरणा है।

बाबसाहेब ने संविधान में समानता का अधिकार तथा बिना किसी भेदभाव के मतदान का अधिकार जैसे प्रगतिशील प्रावधानों ने एक सशक्त भारत की नींव रखी, जो न केवल भारत के लोकतंत्र को बल्कि विश्व के अन्य लोकतंत्रों को भी निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के मूल्यों को जीवन का ध्येय बनाया और इन्हीं आदर्शों को भारत के संविधान में समाहित कर राष्ट्र को एक सशक्त दिशा प्रदान की। बाबासाहेब हमारे राष्ट्र के वह विशिष्ट रत्न हैं, जिनके जीवन एवं कार्यों ने स्वतंत्रता पूर्व एवं पश्चात की पीढ़ियों को प्रभावित किया तथा प्रेरणा के अविरल पुंज बन गए। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का प्रेरणादायी जीवन और उनके आदर्श सदैव हमें एक न्यायपूर्ण, समरस और सशक्त भारत के निर्माण के लिए मार्गदर्शन करते रहेंगे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह समेत कई नेताओं ने आज डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# मोदी ने नारी शक्ति को लिखा पत्र, महिला आरक्षण को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी

नयी दिल्ली। विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने के लिए संसद में लाये जाने वाले संशोधन विधेयक से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चल रही मशक्कत के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बहुप्रतीक्षित सुधार को लागू करने की सरकार की प्रतिबद्धता मंगलवार को फिर दोहराई और कहा कि देशभर की महिलाएं विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने की सरकार की पहल का स्वागत कर रही हैं । प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ''नारी शक्ति'' को संबोधित एक संदेश साझा करते हुए कहा, ''भारत भर की महिलाएं विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने की इस पहल की सराहना कर रही हैं।

उन्होंने कहा, ''यह भारत की नारी शक्ति के नाम मेरा पत्र है, जिसमें हम दशकों से लंबित इस कार्य को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहे हैं। अपने संदेश में श्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया और नीतिगत उपायों तथा निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में बढ़ी हुई भागीदारी के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने पर सरकार के ध्यान को रेखांकित किया। यह पत्र देशभर की महिलाओं से सीधे जुड़ने और लोकतांत्रिक संस्थाओं में उनकी भागीदारी के महत्व को उजागर करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा माना जा रहा है।

इससे पहले श्री मोदी ने सोमवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरुवार को संसद में लाये जाने वाले संशोधन विधेयक को 21 वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय करार दिया और कहा कि यह पूरी तरह से नारी शक्ति को समर्पित है। प्रधानमंत्री ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत की परिकल्पना और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। उन्होंने कहा, ''भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक लेने जा रहा है, एक ऐसा निर्णय जो नारी शक्ति को समर्पित है। श्री मोदी ने देश की हर मां, बहन और बेटी को आश्वस्त किया कि राष्ट्र उनकी आकांक्षाओं को समझता है और उनके सपनों को साकार करने के लिए हर आवश्यक कदम उठा रहा है। देश की नारी शक्ति ने कड़ी मेहनत, साहस और आत्मविश्वास के बल पर नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमें सामूहिक रूप से इस शक्ति को नई ऊर्जा प्रदान करनी चाहिए और उनके लिए अवसरों का विस्तार करना चाहिए।''

उल्लेखनीय है कि इस विधेयक को लेकर सरकार तथा विपक्ष के बीच पत्रों के आदान प्रदान से लेकर आरोप और प्रत्यारोप का दौर चल रहा है जहां सरकार इस विधेयक को समय की जरूरत बताते हुए जल्द से जल्द पारित कराने की कोशिश में है वहीं विपक्ष ने सरकार पर इसके जरिये पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगाया है।

# कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में भी मजबूत क्लिनिकल आधार जरूरी : डॉ सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चिकित्सा शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग के बावजूद मजबूत नैदानिक आधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि एआई एक सहायक उपकरण के रूप में उपयोगी है, लेकिन बिना मूलभूत चिकित्सा ज्ञान के इसका उपयोग डॉक्टरों को कमजोर बना सकता है।

श्री सिंह ने यह बात ''बाल गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, हेपेटोलॉजी और पोषण'' विषय पर आधारित पाठ्यपुस्तक के दूसरे संस्करण के विमोचन के दौरान कही। इस पुस्तक का संपादन अनुपम सिबल और डॉ. सरथ गोपालन ने किया है।

श्री सिंह ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से बढ़ते शोध और ज्ञान के बीच अवधारणा-आधारित शिक्षण और व्यावहारिक अनुभव बेहद जरूरी है। यदि डॉक्टर केवल तकनीक पर निर्भर रहेंगे, तो वे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रभावी इलाज करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। श्री सिंह ने चिकित्सा शिक्षा प्रणाली को समय-समय पर अपडेट करने की जरूरत पर भी बल दिया, ताकि नई तकनीकों और जटिल बीमारियों के अनुसार डॉक्टरों को तैयार किया जा सके। इस पुस्तक में 45 अध्याय शामिल हैं, जिनमें गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और यकृत संबंधी रोगों, आनुवंशिकी, एंडोस्कोपी और लिवर ट्रांसप्लांट जैसे विषयों को विस्तार से समझाया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, बाल रोग विशेषज्ञों के पास आने वाले लगभग 30 प्रतिशत बच्चे पाचन और यकृत से जुड़ी समस्याओं से प्रभावित होते हैं, जिससे इस क्षेत्र में विशेषज्ञता की आवश्यकता और बढ़ जाती है। यह पुस्तक बाल रोग विशेषज्ञों, प्रशिक्षुओं और चिकित्सा क्षेत्र के पेशेवरों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री साबित हो सकती है।

# महिला आरक्षण समय की जरूरत, उम्मीद है सभी इसका समर्थन करेंगे : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण विधेयक को जल्द से जल्द लागू किये जाने को समय की जरूरत बताते हुए उम्मीद जतायी है कि सभी राजनीतिक दल इस ऐतिहासिक कदम का समर्थन करेंगे। श्री शाह ने महिला आरक्षण को लागू करने से संबंधित विधेयक के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की नारी शक्ति को मंगलवार लिखे गये पत्र को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इस पर प्रतिक्रिया करते हुए यह बात कही है।

उन्होंने कहा ,'' महिला आरक्षण विधेयक समय की आवश्यकता है। यह हमारी नारी शक्ति का उचित अधिकार है कि वे नीति निर्माण में योगदान दें और राष्ट्र को सशक्त बनाएं। मोदी सरकार इस विधेयक



को लाने और लागू करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह एक ऐसा परिवर्तन है जो निश्चित रूप से बेहतर के लिए बिना किसी देरी के होना चाहिए।मुझे आशा है कि सभी लोग आगे आएंगे और इस ऐतिहासिक कदम का समर्थन करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने के लिए संसद में गुरुवार को लाये जाने वाले संशोधन विधेयक से पहले नारी शक्ति को लिखे पत्र में कहा है , ''यह भारत की नारी शक्ति के नाम मेरा पत्र है, जिसमें हम दशकों से लंबित इस कार्य को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहे हैं। अपने संदेश में श्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया और नीतिगत उपायों तथा निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में बढ़ी हुई भागीदारी के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने पर सरकार के ध्यान को रेखांकित किया है। उल्लेखनीय है कि सरकार विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जल्द से जल्द लागू करने के लिए इस में संशोधन के लिए गुरुवार को संसद में विधेयक लाने जा रही है।

# अंबेडकर के विचारों से प्रेरित है सरकार की योजनाएं : नितिन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि सरकार की योजनाएं बाबा साहब अंबेडकर के विचारों से प्रेरित है और इसी का अनुकरण करते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है।

श्री नितिन ने आज यहां भाजपा मुख्यालय में संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलित अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से बाबासाहेब को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय ने समावेशी विकास के जरिए विकसित भारत का सपना देखा था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार साकार करने का प्रयास कर रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अतीत में अंबेडकर को उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरकार बनने के बाद ही बाबासाहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने अंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का विकास, संविधान दिवस की शुरुआत और अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना जैसे कदम उठाकर उनके विचारों को सम्मान दिया है।

# पेज एक का शेष

## सड़क, रेलवे, अन्य...

यह लागू हो जाना चाहिए। यह देश की भावना है। यह नारी शक्ति की इच्छा है। यह न केवल महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि देश के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने समान नागरिक संहिता की दिशा में उत्तराखंड के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे संविधान की अपेक्षा बताया। साथ ही उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए सभी राजनीतिक दलों से इसे प्रभावी रूप से लागू करने में सहयोग की अपील की, ताकि महिलाओं को उनका अधिकार मिल सके। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को बैसाखी, बोहाग बिहू और पुथांडु की शुभकामनाएं भी दीं और आगामी चारधाम यात्रा के सफल आयोजन की कामना की। उल्लेखनीय है कि लगभग 213 किलोमीटर लंबे इस छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर में 10 इंटरचेंज, 3 रेलवे ओवर ब्रिज, 4 बड़े पुल और 12 वे-साइड सुविधाएं विकसित की गई हैं। परियोजना में उन्नत ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली भी शामिल है। वन्यजीव संरक्षण के लिए इसमें 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर, 8 पशु मार्ग और हाथियों के लिए विशेष अंडरपास बनाए गए हैं। दात काली मंदिर के पास 370 मीटर लंबी सुरंग भी इस परियोजना का हिस्सा है। इस प्रकार दिल्ली3देहरादून आर्थिक गलियारा न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा, बल्कि पर्यटन, व्यापार, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन के साथ समग्र विकास का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

## कनेक्टिविटी और...

उत्पादन को आगे बढ़ा रही है। अब इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में इन सभी उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी के जरिए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने का एक उत्कृष्ट माध्यम प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नया भारत विकास, सुशासन और सेवा का जो मॉडल स्थापित कर रहा है, उसे हम इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के माध्यम से भी देख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह अवसर हम सबके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में सामाजिक न्याय को धरातल पर उतारने वाले संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की आज 135वीं पावन जयंती है। उन्होंने संविधान के माध्यम से देश के हर नागरिक को चाहे वह किसी जाति का हो, किसी संप्रदाय का हो, किसी क्षेत्र का रहने वाला हो, महिला हो, पुरुष हो, बुजुर्ग हो या नौजवान, सभी को समान अधिकार देकर एक सशक्त भारत की नींव रखी। बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रधानमंत्री जी ने देश में 'पंचतीर्थ' का निर्माण कराया। उनकी प्रेरणा से हमारी सरकार ने भी तय किया है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, सद्गुरु रविदास जी महाराज, महर्षि वाल्मीकि समेत सामाजिक न्याय के प्रणेता महापुरुषों की जहां-जहां मूर्तियां स्थापित हैं, वहां यदि बाउंड्री वॉल या मूर्ति के ऊपर छत नहीं है तो सरकार आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराकर इन कार्यों को पूर्ण कराएगी। इस कार्य की शुरुआत होने जा रही है। यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों को एक सूत्र में जोड़ते हुए प्रधानमंत्री जी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा, सुशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और निवेश का नया केंद्र बनकर उभरा है। 'डबल इंजन' सरकार की ताकत क्या होती है, यह आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। चाहे उत्तराखंड हो, उत्तर प्रदेश हो या दिल्ली, अब बड़े से बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में कोई दुविधा नहीं है। आज सहारनपुर में मां शाकुंभरी के नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित हो चुका है। सरसावा में सिविल टर्मिनल समेत एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। अब सहारनपुर का कोई नौजवान यदि फिल्मों में अपना करियर बनाना चाहता है तो जेवर में फिल्म सिटी का निर्माण भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह क्षेत्र भी अपनी प्रतिभा को समाज के सामने प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विकास होता है, तो उसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। मैं देख रहा था कि मां शाकुंभरी कॉरिडोर कितना भव्य बन रहा है। नवरात्रि से ठीक पहले मैं उसका निरीक्षण करने के लिए आया था। यह तभी संभव होता है, जब ऐसी सरकार हो जो विरासत का संरक्षण भी करती हो और विकास कार्यों को बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके आगे बढ़ाती हो। जो लोग समाज को बांटने का काम करते हैं, जाति के नाम पर, परिवारवाद के नाम पर, जो वैमनस्यता फैलाते हैं, वे कभी विकास के बारे में नहीं सोच सकते। जिन लोगों ने समाज को विभाजित किया, जो अराजकता में विश्वास रखते हैं, जिन्होंने प्रदेश की पहचान पर संकट खड़ा किया, माफियाओं को प्रश्रय दिया और दंगों-कर्फ्यू को बढ़ावा दिया, उनसे यह उम्मीद करना कि वे विकास करेंगे, नौजवानों को रोजगार देंगे या किसानों के लिए काम करेंगे, अपने आप में एक दिवास्वप्न है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने सहारनपुर, मेरठ और बागपत में सुदृढ़ इंडस्ट्रियल व हाउसिंग क्लस्टर विकसित करने का निर्देश दिया है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यहां के कृषि उत्पादों को न केवल देश की राजधानी लखनऊ और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक, बल्कि गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़कर आगे वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में भी सहायता मिलेगी। इससे हमारे अन्नदाता किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बाबा साहेब की पावन जयंती पर सहारनपुर वासियों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से यह कॉरिडोर प्राप्त हो रहा है। पहले यह मार्ग अत्यंत कठिन हुआ करता था। डाट काली मां के स्थान से जुड़ा यह मार्ग अक्सर अवरुद्ध हो जाता था। बरसात के दिनों में तो पूरा आवागमन ठप हो जाता था। देहरादून के लोग इधर नहीं आ पाते थे और सहारनपुर सहित अन्य जनपदों के लोग इस मार्ग से देहरादून नहीं पहुंच पाते थे। उन्हें हरिद्वार वाले मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। इसीलिए आज हम सब यहां प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए हैं। विकास की रफ्तार और विरासत का संरक्षण, दोनों को साथ लेकर डबल इंजन सरकार बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल, प्रभारी मंत्री सुनील शर्मा, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सम्राट चौधरी होंगे ...

वर्ष 1999 में वे राबड़ी देवी की सरकार में कृषि मंत्री बने। उस समय उनकी कम उम्र को लेकर विवाद भी हुआ था। हालांकि, उनके राजनीतिक जीवन का निर्णायक मोड़ तब आया जब उन्होंने समाजवादी धारा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। वर्ष 2018 में भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने तेजी से संगठन और सत्ता दोनों में अपनी पकड़ मजबूत की। 2019 में वे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने, 2020 में विधान परिषद सदस्य चुने गए और 2022 में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिली। वर्ष 2023 में उन्हें बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, जो उनके राजनीतिक करियर का अहम पड़ाव साबित हुआ। इसके बाद 2024 में वे उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री बने तथा बाद में गृह विभाग की जिम्मेदारी भी संभाली। नवंबर 2025 में दोबारा उपमुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया और कई बड़े फैसले लिए। गृह मंत्री के रूप में सम्राट चौधरी ने अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई की नीति अपनाई। उन्होंने अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया–छ्या तो अपराध छोड़ो या बिहार। बेगूसराय में गैंगस्टर शिवदत्त राय पर हुई कार्रवाई को लोगों ने कड़े प्रशासनिक रुख के रूप में देखा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'अभय ब्रिगेड' और 'पिंक पुलिसिंग' जैसी पहल शुरू की गई। साथ ही डायल 112 के रिस्पॉन्स टाइम को 10 मिनट से कम करने के निर्देश दिए गए। अवैध खनन और भू-माफियाओं के खिलाफ उनकी सख्ती ने उन्हें भाजपा नेतृत्व के बीच मजबूत स्थान दिलाया।

## जंग से 25 लाख करोड़ ...

ध्यान देना चाहिए। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अल-अंसारी ने कहा कि इस रास्ते पर पहले कभी कोई बड़ी समस्या नहीं रही है, इसलिए अभी फोकस सुरक्षित आवाजाही पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध का असर पूरी दुनिया में ऊर्जा की कीमतों पर पड़ रहा है, लेकिन कतर इस स्थिति से संभल जाएगा। कतर ने लेबनान पर हो रहे हमलों की आलोचना की और कहा कि वह तनाव कम करने की कोशिशों का समर्थन करता है। लेबनान के एक अधिकारी ने कहा है कि इजराइल के साथ होने वाली बातचीत में उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता सीजफायर है। उन्होंने साफ किया कि वॉशिंगटन में लेबनान के राजदूत को सिर्फ इसी मुद्दे पर बात करने की जिम्मेदारी दी गई है। आज की बैठक को सिर्फ शुरुआत माना जा रहा है, जिसमें आगे की बातचीत का रास्ता तय होगा। बाकी मुद्दों पर चर्चा बाद में होगी, जब बातचीत पूरी तरह शुरू होगी। अधिकारी ने यह भी कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री की मौजूदगी से साफ है कि अमेरिका इस प्रोसेस का समर्थन कर रहा है। साथ ही अमेरिका के साथ बातचीत भी फिलहाल सकारात्मक चल रही है।

## अमेरिका–ईरान वार्ता ...

जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोला, तो अमेरिका के साथ उनकी बातचीत का आधार बदल जाएगा। इस्लामाबाद वार्ता में अमेरिकी टीम का नेतृत्व करने वाले श्री वेंस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ईरान से समृद्ध यूरेनियम को पूरी तरह वापस चाहता है ताकि अमेरिका का उस पर पूरा नियंत्रण रहे। श्री वेंस ने कहा, ''हमें निश्चित रूप से परमाणु सामग्री को ईरान से बाहर निकालने की आवश्यकता है। हम चाहते हैं कि वह सामग्री पूरी तरह से देश से बाहर हो ताकि अमेरिका का उस पर नियंत्रण हो। यह हमारी पहली प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम समझौते की घोषणा के बाद 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में वार्ता शुरू हुई थी। हालांकि, 12 अप्रैल की सुबह वेंस ने घोषणा की थी कि दोनों देश किसी समझौते पर नहीं पहुँच सके हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी सौदे के वापस लौट रहा है। इससे पहले 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने तेहरान सहित ईरान के विभिन्न ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने भी इजराइली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए थे।

## राजस्व रिकॉर्ड पूरी...

प्रमाणित प्रतियां केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ही जारी की जाएंगी। इस व्यवस्था से दलालों और तहसील में होने वाली अनावश्यक देरी पर लगाम लगेगी। अब एक क्लिक पर प्रमाणित प्रति मिलने से न केवल समय बचेगा, बल्कि धोखाधड़ी की संभावना भी कम होगी। इन सभी अभिलेखों को देखने और उनकी प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए एक विशेष वेबसाइट https://lucknowbhulekh.in तैयार की गई है। अभियान की तरह हुआ प्रयासरिकॉर्ड ऑनलाइन करने की प्रक्रिया 2016 में शुरु हो गई थी। मौजूदा एडीएम प्रशासन शुभी सिंह ने इसे अभियान की तरह रखा। कोर्ट, बैठकों और निरीक्षण से अलग इसके लिए समय निकाला। आखिर में वेबसाइट की दिक्कत सामने आ गई नहीं तो 27 जनवरी को ही लॉन्च होना था। आखिरकार यह समस्या भी दूर हो गई और अब रिकॉर्ड ऑनलाइन हो गए।

## स्टेट गेस्ट हाउस में ...

जनपदों में एक-एक, फिर सभी उन स्थानों पर, जहां सार्वजनिक भूमि पर बाबा साहेब की प्रतिमाएं हैं, वहां बाउंड्रीवाल व मूर्ति का छत्र बनाने के कार्यों का शिलान्यास किया गया है। इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मंत्री असीम अरुण को दी गई है। बाबा साहेब, संत रविदास, महात्मा ज्योतिबा फुले, महर्षि वाल्मीकि, बिजली पासी, सातन पासी समेत सामाजिक न्याय के लिए कार्य करने वाले हर महापुरुष को हम सम्मान देंगे, जिनके कारण समाज मजबूती से टिका है। यह कार्यक्रम इसलिए हो रहा है कि महापुरुषों की मूर्तियां सुरक्षित रहें, गरीब-वंचित-दलित समाज का व्यक्ति जाकर सम्मान व्यक्त कर सके और कोई उपद्रवी मूर्तियों को नुकसान न पहुंचा सके। खास-खासकेजीएमयू, भाषा विवि व कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम क्यों बदलाहमारी सरकार ने संत रविदास के प्रति जापित की कृतजताहमारी सरकार बना रही डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक व शोध केंद्रबाबा साहेब के दर्शन व कृतित्व से लेनी चाहिए प्रेरणा 55 वर्ष से भटकते 4356 वंचित लोगों को लखीमपुर में दिया जमीन का मालिकाना हकइस अवसर पर आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, महापौर सुषमा खर्कवाल, आंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज, महामंत्री अमरनाथ प्रजापति, कोषाध्यक्ष डॉ. सत्या दोहरे आदि की मौजूदगी रही।

## नोएडा में मंगलवार...

क्लियो काउंटी सोसाइटी के पास श्रमिकों ने पथराव कर तोड़फोड़ भी की है। श्रमिकों ने पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाया है। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को काबू किया। नगर के सेक्टर 70 के अलावा सेक्टर 80 में भी सुबह श्रमिक बेहद उग्र दिखे। सेक्टर 80 में कई फैक्टरियों के बाहर जुटे प्रदर्शनकारियों ने कानून को हाथ में लेने की कोशिश की। हालांकि, पहले से सतर्क पुलिस ने स्थिति को ज्यादा बिगड़ने नहीं दिया। सेक्टर 70 में पथराव करने वाले 15 से अधिक लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि आज सुबह से ही विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांति बनी हुई है। उन्होंने श्रमिकों से अपील किया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने वेतन बढ़ोतरी और उनकी अन्य मांगों को मान लिया है। अब सभी शांतिपूर्वक काम पर लौट आएं। अपर पुलिस आयुक्त ने कहा कि उपद्रव करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार और आज हो रहे प्रदर्शन के दौरान उपद्रव करने वालों की पहचान वीडियो क्लिप के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया जा रहा है। पुलिस ने अभी तक 300 से ज्यादा उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। अभी तक कुल 7 एफआईआर दर्ज हुई है। 2 एक्स हैंडल पर भी भ्रामक खबर फैलाने पर मुकदमा हुआ है। पुलिस ने माहौल की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी है। जिला प्रशासन के अनुसार सोमवार के हिंसक प्रदर्शन के बाद 24 घंटे के भीतर सरकार ने सभी श्रेणियों के मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ा दी है और संशोधित दरें एक अप्रैल से प्रभावी की हैं। गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि मजदूरी में उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने वृद्धि की है। इस फैसले को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कल देर रात मंजूरी दे दी।' उन्होंने बताया कि गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में अकुशल श्रमिकों को अब 11,313 रुपये प्रति माह के बजाय 13,690 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे, जबकि अर्ध-कुशल श्रमिकों को 15,059 रुपये और कुशल श्रमिकों को 16,868 रुपये न्यूनतम मजदूरी दी जाएगी। अन्य नगर निगम क्षेत्रों में संशोधित मासिक वेतन अकुशल श्रमिकों के लिए 13,006 रुपये, अर्धकुशल श्रमिकों के लिए 14,306 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 16,025 रुपये तय किया गया है। शेष जिलों में अकुशल श्रमिकों को 12,356 रुपये प्रतिमाह, अर्धकुशल श्रमिकों को 13,591 रुपये और कुशल श्रमिकों को 15,224 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे।

## एक अप्रैल से लागू ...

निराधार हैं। अंतरिम वेतन वृद्धि के तहत अकुशल श्रमिकों का वेतन 11313 से बढ़ाकर 13690, अर्धकुशल श्रमिकों का 12445 से बढ़ाकर 15059 तथा कुशल श्रमिकों का 13940 से बढ़ाकर 16868 कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य नगर निगम क्षेत्रों और जनपदों में भी श्रेणीवार वेतन में वृद्धि लागू की है । सरकार ने संकेत दिया है कि आगामी माह में वेज बोर्ड का गठन किया जाएगा, जिसकी सिफारिशों के आधार पर न्यूनतम वेतन का स्थायी निर्धारण किया जाएगा। साथ ही श्रमिकों के स्वास्थ्य, पेंशन और बच्चों की शिक्षा से जुड़ी योजनाओं पर भी विचार किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शालीमार बाग में दो वॉटर एटीएम का किया उद्घाटन**



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि बाबा साहब का संघर्षमय जीवन और उनके विचार हमारी सरकार की सेवा यात्रा के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम बाबा साहब के सामाजिक न्याय के स्वप्न को साकार करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार दलितों, पिछड़ों और वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब के 'शिक्षित बनो' के आह्वान को आधार बनाकर हम वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आधुनिक शिक्षा के अवसर सुनिश्चित कर रहे हैं और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम बाबा साहब के समानता और सम्मान के आदर्शों के अनुरूप एक ऐसी समावेशी दिल्ली के निर्माण के लिए कृतसंकल्पित हैं, जहां हर नागरिक को आगे बढ़ने का समान अवसर मिले। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण और कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज अंबेडकर जयंती के अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा के जीपी ब्लॉक एवं बेरीवाला बाग ब्लॉक में वॉटर एटीएम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या 55, 56 और 57 में 7 स्थानों पर स्थापित ये वॉटर एटीएम सुनिश्चित करेंगे कि हर परिवार तक स्वच्छ पेयजल सम्मानपूर्वक पहुंचे। वॉटर एटीएम की प्रति घंटे 2000 लीटर शुद्ध पानी की उपलब्धता है। वाटर एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 20 लीटर पेयजल ले सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शालीमार बाग को आदर्श विधानसभा बनाने के लिए हमारा काम लगातार जारी है, ताकि हर नागरिक को सुविधा भी मिले, सम्मान भी मिले और विकास हर घर तक पहुंचे। इस अवसर पर पार्षद अनीता जैन, अमित नागपाल, जिलाध्यक्ष अजय खटाना, मंडल अध्यक्ष नीतीश जैन, नरेश जैन उपस्थित रहे।

# मंत्री सिरसा ने डिपॉजिट रिटर्न स्कीम लागू करने की संभावनाओं का अध्ययन करने के निर्देश दिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पर्यावरण विभाग को नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे की समस्या से निपटने के लिए डिपॉजिट रिटर्न स्कीम (डीआरएस) लागू करने की संभावनाओं पर विस्तृत अध्ययन करने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी एक विज्ञप्ति के जरिए दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक, पर्यावरण मंत्री सिरसा की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्लास्टिक और अन्य कचरे से जुड़ी गंभीर समस्या पर चर्चा की गई। यह कचरा नालों को जाम कर रहा है, जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है, मिट्टी को नुकसान पहुंचा रहा है और खुले में जलने से वायु प्रदूषण बढ़ा रहा है। बैठक के दौरान सिरसा ने कहा कि यह योजना अन्य राज्यों में सफल रही है और दिल्ली को भी अपने शहरी चुनौतियों के अनुसार इसे अपनाने पर विचार करना चाहिए, ताकि जल्दी और ठोस परिणाम मिल सकें। मंत्री ने इस संबंध में स्टैंडिंग ऑर्डर जारी करते हुए पर्यावरण विभाग को कहा कि वे इन मॉडलों का विस्तृत अध्ययन करें, दिल्ली के लिए उपयुक्त डीआरएस ढांचा तैयार करें और फाइनेंशियल मैकेनिज्म, संस्थागत व्यवस्था, स्टेकहोल्डर्स की जिम्मेदारियों और लागू करने की रणनीति को शामिल करते हुए एक व्यापक प्रस्ताव एक महीने के भीतर तैयार करें। सिरसा ने इस पहल के जनहित पहलू पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों, व्यवसायों और रीसाइक्लर्स को साथ लेकर डीआरएस न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दिल्ली को स्वच्छ और हरित बनाने में मदद करेगा। यह पहल प्रदूषण-मुक्त भविष्य के लिए दिल्ली सरकार की नवाचारी और जन-केंद्रित सोच को दर्शाती है। डिपॉजिट रिटर्न स्कीम : डिपॉजिट रिटर्न स्कीम (डीआरएस) एक इंसेंटिव आधारित सिस्टम है, जिसमें प्लास्टिक बोतल या पैकेजिंग जैसी कुछ वस्तुओं पर खरीद के समय एक छोटा रिफंडेबल डिपॉजिट लिया जाता है। जब उपभोक्ता इन खाली वस्तुओं को निर्धारित कलेक्शन पॉइंट्स जैसे दुकानों या रीसाइक्लिंग सेंटर पर वापस करते हैं, तो उन्हें यह राशि वापस मिल जाती है। इससे कचरे का सही तरीके से अलग-अलग संग्रह और रीसाइक्लिंग बढ़ती है और इधर-उधर फेंका जाने वाला कचरा कम होता है। गोवा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में डीआरएस लागू किया गया है, जहां इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर समानता और सामाजिक न्याय के दृढ़ समर्थक रहे : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर समानता और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक रहे। उन्होंने यह विचार आज दिल्ली विधान सभा परिसर में आयोजित डॉ. अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद व्यक्त किए। बाबा साहेब की महान विरासत का उल्लेख करते हुए गुप्ता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। उन्होंने संविधान को एक अद्वितीय और दूरदर्शी दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह आज भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिनमें महिला सफाई कर्मी भी शामिल थीं। उनकी उपस्थिति डॉ. अंबेडकर के प्रति समाज के सभी वर्गों में व्याप्त गहरे सम्मान और श्रद्धा को दर्शाती है। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि अंबेडकर के आदर्श और दृष्टि आज भी एक समावेशी, न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शासन और सार्वजनिक जीवन में इन सिद्धांतों को आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। विजेंद्र गुप्ता ने यह भी उल्लेख किया कि अंबेडकर की जयंती को उनके महान योगदान के सम्मान में राजपत्रित अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित अंबेडकर को समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनके अद्वितीय योगदान के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।

### अमृतसर में छह अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपी गिरफ्तार कर छह अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाकिस्तान आधारित तस्करों के संपर्क में थे, जो अवैध हथियारों की तस्करी की सुविधा प्रदान करते थे और उन्हें आपराधिक तत्वों को सप्लाई करते थे। हथियारों की खेप (कंसाइनमेंट) प्राप्त करने के बाद उन्हें पूरे पंजाब में आपराधिक गिरोहों को आगे पहुँचाया जाता था।

### विशुआ पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान विशु को अर्पित किया दूध

**भागलपुर।** जिले के सबौर प्रखंड स्थित भिट्ठी गांव में विशुआ पर्व के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। इस पावन मौके पर ग्रामीणों ने भगवान विशु को दूध अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां हर उम्र के लोग भक्ति में लीन नजर आए। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पूजा का विशेष महत्व है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि सच्चे मन से यहां कुछ भी मांगा जाए, तो भगवान विशु उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। इसी आस्था के कारण हर साल विशुआ पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने इस अवसर पर विशू बाबा से जुड़ी कई लोक मान्यताओं को भी साझा किया। उनका कहना है कि विशू बाबा का जन्म सबौर के भिट्ठी गांव में ही हुआ था, जबकि उनका पालन-पोषण मधेपुरा के पचरासी में हुआ। मान्यता के अनुसार, उनकी मृत्यु के बाद एक चमत्कारिक घटना घटी, जब गाय-बकरियों के दूध की धारा बह निकली और वह गंगा में समाहित हो गई। बताया जाता है कि यह धारा बाबूपुर मोड़ तक पहुंची, जिसके बाद लोगों को इस दिव्य घटना का एहसास हुआ। विशुआ पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, ध्यान और वंदना के साथ भगवान विशु और विशू बाबा की आराधना की। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को भी जीवंत बनाए रखा।

### गौरीकुंड में स्थित गौरी माई के कपाट विधिविधान से खुले

**गुप्तकाशी।** केदारनाथ यात्रा के अहम पड़ाव गौरीकुंड में स्थित मां गौरी माई मंदिर के कपाट मंगलवार को प्रातः आठ बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के दौरान सैकड़ों भक्तों ने मां गौरी का आशीष लिया। वैशाखी के पावन पर्व प्रातः गौरी गांव में पुजारी ने पूजा अर्चना के पश्चात माता की भोग मूर्तियों को कंडी में रख कर गांव से गौरीकुंड स्थित गौरीमाई मंदिर तक लाया गया। गौरी माई की मूर्तियां आठ बजे मंदिर पहुंची और बाद ओं कुल पुरोहित, मंदिर समिति एवं हक हकूकधारियों की मौजूदगी में मंदिर के कपाट छह माह के लिए भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस मौके पर ग्रामीणों ने भक्तों को प्रसाद का भी वितरण किया। मंदिर मठपति संपूर्णानंद गोस्वामी ने बताया कि प्रातः पूजा अर्चना के बाद माता की भोग मूर्तियों को गौरी गांव मंदिर से गौरीकुंड गौरीमाई मंदिर लाया गया। इसके बाद गौरी माई मंदिर के कपाट लोगों के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस दौरान मंदिर प्रबंधक कैलाश बगवाड़ी, सरपंच मुकेश गोस्वामी, सुशील गोस्वामी, संदीप गोस्वामी, गणेश गोस्वामी, दामोदर गोस्वामी, दीर्घायु गोस्वामी, कैलाश गोस्वामी सहित तमाम ग्रामीण, व्यापारी एवं मंदिर समिति कर्मचारी मौजूद रहे।

### किशनगंज में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता 7300 से अधिक सिलेंडर स्टॉक में: डीएम

**किशनगंज।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। मंगलवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि किशनगंज जिला अंतर्गत एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति की स्थिति पूर्णतः सामान्य बनी हुई है। डीएम ने बताया कि वर्तमान में जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक 7300 से अधिक है। गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ता घर बैठे बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें पूर्व की भांति दो से तीन दिनों के भीतर होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है। साथ ही कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के लिए धावा दल द्वारा नियमित रूप से छापेमारी भी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन दो पालियों में सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संचालित हो रहा है। कंट्रोल रूम का दूरभाष संख्या 06456-225152 जारी किया गया है।

## बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि

पटना। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के समीप आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवा निवृत्त) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# बाबा साहेब का जीवन न्याय के आदर्शों की स्थापना के लिए रहा समर्पित : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के आदर्शों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए बाबा साहेब द्वारा किए गए कार्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के विचार एक सशक्त,समावेशी एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता एवं समानता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और कैबिनेट मंत्री मंत्री खजान दास ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को गढ़ी कैंट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ.अंबेडकर महान समाज सुधारक और संविधान निर्माता थे। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया और सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर समानता की स्थापना के लिए संविधान का मार्ग अपनाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया तथा महिला सशक्तिकरण में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

## सुल्तानपुरी में चाकूबाजी से नाबालिग की हत्या

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जहां कुछ नाबालिगों ने एक दूसरे नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को बताया कि 13 अप्रैल को थाना सुल्तानपुरी में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें सूचना दी गई कि ई-2/238, सुल्तानपुरी निवासी एक लड़के को चाकू मार दिया गया है। घायल अवस्था में उसे तुरंत संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया कि मृतक का अपने ही इलाके के कुछ लड़कों से पहले से मामूली बातों को लेकर विवाद चल रहा था, जिसकी कभी पुलिस में शिकायत नहीं की गई। घटना वाले दिन शाम को मृतक का सामना नाबालिग आरोपितों से हो गया। इसी दौरान पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही हिंसक झगड़े में बदल गई।

# दिल्ली में नकली कॉस्मेटिक बनाने वाला बड़ा गिरोह बेनकाब, मास्टरमाइंड समेत चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी में नकली कॉस्मेटिक उत्पाद बनाकर बाजार में सप्लाई करने वाले एक संगठित गिरोह का दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में सरगना समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नकली सामान, कच्चा माल और मशीनरी बरामद की है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने मंगलवार को बताया कि सात अप्रैल को दर्ज एफआईआर संख्या 74/26 के तहत कार्रवाई करते हुए संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, बादली में छापा मारकर इस अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यहां से पुलिस ने करीब 20 हजार से अधिक नकली उत्पाद, जिनमें वीट हेयर

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

रिमूवल क्रीम के भरे हुए ट्यूब, पैक्ड यूनिट, खाली ट्यूब, रैपर, कार्टन और केमिकल बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों में रोशन आरा रोड निवासी नीरज गुप्ता (40), समालखा (हरियाणा) निवासी रवि (31), वेस्ट पटेल नगर निवासी सुरेश कुमार राजपूत (56) और बवाना निवासी दिनेश चंद्र सती (54) शामिल हैं। इनमें नीरज गुप्ता इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड है। जांच में सामने आया है कि आरोपित पिछले करीब दो साल से नकली कॉस्मेटिक उत्पाद बनाने और सप्लाई करने का धंधा चला रहे थे। कम मुनाफ़े के कारण नीरज गुप्ता ने असली ब्रांड की नकल कर नकली वीट क्रीम बनानी शुरू की। इसके लिए बादली में अवैध यूनिट स्थापित की गई, जहां घटिया केमिकल और मशीनों की मदद से बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाता था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार गिरोह के सदस्य अलग-अलग जिम्मेदारी निभा रहे थे। रवि पैकेजिंग मैटेरियल और रैपर की व्यवस्था करता था, जबकि सुरेश कुमार राजपूत बवाना स्थित अपनी फैक्ट्री में नकली ब्रांड के डिब्बे और प्रिंटिंग का काम करता था। दिनेश चंद्र सती इस यूनिट में सुपरवाइजर के तौर पर प्रिंटिंग और पैकिंग में सहयोग करता था।

## जयंती पर बाबा साहब को कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कांग्रेसजनों ने ज्वालापुर के मौहल्ला कडच्छ में अम्बेडकर चौक पर स्थित संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर बाबा साहब की जयंती सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर संगोष्ठी के आयोजन किया गया,जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी बलजीत सिंह और रमेश चंद कटारिया ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था शिक्षित बनो,संगठित रहो,संघर्ष करो तभी समाज के उद्धार होगा। अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तीर्थ पाल रवि और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी न कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने समाज में समानता और न्याय के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनका मानना था कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। इसीलिए आप अपने बच्चों को शिक्षित बनाए जिससे और एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक शर्मा और पार्षद सुनील कुमार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न केवल भारतीय संविधान का निर्माण किया,बल्कि समाज में फैली असमानता के खिलाफ भी आवाज उठाई उनका प्रसिद्ध संदेश शिक्षित बनो,संगठित रहो,संघर्ष करो आज भी हमें प्रेरित करता है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सैनी और पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपने संघर्ष से इतिहास बदल दिया। उन्होंने हर व्यक्ति को समान अधिकार दिलाने के लिए अथक प्रयास किए और शिक्षा को सबसे बड़ी ताकत बताया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिनाइयों के बावजूद सफलता पाई जा सकती है।

## बैसाखी पर्व पर हरिद्वार में आस्था का सैलाब गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पवित्र अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए हजारों श्रद्धालु हर की पौड़ी सहित गंगा के विभिन्न घाटों पर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। तडक़े सुबह से ही घाटों पर गंगा मैया की जय के जयकारे गूंजने लगे और श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बैसाखी के दिन गंगा स्नान, सूर्य पूजन और दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस दिन सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने से ऋतु परिवर्तन का संकेत मिलता है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। नारायणी शिला मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मनोज त्रिपाठी के अनुसार, इस दिन गंगा स्नान करने से हजारों वर्षों की तपस्या के बराबर पुण्य फल प्राप्त होता है। पर्व के मद्देनजऱ प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। पूरे मेला क्षेत्र को 10 जोन और 33 सेक्टर में विभाजित किया गया। पुलिस बल के साथ-साथ बम निरोधक दस्ता और जल पुलिस की तैनाती की गई है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद हवन-पूजन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कई स्थानों पर देव डोलियों को भी गंगा स्नान कराया गया, जिससे धार्मिक वातावरण और भी श्रद्धामय हो गया। बैसाखी पर्व के कारण हरिद्वार के बाजारों में भी खास रौनक देखने को मिली। श्रद्धालुओं की भीड़ से शहर जीवंत नजर आया और विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला दिनभर जारी रहा। स्नान पर्व पर भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

# अंबेडकर जयंती पर निकली गई शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर। जिले में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर मंगलवार को जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शहर में आस्था, सम्मान और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। शोभायात्रा नगर निगम भागलपुर परिसर के पास से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए शहर का भ्रमण किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल लोग हाथों में बैनर और झंडे लिए बाबा साहेब के विचारों का प्रचार-प्रसार करते नजर आए। ञ्शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करोङ्क जैसे नारों के साथ लोगों ने सामाजिक एकता और समानता का संदेश दिया।

इस दौरान युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। वहीं, अंबेडकर जयंती के अवसर पर शहर के कई शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता शामिल रहे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों और युवाओं को बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान से अवगत कराया गया। बरारी स्थित अंबेडकर भवन परिसर में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

M. 7007568791
दीमक,सीलन जड़ से खत्म
चूहा, चींटी, काकरोच से पायें छुटकारा
मात्र-500/- से 15
ROYAL HOME PEST CONTROL SERVICES, LKO.

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063